अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 12°C
सेंसेक्स 77,414.92
निफ्टी 23,519.35
सोना 92,115
चांदी 1,04,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

बरेली, रविवार 30 मार्च 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 125 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 29 रमजान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## 29वां रोज़ा

### दुआ का पैगाम देता है माहे रमज़ान का आखिरी दिन



आज उन्तीसवां रोज़ा है। अगर ईद का चांद आज शाम को नज़र आता है, तो माहे-रमज़ान के आखिरी अशरे यानी दोजख से निजात के अशरे का यह आखिरी रोज़ा होगा, लेकिन आज चांद नजर नहीं आता है, तो इंशाअल्लाह कल तीसवां और आखिरी रोज़ा होगा यानी सवाब का एक और दिन। उन्तीसवां रोज़ा रमज़ान की रुखसत के इशारे के साथ रोज़ेदारों और नेक बंदों से अल्लाह पर ईमान के साथ दुआ का पैगाम दे रहा है। माहे-रमज़ान में रोज़े रखते हुए तिलावते कुरआन करते हुए इबादत करते हुए अनजाने में जो भूलें या गलतियां हुई हैं, रोज़ेदार की किसी बात से किसी का दिल दुख गया हो। फर्ज में कोई कमी रह गई हो, न चाहते हुए भी यानी जब्त करने के बाद भी गुस्सा आ गया हो, वादाखिलाफी हो गई हो। अनजाने ही कोई कोताही हो गई हो, तो तौबा-ए-अस्तगफार करके अल्लाह से अपने मां-बाप, मुल्क और दुनिया की भलाई के लिए कसरत से दुआ मांगनी चाहिए।




### सऊदी अरब में हुआ चांद का दीदार भारत में कल मनाई जाएगी ईद

**नई दिल्ली।** सऊदी में ईद का चांद नजर आ गया है। सऊदी अरब में अब 30 मार्च (आज) को ईद-उल-फितर मनाई जाएगी। 29 मार्च को सऊदी अरब में ईद का चांद नजर आने का लोगों को बड़ी बेसब्री से इंतजार था, जो कि अब खत्म हुआ और ईद का चांद नजर आ गया। वहीं, भारत में 30 मार्च को चांद नजर आएगा और ईद-उल-फितर 31 मार्च 2025, सोमवार को मनाई जाएगी। हर बार भारत से एक दिन पहले सऊदी अरब में ईद मनाई जाती है। इसकी सबसे बड़ी वजह ये है कि सऊदी अरब में रमजान एक दिन पहले यानी 1 मार्च से शुरू हुआ था, तो वहीं, भारत में रमजान की शुरुआत 2 मार्च से हुई थी। इस्लामिक कैलेंडर चांद के मुताबिक चलता है और हर हिजरी महीने की शुरुआत चांद दिखने से तय होती है। ईद-उल-फितर इस्लामी महीने शव्वाल की पहली तारीख को मनाई जाती है।

### आयुष्मान भारत योजना में 36.9 करोड़ कार्ड बने

**नई दिल्ली।** देश की स्वास्थ्य क्षेत्र की प्रमुख आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) के अंतर्गत 36.9 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने संसद में पेश एक रिपोर्ट में कहा है कि आयुष्मान भारत योजना देश में स्वास्थ्य सेवा का परिदृश्य बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है ।

# म्यांमार त्रासदी: मौत का आंकड़ा 1644 पहुंचा

## 3400 घायल, म्यांमार में फिर आया 5.1 तीव्रता का भूकंप, दो दिन में 5 से ज्यादा तीव्रता के भूकंप आए

नेपीदा, वार्ता

**म्यांमार में** शनिवार दोपहर 3.30 बजे फिर भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.1 मापी गई। इस तरह 2 दिन में 5 से ज्यादा तीव्रता वाले तीन भूकंप आ चुके हैं। शुक्रवार को 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद म्यांमार में भारी तबाही हुई है। मौत का आंकड़ा 10 हजार से ज्यादा हो सकता है। यह आशंका यूनाइटेड स्टेट जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) ने जताई है।

भूकंप के झटके थाईलैंड, बांग्लादेश, चीन और भारत तक महसूस किए गए थे। म्यांमार के पड़ोसी देश थाईलैंड में कम से कम 10 लोग मारे गए हैं और 100 से अधिक लोग लापता हैं, उनमें से कई बैंकॉक में एक 30 मंजिला इमारत के मलबे में फंसे हुए हैं। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक म्यांमार की सैन्य सरकार ने कहा है कि मरने वालों का आंकड़ा 1,644 हो चुका है, जबकि 3400 से ज्यादा लोग घायल हैं। म्यांमार में शुक्रवार सुबह 11.50 बजे 7.7 तीव्रता का भूकंप आया। म्यांमार और थाईलैंड में यह 200 साल का सबसे बड़ा भूकंप है। भारी तबाही के चलते म्यांमार के 6 राज्यों और पूरे थाईलैंड में इमरजेंसी लगा दी गई है। संयुक्त राष्ट्र ने रिलीफ प्रोग्राम शुरू करने के लिए म्यांमार को 5 मिलियन डॉलर (43 करोड़ रुपये) दिए। रूस के इमरजेंसी मंत्रालय ने 120 बचावकर्मियों और जरूरी सामान के साथ दो विमानों को भेजा है। चीन की रेस्क्यू टीम सबसे पहले पहुंची। हॉन्ग कॉन्ग, सिंगापुर और मलेशिया भी रेस्क्यू टीम भेजेंगे। थाईलैंड में आए भीषण भूकंप के दौरान बैंकॉक के डाक्टरों ने हॉस्पिटल के बाहर सड़क पर एक बच्चे को जन्म दिलवाया। महिला बच्चे को जन्म देने के लिए हॉस्पिटल गई हुई थी, इसी दौरान भूकंप आ गया। इसके बाद डाक्टरों को हॉस्पिटल को खाली करना पड़ा। बैंकॉक शहर के अधिकारियों ने कहा कि उन्हें अब तक 2,000 से ज्यादा इमारतों के नुकसान की रिपोर्ट मिली है। इसके लिए वे 100 से ज्यादा इंजीनियरों को तैनात करने जा रहे हैं।



- यूनाइटेड स्टेट जियोलॉजिकल सर्वे को आशंका, 10 हजार से ज्यादा हो सकता है मौत का आंकड़ा
- पड़ोसी देश थाईलैंड में कम से कम 10 लोग मारे गए और 100 से अधिक लोग लापता

### भारत ने म्यांमार के लिए सहायता की पहली खेप भेजी

**नई दिल्ली।** भारत ने भूकंप से बुरी तरह प्रभावित म्यांमार के लोगों के लिए मानवीय सहायता की पहली खेप भेजी है। विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने शनिवार को यह जानकारी दी। डा. जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपने पोस्ट में लिखा कि वायुसेना का सी-130 विमान कंबल, तिरपाल, स्वच्छता किट, स्लीपिंग बैग, सोलर लैंप, भोजन के पैकेट और रसोई सेट लेकर जा रहा है। इस उड़ान के साथ एक खोज और बचाव दल और चिकित्सा दल भी है। हम घटनाक्रम पर नज़र रखना जारी रखेंगे और आगे और सहायता भेजी जाएगी।

### मोदी ने म्यांमार के वरिष्ठ जनरल से बात कर एकजुटता व्यक्त की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भीषण भूकंप से तबाह म्यांमार के वरिष्ठ जनरल मिन आंग फ्लाइंग से बात कर कहा है कि भारत इस कठिन समय में म्यांमार के लोगों के साथ खड़ा है और राहत सामग्री के साथ-साथ बचाव अभियान में भी मदद कर रहा है। श्री मोदी ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि म्यांमार के वरिष्ठ जनरल महामहिम मिन आंग फ्लाइंग से बात की। विनाशकारी भूकंप में हुई मौतों पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। एक करीबी दोस्त और पड़ोसी के रूप में, भारत इस कठिन समय में म्यांमार के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत आपदा राहत सामग्री, मानवीय सहायता, खोज और बचाव दल को प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से भेजा जा रहा है।

### यूपी से म्यांमार जाएंगे फील्ड अस्पताल के 118 मेडिकल स्टाफ

**नई दिल्ली।** भारत ने भूकंप प्रभावित म्यांमार की मदद के लिए ऑपरेशन ब्रह्मा शुरू किया है। यूपी के आगरा से 118 सदस्यों वाला फील्ड अस्पताल म्यांमार जाएगा। ऑपरेशन ब्रह्मा पर विदेश मंत्रालय ने बताया कि म्यांमार में भारत के राजदूत राहत और बचाव कार्यों का बेहतर समन्वय करने के लिए फिलहाल नेपीदा में हैं। सरकार के मुताबिक भारतीय समुदाय के किसी सदस्य के हताहत होने की अभी तक कोई खबर नहीं मिली है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि संकट के समय सबसे पहले मदद करना भारत की विदेश नीति का हिस्सा है।

# छत्तीसगढ़ के सुकमा में मुठभेड़, 17 नक्सली ढेर

सुकमा, वार्ता

- इंसॉस और एसएलआर समेत बड़ी मात्रा में हथियार बरामद दो जवान भी घायल

**छत्तीसगढ़ के** सुकमा जनपद में शनिवार सुबह सुरक्षाकर्मियों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ में अब तक 17 नक्सली मारे गए हैं। इंसास और एसएलआर समेत बड़ी मात्रा में हथियार बरामद हुए हैं। मरने वाले नक्सलियों की संख्या बढ़ सकती है। एक साल के अंदर अब तक 410 नक्सली मारे जा चुके हैं।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने अपडेट देते हुए बताया कि 17 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। दो जवानों को मामूली चोटें आई हैं। खबर है कि इस मुठभेड़ में डीवीसीएम जगदीश ढेर हो गया है। वहीं सुकमा एसपी किरण गंगाराम चव्हाण ने बताया कि हमने अब तक 17 नक्सलियों के शव बरामद किए हैं। बड़ी संख्या में एके-47, एसएलआर, इंसास राइफल और अन्य हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए गए हैं। दो जवानों को मामूली चोटें आई हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, एक अधिकारी ने कहा कि मुठभेड़ केरलापाल थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक जंगल में हुई है। मुठभेड़ उस वक्त हुई जब सुरक्षाबलों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। आगे बताया कि केरलापाल क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर शुक्रवार रात को अभियान शुरू हुआ। अभियान में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और सीआरपीएफ के जवान शामिल हैं। सुकमा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, जिला सुकमा के थाना केरलापाल क्षेत्र में माओवादियों के उपस्थिति की सूचना परब 28 मार्च को जिला सुकमा डीआरजी और सीआरपीएफ की संयुक्त पुलिस पार्टी नक्सल विरोधी सर्च अभियान में रवाना हुए हुई। अभियान के दौरान शनिवार सुबह सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ जारी है। मुठभेड़ स्थल और आस-पास क्षेत्रों की सुरक्षाबलों द्वारा सघन सर्चिंग जारी है।

### हथियार और हिंसा से बदलाव नहीं आ सकता: शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को छत्तीसगढ़ में 17 नक्सलियों को ढेर किए जाने पर सुरक्षा बलों को बधाई देते हुए शनिवार को संकल्प व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म कर दिया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में हम 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने हथियार रखने वालों से अपील की है कि हथियार और हिंसा से बदलाव नहीं आ सकता। केवल शांति और विकास ही बदलाव ला सकता है।

# डिजिटल अरेस्ट में बुजुर्ग दंपति ने की आत्महत्या

बेंगलुरु, वार्ता

- ठगों ने कर्नाटक में दिल्ली क्राइम ब्रांच का अधिकारी बन 50 लाख ठगे सुसाइड नोट से हुआ खुलासा

**कर्नाटक के** बेलगावी में एक बुजुर्ग दंपति ने डिजिटल अरेस्ट में 50 लाख रुपये की साइबर ठगी होने के बाद आत्महत्या कर ली। 83 साल के दियांगो नजारत ने गला काटकर जबकि उनकी पत्नी प्लेव्याना नजारत (79) ने जहर खाकर खुदकुशी की।

पुलिस के मुताबिक, ठगों ने बुजुर्ग दंपति से वीडियो कॉल पर संपर्क किया और खुद को दिल्ली क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताया। उन्होंने दंपति को झूठे आपराधिक मामले में फंसाने की धमकी दी और डिजिटल अरेस्ट कर 50 लाख रुपये ठग लिए। बेलगावी के एसपी भीमाशंकर गुलेद ने बताया कि पुलिस बैंक खातों की जांच कर रही है और ठगों की ओर से वसूली गई कुल रकम का पता लगाया जा रहा है। यह एक गंभीर मामला है और इसकी जांच की जा रही है। ठगों ने खुद को दिल्ली के टेलीकॉम विभाग और क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर बुजुर्ग दंपति को कॉल -शेष पृष्ठ दो पर

# प. बंगाल के मालदा में हिंसा 34 गिरफ्तार, इंटरनेट बंद

**मालदा।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के मोथाबाड़ी में 27 मार्च को दो गुटों के बीच हुई हिंसा मामले में 34 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया है। घटना के बाद से इलाके में इंटरनेट बंद है। आर्म्ड और रैपिड एक्शन फोर्स की तीन कंपनियां तैनात की गई हैं।

हिंसा को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट ने डीएम और एसपी से 3 अप्रैल तक एक्शन रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने कहा कि राज्य को सावधानी से काम करना चाहिए। साथ ही हिंसा से प्रभावित लोगों की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाने चाहिए। 26 मार्च को मोथाबाड़ी मस्जिद में नमाज हो रही थी। इस दौरान वहां से एक जुलूस गुजर रहा था, तभी कुछ लोगों ने धार्मिक नारे लगाए। 27 मार्च को दूसरे समुदाय ने इसका विरोध किया। स्थानीय लोगों के मुताबिक 27 मार्च को विरोध प्रदर्शन के दौरान लोगों के हाथ में धार्मिक झंडे थे। नारेबाजी कर रहे लोग अचानक हिंसक हो गए और दुकानों, घरों में तोड़-फोड़ की, सामान लूटा और सड़कों पर खड़ी गाड़ियों में आग लगा दी। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले दागे।



- उपद्रवियों ने दुकानें- गाड़ियां तोड़ीं, सामान लूटा, कलकत्ता हाईकोर्ट ने मांगी रिपोर्ट




# यूपी में यकायक बदला मौसम का मिजाज

- पश्चिमी उप्र और पूर्वांचल के जिलों में ठंडी हवाएं चलीं

**लखनऊ।** उप्र में एक बार फिर से मौसम ने यू-टर्न लिया है। शनिवार की सुबह से पश्चिमी उप्र और पूर्वांचल के जिलों में ठंडी हवाएं चल रही हैं। शुक्रवार की आंधी रात को कई जिलों में धूल भरी हवाएं चली थीं।

मौसम विभाग ने पहले ही शनिवार को मौसम में बदलाव की भविष्यवाणी की थी। देश के दूसरे राज्यों में हुए मौसम का बदलाव भी यहां देखने को मिल रहा है। प्रदेश में बीते दो से तीन दिनों में चुभने और जलने वाली गर्मी पड़ी थी। कई जिलों में तापमान 40 के आसपास पहुंच गया था। शुक्रवार को प्रयागराज और हमीरपुर में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया और लू जैसी स्थितियां रहीं। कई जिलों में अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया। वाराणसी, सुल्तानपुर, अमेठी जैसे शहरों में भी उष्ण दिवस रहा और तपिश से लोग बेहाल रहे। हालांकि 30 से 40 किमी रफ्तार से चली पछुआ के असर से तीखी गर्मी और तपिश बर्दाश्त करने लायक रही। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक रविवार को भी पछुआ की रफ्तार बनी रहेगी और पारे में थोड़ी सी गिरावट आएगी और तात्कालिक तौर पर तपिश से थोड़ी राहत मिलेगी। सोमवार से गर्मी फिर से सिर उठाएगी। अप्रैल की शुरुआत तपिश भरी धूप और गर्म हवा के थपेड़ों के साथ होगी।

# कुणाल कामरा के खिलाफ मुंबई में तीन नए केस दर्ज

**मुंबई।** स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा के खिलाफ मुंबई के खार पुलिस स्टेशन में 3 नए केस दर्ज किए गए हैं। ये केस महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे को लेकर दिए गए विवादित बयान से जुड़े हैं।

मुंबई पुलिस की ओर से शनिवार को दी गई जानकारी के मुताबिक, पहली शिकायत जलगांव की मेयर ने दर्ज करवाई है, जबकि बाकी 1-1 केस नासिक के दो अलग-अलग बिजनेसमैन ने किया है। केस में मुंबई पुलिस कुणाल कामरा से पूछताछ के लिए 2 समन जारी कर चुकी है। वहीं महाराष्ट्र विधान परिषद में भी कामरा के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस स्वीकार कर लिया गया है।



# नदियों की हालत देख चिंता होती है: जस्टिस नाथ

## दिल्ली पॉल्यूशन को लेकर कहा: बच्चे बाहर खेलने के लिए भी मास्क लगाएं, ये मंजूर नहीं



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ ने कहा कि देश की नदियां देखकर चिंता होती है। वे गंदगी से भरी पड़ी हैं। मैं जब इन नदियों के किनारों को देखता हूं, तो मुझे पुरानी बातें याद आती हैं। ये पानी कभी कितना जीवंत और शुद्ध था। हम इनका गौरव बचाने में असमर्थ हैं, ये चिंता का विषय है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में पॉल्यूशन का लेवल हर रोज हाई होता है। हम सभी का मानना है कि हमारे बच्चों का ऐसे वातावरण में बड़ा होना कतई मंजूर नहीं, जहां उन्हें बाहर खेलने के लिए भी मास्क की जरूरत, कम उम्र में सांस संबंधी बीमारियों की चिंता हो। शनिवार को जस्टिस नाथ दिल्ली में विज्ञान भवन में पर्यावरण पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन- 2025 के उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे थे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी थीं। कार्यक्रम में देश के अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी भी मौजूद थे। जस्टिस नाथ ने कहा कि हमें ऐसे समाधान तलाशने की जरूरत है, जो आर्थिक विकास और पर्यावरण की भलाई के बीच संतुलन बनाए रखें। सरकारी नीतियों को ग्रीन टेक्नॉलोजिस पर फोकस करना चाहिए। हमें एमिशन को रेग्यूलेट करने, क्लीन टेक्नॉलोजिस में इंवेस्ट करने और सस्टेनेबल ट्रांसपोर्ट ऑप्शन के लिए साथ आना चाहिए। जिससे हमें सांस लेने वाली हवा से समझौता नहीं करना पड़े और आर्थिक प्रगति हो। मैं जब इन नदियों के किनारों को देखता हूं, तो मुझे पुरानी बातें याद आती हैं चिंता होती है। ये पानी कभी कितना जीवंत और शुद्ध था। हम उन्हें उनकी नेचुरल प्राइड में कंजर्व करने में असमर्थ हैं। ये चिंता का विषय है।



## संक्षिप्त समाचार

### योगी ने नव सम्वत्सर व चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं दी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा सम्वत-2082 से प्रारम्भ भारतीय नव सम्वत्सर व चैत्र नवरात्रि पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं मंगलमय भविष्य की कामना भी की है। अपने बधाई सन्देश में मुख्यमंत्री ने कहा कि बासंतीय नवरात्रि प्रकृति और शक्ति की उपा. सना का पर्व है। इस पर्व में उपवास, प्रार्थना एवं ध्यान का विशेष महत्व है। बासंतीय नवरात्रि की प्रतिपदा से ही नववर्ष के पंचांग की गणना शुरू होती है। इस समय मौसम में परिवर्तन भी होता है इसलिए धर्म, अध्यात्म, ज्योतिष के साथ-साथ वैज्ञानिक दृष्टि से भी नवरात्रि का महत्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्रि का पर्व हमारे जीवन में एक नई उमंग, एक नए उत्साह के साथ-साथ समाज और राष्ट्र के प्रति रचनात्मक सोच पैदा करता है। शक्ति का अनुष्ठान रचनात्मक एवं सृजनात्मक कार्यों के प्रति हो, नवरात्रि के अवसर पर हम सभी को यही संकल्प लेना चाहिए।

### जामिया में नमाज पर प्रतिबंध, एमएमयू ने की निंदा

**श्रीनगर।** मुत्ताहिदा मजलिस-ए-उलेमा (एमएमयू) ने शनिवार को यहां ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में शब-ए-कद्र और जुमात-उल- विदा की नमाज की अनुमति नहीं देने और कश्मीर के प्रमुख मौजवी मीरवाइज उमर फारूक को घर में नजरबंद किए जाने की कड़ी निंदा की और इसे क्षेत्र में मुसलमानों के धार्मिक अधिकारों में खुला हस्तक्षेप बताया। एमएमयू जम्मू-कश्मीर में 45 धार्मिक संगठनों का प्रतिनिधि मंच है, जिसका नेतृत्व मीरवाइज उमर फारूक करते हैं। एमएमयू ने एक बयान में कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद है कि जहां युद्धग्रस्त क्षेत्रों और संघर्ष क्षेत्रों सहित दुनिया के हर हिस्से में लोगों को इन पवित्र प्रार्थनाओं को शांतिपूर्वक करने के लिए इकट्ठा होने की अनुमति दी गई थी, वहीं केवल कश्मीर में मुसलमानों की सबसे बड़ी सभा को जानबूझकर प्रशासन ने अनुमति नहीं दी और इस पर प्रतिबंध लगा दिया गया। इससे लोगों की धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है और यह जम्मू-कश्मीर के मुसलमानों के धार्मिक अधिकारों में हस्तक्षेप करने और उन पर अंकुश लगाने की नीति को प्रदर्शित करता है।

### वक्फ बिल को लेकर तनाव फैलाना खतरनाक: कलराज

**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व केन्द्रीय मंत्री और पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि वक्फ बोर्ड विधेयक को राजनी. तिक स्वरूप देकर इस पर साम्प्रदायिक तनाव पैदा करने की को. शिश करना देश के लिए खतरनाक है। उत्तर प्रदेश के देवरिया में शनिवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता मिश्र ने बातचीत में कहा कि मुझे लगता है कि वक्फ बोर्ड का जो विधेयक लाया जा रहा है। उस विधेयक को विरोधी दल एक धर्म का विधेयक मानकर उसका राजनीतिकरण करने का प्रयास कर रहे हैं। विरोधी दल इसे राजनीति से प्रेरित होकर देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि वास्तविकता यह है कि यह कोई धर्म विधेयक नहीं है। हमेशा से कानून के दृष्टिकोण से सुधार करने करने के लिए विधेयक लाए जाते रहे हैं और समय-समय पर कानून में संशोधन भी हुए हैं, उसी प्रक्रिया के तहत यह विधेयक लाया गया है।

## एयरफोर्स के इंजीनियर की हत्या

**प्रयागराज, वार्ता**



भारतीय वायु सेना के इंजीनियर की घर में ही गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस और वायुसेना दोनों पारिवारिक रंजिश का एंगल, विभाग की रंजिश के एंगल समेत कई एंगल पर जांच कर रही हैं। चीफ इंजीनियर का नाम एसएन मिश्रा है। उन्हें जब गोली मारी गइ, तब वह घर में सोए हुए थे। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, हत्या की यह वारदात सुबह करीब तीन बजे हुई। अज्ञात हमलावर ने बाहरी खिड़की से गोली मार दी।

घटना पुरामुफ्ती थाना क्षेत्र के बम्हरौली इलाके में स्थित कॉलोनी की है। पुलिस को शुरुआती जांच में आपसी रंजिश में हत्या की आशंका लग रही है। शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के साथ-साथ वायुसेना भी इस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि बम्हरौली इलाके में स्थित एयरफोर्स कॉलोनी में एसएन मिश्रा अपने परिवार के साथ रहते थे। शनिवार सुबह करीब तीन बजे कुछ लोग घर की खिड़की पर पहुंचे। ऐसे में जैसे ही

**■ प्रयागराज में घर में घुसकर मारी गोली**

मिश्रा ने खिड़की खोली, हमलावरों ने उन्हें गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर परिवार के लोग जाग गए, तो उन्होंने देखा कि मिश्रा जमीन में लहूलुहान पड़े थे। मिश्रा को तुरंत सेना के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर फॉरेंसिक की टीम को बुलाया। टीम ने घटनास्थल से सबूत एकत्र किए। मिश्रा के कमरे को भी सील कर दिया गया है। वायुसेना ने भी अपनी जांच शुरू कर दी है। इसके अलावा आसपास के सीसीटीवी के फुटेज के आधार पर हमलावरों का पता लगा रही है।

## नई पीढ़ी को स्वच्छ पर्यावरण की विरासत सौंपे

**नई दिल्ली, वार्ता**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण की विरासत सौंपना सभी की नैतिक जिम्मेदारी है।

मुर्मू ने शनिवार को यहां 'पर्यावरण-2025' पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि पर्यावरण से जुड़े सभी दिवस यह संदेश देते हैं कि हमें उनके उद्देश्यों और कार्यक्रमों को ध्यान में रखकर यथासंभव अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जागरूकता और सभी की भागीदारी पर आधारित सतत सक्रियता से ही पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन संभव होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि बच्चों और युवा पीढ़ी को व्यापक स्तर पर पर्यावरण परिवर्तन का सामना करना होगा और उसमें योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि हमें अपने बच्चों के स्कूल, कॉलेज और करियर की चिंता के साथ साथ यह यह भी सोचना



होगा कि बच्चे कैसी हवा में सांस लेंगे, उन्हें कैसा पानी पीने को मिलेगा, वे पक्षियों की मधुर आवाज सुन पाएंगे या नहीं, वे हरे-भरे जंगलों की खूबसूरती का अनुभव कर पाएंगे या नहीं। उन्होंने कहा कि इन विषयों के आर्थिक, सामाजिक और वैज्ञानिक पहलू हैं, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इन सभी विषयों से जुड़ी चुनौतियों का एक नैतिक पहलू भी है। आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण की विरासत देना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। इसके लिए हमें पर्यावरण के प्रति जागरूक और संवे. दनशील जीवनशैली अपनानी होगी, ताकि पर्यावरण न केवल संरक्षित हो बल्कि

**■ पर्यावरण पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू का आह्वान**

संवर्धित भी हो और पर्यावरण अधिक जीवंत बन सके। स्वच्छ पर्यावरण और आधुनिक विकास के बीच संतुलन बनाना एक अवसर और चुनौती दोनों है। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि प्रकृति एक मां की तरह हमारा पोषण करती है और हमें प्रकृति का सम्मान और संरक्षण करना चाहिए। विकास की भारतीय विरासत का आधार पोषण है, शोषण नहींद्ध संरक्षण है, उन्मूलन नहीं। इसी परंपरा का पालन करते हुए हम विक. सित भारत की ओर आगे बढ़ना चाहते हैं। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि पिछले एक दशक में भारत ने अंतरराष्ट्रीय समझौतों के अनुसार अपने निर्धारित योगदान को समय से पहले पूरा किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने देश के पर्यावरण शासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसने पर्यावरण न्याय या जलवायु न्याय के क्षेत्र में निर्णायक भूमिका निभाई है। एनजीटी द्वारा दिए गए ऐतिहासिक निर्णयों का जीवन, स्वास्थ्य और पृथ्वी के भविष्य पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने पर्यावरण प्रबंधन पारिस्थितिकी तंत्र से जुड़ी संस्थाओं और नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर प्रयास करने का आग्रह किया। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि देश और पूरे विश्व समुदाय को पर्यावरण के अनुकूल मार्ग पर चलना होगा। उन्होंने कहा कि भारत ने अपनी हरित पहलों के माध्यम से विश्व समुदाय के सामने कई अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी हितधारकों की भागीदारी से भारत वैश्विक स्तर पर हरित नेतृत्व की भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि हम सभी को वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है, जहां हवा, पानी, हरियाली और समृद्धि पूरे विश्व समुदाय को आकर्षित करती है।

### एटीएम निकासी शुल्क बढ़ाना जनविरोधी: खड़गे

# बैंकों के जरिये जनता को लूट रही सरकार

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एटीएम से पैसे निकालने पर शुल्क बढ़ाने के सरकार के निर्णय को जन विरोधी करार देते हुए कहा है कि सरकार बैंकों के माध्यम से देश की जनता को लूटने का काम कर रही है।

खड़गे ने कहा कि बैंक एटीएम, केवाईसी, वहाट्सएप पर निकाशी तथा जमा संबंधी संदेश देने, ग्राहक का अपने खाते का विवरण हासिल करने आदि पर पैसे वसूल कर आम लोगों को लूटने में लगी है। पहले बैंक इसका डाटा देते थे लेकिन अब सरकार यह कहते हुए डाटा देने से इनकार कर दिया कि रिजर्व बैंक डाटा नहीं रखता है। उन्होंने एटीएम पर शुल्क बढ़ाने को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए कहा कि दुर्भाग्य से मोदी सरकार ने हमारे बैंकों को 'कलेक्शन एजेंट' बना दिया है। एटीएम निकासी शुल्क महंगा होगा। मोदी सरकार ने 2018 से 2024 के बीच बचत खातों और जन धन खातों से न्यूनतम शेष राशि न रखने के कारण कम से कम 43,500 करोड़ रुपए निकाले हैं। बैंकों पर नागरिकों को लूटने का आरोप लगाते



**■ मोदी सरकार देश के बैंकों को कलेक्शन एजेंट बना दिया, केवाईसी अपडेट जैसे हस्ताक्षर परिवर्तन पर भी लगता है शुल्क**

### केंद्र सरकार जांच से बचने के लिए संसद में चर्चा बाधित कर रही है: प्रियंका

**वायनाड, (केरल)।** कांग्रेस महासचिव एवं केरल के वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जांच से बचने के लिए संसद में चर्चा को जानबूझकर बाधित कर रही है। श्रीमती वाड्रा ने यहां दिशा बैठक में भाग लेने के बाद कलपेटा में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी संसद में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सक्रिय रूप से बाधित कर रही है और यह हमारे (सांसदों के) लिए बहुत दुखद है। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि सत्तारूढ़ सरकारों की नीति लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाधित करना है। आमतौर पर ऐसी धारणा है कि विपक्ष पर संसद की प्रक्रिया को बाधित करने का आरोप लगाया जाता है। उन्होंने कहा कि यह घटना सरकार की ओर से एक नए प्रकार की है और मैंने संसद के पिछले कुछ सत्रों में ऐसा देखा है।

हुए उन्होंने बैंकों द्वारा वसूले जाने वाले शुल्कों का विवरण देते हुए कहा कि बैंकों को सालाना निष्क्रियता शुल्क 100-200 रुपए है। स्टेटमेंट जारी करने का शुल्क 50-100 है। एसएमएस अलर्ट के लिए प्रति तिमाही 20-25 का शुल्क लिया जाता है। ऋण प्रसंस्करण शुल्क के रूप में 1.3 प्रतिशत शुल्क लेते हैं। एनईएफटी, डिमांड ड्राफ्ट शुल्क अतिरिक्त बोझ हैं। केवाईसी अपडेट जैसे हस्ताक्षर परिवर्तन पर भी शुल्क लगता है। पहले केंद्र सरकार इन शुल्कों से एकत्रित राशि का डेटा संसद में उपलब्ध कराती थी, लेकिन अब यह प्रथा भी यह कहकर बंद कर दी गई है कि 'रिजर्व बैंक' ऐसा डेटा नहीं रखता है। उन्होंने यह भी कहा कि नरेंद्र मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तो डॉलर के मुकाबले उस समय 60 रुपए थे और वह कहते थे रुपया आईसीयू में चला गया है लेकिन आज डॉलर की तुलना में रुपया 89 पर है। रुपया वेंटिलेटर पर लेकिन श्री मोदी खामोश हैं।

### सरकार के कुप्रबंधन ने बैंकिंग क्षेत्र को बर्बाद कर दिया: राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि नियामक कुप्रबंधन तथा सरकार के नजदीकी पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने वाले कदमों के कारण देश के बैंकिंग सिस्टम को बर्बाद कर दिया है और बैंक गंभीर संकट में आ गए हैं। गांधी ने कहा कि बैंकों में भाई-भतीजावाद चल रहा है और सरकार के करीबी उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए उनका ऋण माफ किया जा रहा है। संसद परिसर में उनसे मिलने आए आईसीआई सीआई बैंक के प्रतिनिधियों से हुई बातचीत में उनकी शिकायतों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों की कीमत कर्मचारियों को चुकानी पड़ रही है और उनका शोषण तथा उत्पीड़न हो रहा है। उन्होंने शोषण का शिकार लोगों से उनसे मिलकर अपनी पीड़ा व्यक्त करने भी आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने अरबपति मित्रों के 16 लाख करोड़ रुपए के ऋण माफ कर दिए हैं। नियामक कुप्रबंधन के साथ-साथ भाई-भतीजावाद ने भारत के बैंकिंग क्षेत्र को संकट में डाल दिया है। इसका बोझ अंततः जूनियर कर्मचारियों पर पड़ता है, जो तनाव और विषाक्त कार्य स्थितियों को झेलते हैं। गांधी ने कहा कि आईसीआईसीआई बैंक के 782 पूर्व कर्मचारियों की ओर से एक प्रतिनिधिमंडल ने कल संसद में मुझसे मुलाकात की।

## शाहवर शोहरत जैदी को राष्ट्रीय सलाहकार नियुक्त किया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** अल्पसंख्यकों की सहभागिता और सशक्तिकरण को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में अमरोहा ज़िले की शाहवर शोहरत जैदी को भारत सरकार के राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (एनसीएम) का राष्ट्रीय सलाहकार नियुक्त किया गया है।

एक गतिशील उद्यमी, परोपकारी और महिला सशक्तिकरण की पैरोकार सुश्री जैदी लंबे समय से समावेशी विकास को बढ़ावा देने और हाशिए पर पड़े समुदायों, खास तौर पर अल्पसंख्यक पृष्ठभूमि की महिलाओं के उत्थान के लिए समलृपत रही हैं। उनकी नियुक्ति सार्थक बदलाव को आगे बढ़ाने और पूरे भारत में अल्पसंख्यक समूहों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए आयोग की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। आभार व्यक्त करते हुए, सुश्री जैदी ने समावे. शिता और सामुदायिक उत्थान में उनके नेतृत्व के लिए एनसीएम के माननीय अध्यक्ष इकबाल सिंह लाल. पुरा की सराहना की। उन्होंने एक मजबूत और टिकाऊ सशक्तिकरण पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने में



**■ सीएम योगी को अब मठ में जाने की तैयारी कर लेनी चाहिए**

निरंतर समर्थन के लिए रमणीक सिंह मोंगिया, सुश्री शैलजा नारंग और सुश्री शिखा की भी सराहना की। सुश्री जैदी की नियुक्ति समानता, आर्थिक अवसर और सामाजिक विकास में अंतर को पाटने के उनके चल रहे प्रयासों को रेखांकित करती है। अपनी नई भूमिका में, उनका लक्ष्य उन पहलों को आगे बढ़ाना है जो स्थायी प्रभाव डालें और पूरे भारत में अल्पसंख्यक समुदायों का उत्थान करें। उनके नामांकन का सामाजिक विकास, उद्यमिता और अल्पसंख्यक मामलों के हितधारकों द्वारा व्यापक रूप से स्वागत किया गया है, जो उन्हें प्रगति और सकारात्मक परिवर्तन के उत्प्रेरक के रूप में पहचानते हैं।

## अर्थ व्यापार

### ऊर्जा आपूर्ति व खपत में बढ़ोतरी जारी

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारत ने 2047 तक विकसित बनने के स्वप्न को साकार करने के लिए वैश्विक महामारी पर नियंत्रण पाकर वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान ऊर्जा आपूर्ति और खपत दोनों में स्थिर और स्वस्थ वृद्धि दर्ज किया है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने वार्षिक प्रकाशन 'ऊर्जा सांख्यिकी भारत 2025' शनिवार को जारी किया जिसके अनुसार भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान ऊर्जा के मामले में स्वस्थ वृद्धि देखा है, जिसमें कुल प्राथमिक ऊर्जा आपूर्ति (टीपीईएस) में पिछले वर्ष की तुलना में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह 9,03,158 केटीओई (किलो टन तेल समतुल्य) पर पहुंच गई। भारत में अक्षय ऊर्जा उत्पादन की अपार संभावना है, जो 31 मार्च 2024 तक 21,09,655 मेगावाट है। पवन ऊर्जा से ऊर्जा



उत्पादन की क्षमता में सबसे अधिक 11,63,856 मेगावाट (लगभग 55 प्रतिशत) की हिस्सेदारी है, इसके बाद सौर ऊर्जा (7,48,990 मेगावाट) और बड़ी पनबिजली (1,33,410) का स्थान आता है। अक्षय ऊर्जा उत्पादन की आधी से ज्यादा क्षमता भारत के चार राज्यों में केंद्रित है जिनमें राजस्थान (20.3 प्रतिशत), महाराष्ट्र (11.8 प्रतिशत), गुजरात (10.5 प्रतिशत) और कर्नाटक (9.8 प्रतिशत) शामिल है। नवीकरणीय संसाधनों से बिजली उत्पादन (उपयोगिता और गैर-उपयोगिता सहित) की स्थापित क्षमता में भी पिछले वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 31 मार्च 2015 को 81,593 मेगावाट से बढ़कर 31 मार्च 2024 को 1,98,213 मेगावाट हो गई है, जो पिछले वर्षों में 10.36 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर है। नवीकरणीय संसाधनों (उपयोगिता और गैर-उपयोगिता दोनों को मिलाकर) से बिजली का सकल उत्पादन भी पिछले कुछ वर्षों में काफी बढ़ गया है। वित्त वर्ष 2014-15 के दौरान उत्पादित 2,05,608 जीडब्ल्यूएच बिजली की मात्रा से, यह वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान बढ़कर 3,70,320 जीडब्ल्यूएच हो गई है, जो पिछले कुछ वर्षों में 6-76 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। यह वित्त वर्ष 2014-15 के दौरान 14,682 मेगा जूल प्रति व्यक्ति से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 18,410 मेगा जूल प्रति व्यक्ति हो गई है, जो पिछले कुछ वर्षों में 2. 55 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि है।

### 100 करोड़ से अधिक के अल्ट्रा लक्जरी होम मार्केट में आया उछाल

**नई दिल्ली।** देश के प्रमुख महानगरीय केंद्रों मुंबई और दिल्ली एनसीआर में पिछले तीन सालों में 100 करोड़ रुपए या उससे अधिक कीमत वाले 49 अल्ट्रा लग्जरी घर बेचे गए हैं, जो देश के लग्जरी रियल एस्टेट बाजार में मजबूत मांग का प्रतीक है। प्रॉपर्टी कंसल्टेंसी कंपनी जेएलएल ने शनिवार को यहां जारी एक रिपोर्ट में कहा कि घर खरीदने वालों के कुलीन वर्ग ने सामूहिक रूप से इन आलीशान घरों में 7,500 करोड़ रुपए का निवेश किया है, जिनमें से आधे लेन-देन - कुल 3,652 करोड़ रुपए - अकेले 2024 में हुए हैं। इसने कहा कि गति धीमी होने के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं, क्योंकि 2025 के पहले दो महीनों में पहले ही चार अल्ट्रा-लक्जरी घरों की बिक्री हो चुकी है, जिनका कुल मूल्य 850 करोड़ रुपए है। जेएलएल के मुख्य अंर्थशास्त्री एवं अनुसंधान और आरईआईएस, भारत के प्रमुख सामंतक दास ने कहा कि पिछली धारणाओं के विप. रीत बंगले और विला जैसे स्वतंत्र घर अब ट्रॉफी आवासीय निवास के पर्याय नहीं रह गए हैं। इस तरह के ऊंचे अपार्टमेंट इस विशिष्ट क्षेत्र में एक विशेष आवासीय अनुभव प्रदान करते हैं।

### स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त, जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली, वार्ता**

स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन: इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5450-5550, दाल चना 6450- 6550, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9400-9500, उड़द



दाल 8800-8900, अरहर दाल 8300-8400 रुपए प्रति क्विटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18681 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 15201 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16849 रुपए प्रति क्विटल पर रहा है।

## माटी कला पुरस्कार समारोह में पारंपरिक कारीगरों को किया सम्मानित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड और खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड ने शनिवार को मिट्टी के बर्तन और ग्रामोद्योग के क्षेत्र में योगदान देने वाले उत्कृष्ट शिल्पियों और उद्यमियों को सम्मानित किया। लखनऊ के गांधी भवन सभागार में आयोजित 'राज्य स्तरीय माटी कला एवं ग्रामोद्योग पुरस्कार समारोह 2025' के दौरान ये पुरस्कार वितरित किए गए। योगी सरकार की इस पहल का उद्देश्य न केवल कारीगरों को वित्तीय सशक्तीकरण प्रदान करना है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और पारंपरिक शिल्प को संरक्षित करना भी है। समारोह में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों और कारीगरों ने इस पहल की सराहना की तथा इसे आत्मनिर्भर

**■ इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है**

भारत की दिशा में एक आवश्यक कदम बताया है। समारोह का उद्घाटन खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने किया। सचान ने पर्यावरणं संरक्षण, जन स्वास्थ्य में सुधार और रोजगार सृजन के लिए मिटी के बर्तनों और खादी उद्योगों को बढ़ावा देने की योगी सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्लास्टिक के पर्यावरण अनुकूल विकल्प के रूप में मिटी से बने उत्पादों कुल्हड़, गिलास, प्लेट और बोतल का उपयोग करने को प्रोत्साहित किया।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**डिजिटल अरेस्ट...** किया। उन्होंने दावा किया कि उनके नाम पर फर्जी सिम कार्ड जारी किया गया है, जो अवैध गतिविधियों में इस्तेमाल हो रहा है। पहले सुमित बिर्रा नामक ठग ने खुद को टेलीकॉम विभाग का अधिकारी बताकर धमकाया और फिर अनिल यादव नाम के शख्स से कॉल ट्रांसफर कर दिया, जिसने खुद को क्राइम ब्रांच अधिकारी बताया। ठगों ने मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दी और डिजिटल अरेस्ट कर बुजुर्ग से उनकी संपत्ति और वित्तीय जानकारी मांग ली। डर और घबराहट में आकर, दियांगो ने ठगों को 50 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद भी धमकियां मिलती रहीं और और ज्यादा पैसों की मांग की गई। बुजुर्ग दंपति लगातार मिल रही धमकियों और ठगी की वजह से मानसिक रूप से टूट गए और उन्होंने घर में आत्महत्या कर ली। घटना स्थल से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उन्होंने ठगी की सारी जानकारी दी है। शुरुआत में पुलिस को हत्या का संदेह हुआ, लेकिन जब दंपति का सुसाइड नोट और मोबाइल फोन रिकॉर्ड खंगाले गए, तो साइबर ठगी का मामला सामने आया। बुजुर्ग दंपति महाराष्ट्र सचिवालय में कार्यरत रह चुके थे और सेवानिवृत्त जीवन जी रहे थे। उनकी कोई संतान या करीबी रिश्तेदार नहीं थे। वे डर और शर्मिंदगी के कारण किसी को अपनी परेशानी नहीं बता सके।

## दिल्ली जीत गए, अब बिहार की बारी

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को पार्टी कार्यकर्ताओं से बिहार विधानसभा चुनाव के लिए कमर कसने का आह्वान करते हुए कहा कि दिल्ली जीत गए हैं, अब बिहार की बारी है।

नड्डा ने दिल्ली भाजपा के पूर्वांचल मोर्चा की ओर से यहां के अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' स्नेह मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता लालू यादव पर तीखा प्रहार किया और कहा कि उनके (यादव के) शासनकाल में बिहार जंगलराज में तब्दील हो गया था। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा आया था कि शाम पांच बजे के बाद लोगों का बाहर निकलना तक मुश्किल हो गया था। लालू राज ने बिहार को डूबता हुआ बिहार बना दिया था। डॉक्टर, उद्योग. पति और अन्य पेशेवर लोग बिहार से



**■ विश्व को प्रजातंत्र की सीख भी बिहार से मिली**

पलायन करने लगे थे, लेकिन अब स्थित बदल चुकी है। बिहार विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि विश्व को प्रजातंत्र की सीख भी बिहार की भूमि से मिली है। दुनिया के किसी भी कोने में जाएंगे, तो मैथिली, मगही या भोजपुरी बोलने वाले मिल जाएंगे। ईमानदारी से अपने काम को करने की ताकत इसी बिहार की धरती के लोगों में हैं। उन्होंने कहा कि जहां पूर्वांचल चल पड़ता है, वहां से देश आगे बढ़ता है। इतिहास इस बात का गवाह है। बिहार चाणक्य की भूमि रही है, तो महात्मा गांधी और लो. कनायक का आंदोलन भी बिहार की भूमि से ही शुरू हुआ था। उन्होंने कहा कि अपने बचपन के दौरान मैंने गंगा किनारे महात्मा गांधी सेतु को बनते हुए देखा है, निर्माण कार्य कई दशकों तक चलता रहा। आज बिहार में गंगा किनारे मरीन ड्राइव बन चुका है। सड़क और रेल के बड़े ब्रिज बन चुके हैं। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2005 में बिहार में ग्रामीण क्षेत्र में सड़क केवल 384 किलोमीटर की थी, लेकिन इस समय एक लाख 12 हजार किमी सड़क बन चुकी है। बिहार में राजमार्ग बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) पटना की सौगात बिहार को दी है। उन्होंने कहा कि श्री लालू से लोग सड़क बनाने की बात करते थे, तो वह कहते थे कि सड़क बन जाएगी, तो पुलिस आ जाएगी, ए बेवकूफी ठीक नहीं। उन्होंने कहा कि कभी आपने सोचा था कि पूर्णिया, सारण, सीतामढ़ी, झंझारपुर, सीवान, बक्सर, जमुई जैसे शहरों में मेडिकल कॉलेज खुलेंगे।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# चेयरमैन, ईओ ने किया ईदगाह का निरीक्षण

## समय से व्यवस्थाएं दुरस्त करने के निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। नगर पालिका चेयरमैन शशि जैन ने शनिवार को ईद से पहले पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों, धर्म गुरुओं और सभासदों के साथ ईदगाह का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मिली खामियां दूर करने का निर्देश पालिका कर्मियों को दिया।

29 का चांद हुआ तो ईद 31 मार्च (सोमवार) को मनाई जाएगी। अन्यथा एक अप्रैल (मंगलवार) को ईद होगी। इसके लिए नगर पालिका प्रशासन तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगा है। ईदगाह सहित सभी मस्जिदों के आसपास सफाई, पेयजल व प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त कराया जा रहा है। शनिवार को पालिका चेयरमैन शशि जैन ने ईदगाह का निरीक्षण किया। धर्म गुरूओं को नमाजियों के रास्ते में सफाई, चूना छिडकाव, आवारा पशुओं को बाड़े में बंद करने आदि व्यवस्थाएं चाक-चौबंद करने का भरोसा दिलाया। ईओ डॉ. बृजेश कुमार ने कहा कि ईद के दिन शहर में सफाई, पेयजल और पथ प्रकाश समेत सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रहेंगी। इस दौरान मुफ्ती हमजा, मौलाना जाकिर के अलावा एसडीएम सदर सुधीर कुमार सिंह, सीओ अरूण कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर, पूर्व पालिकाध्यक्ष अतुल जैन, भाजपा नेता निखिल जैन, प्रेम सिंह सैनी, सभासद और पालिका कर्मी मौजूद रहे।

# एलएलबी की छात्रा के अपहरण का प्रयास

## शोर मचाने पर धमकी देते फरार, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया**। एलएलबी की छात्रा को युवकों ने पीछा कर नगर में टेंपो स्टैंड के पास घेर लिया। जबरन कार में बैठाने का प्रयास किया, इतना ही नहीं विरोध करने कर छेड़छाड़ की। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। मामले में पुलिस ने आरोपी दोनों युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

संभल जिले के असमोली थाना क्षेत्र के एक गांव में किसान का परिवार रहता है। उनकी बेटी रजबपुर में हाईवे स्थित एक यूनिवर्सिटी में एलएलबी प्रथम वर्ष की छात्रा है। वह रोजाना घर से यूनिवर्सिटी में पढ़ने आती है। छात्रा को स्कॉलरशिप का फॉर्म भरना था लिहा. जा 20 मार्च की दोपहर दो बजे वह शपथ पत्र बनवाने के लिए अमरोहा कचहरी आई थी। यहां से यूनिवर्सिटी जाने के लिए छात्रा कस्बा जोया में टेंपो स्टैंड के पास खड़ी हुई थी। आरोप है कि उसी दौरान डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव ताबई का रहने वाला रिहान और उसके साथ शाने आलम ने छात्रा का पीछा करते हुए पहुंच गए। दोनों हाथ पकड़कर जबरदस्ती कार में बैठाने लगे, छात्रा ने विरोध किया तो आरोपियों ने बुरे इरादे से उसके साथ छेड़छाड़ की। शोर ससुनकर लोगों की भीड़ जमा हो गई। तभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़िता ने मामले की शिकायत एसपी अमित कुमार आनंद से की थी। सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह ने आरोपी रिहान और शाने आलम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।













# किसान के घर चोरी कर भागते दो चोर दबोचे

## चोरी का माल बरामद, पिटाई कर पुलिस को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। डिडौली। किसान के घर में चोरी कर भागते समय आहट होने पर परिवारों के लोगों की आंख खुल गई। शोर मचाने पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने घेराबंदी कर दो चोरों को रंगे हाथ पकड़ लिया। चोरों ने ग्रामीणों पर गोली चलाने की को. शिश की, गनीमत रही फायर नहीं हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। आरोपियों का कब्जे से चोरी के कुंडल और नगदी बरामद हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के पूरनपुर गांव में किसान सोमपाल सिंह का परिवार रहता है। शुक्रवार की रात परिवार के सभी सदस्य्य कमरों में सोए हुए थे। इस दौरान सोमपाल सिंह की माता विद्या देवी बरामदे में सो रही थीं। रात को करीब दो बजे चोर उनके घर में घुस आए और अलमारी में रखे 1500 रुपये और सोमपाल सिंह की माता के कुंडल चोरी कर भागने लगे। आहट होने पर सोमपाल सिंह की माता विद्या देवी ने शोर मचा दिया। इसके बाद परिवार के अन्य सदस्यों की आंख खुल गई। थोड़ी देर में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने गांव के बाहर जंगल में चोरों की घेरा. बंदी कर ली और दो चोरों को मौके पर पकड़ लिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम वाजिद निवासी मूंढाइम्मा और राशिद निवासी मुबारकपुर नूरी बताया। तलाशी के दौरान आरो. पियों के कब्जे से सोने के कुंडल, 1500 रुपये और तमंचा व कारतूस बरामद हुए। सीओ सिटी अरुण कुमार ने बताया कि मामले में सोमपाल सिंह की तहरीर पर वाजिद और राशिद के खिलाफ चोरी, हत्या की कोशिश और आयुध अधिनियम के तहत मुक. दमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

# सपा सांसद की सुरक्षा के बंदोबस्त हो

## सपाईयों ने डिप्टी कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। समाजवादी बाबा साहेब अम्बेडकर वाहिनी ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेज राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित् करने की मांग की।

शनिवार को समाजवादी बाबा साहेब अम्बेडकर वाहिनी ने कलेक्ट्रेट में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सोंपा। जिसमें सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा मेवाड़ के राजा राणा सांगा पर दिये गये बयान के विरोध में करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने 26 मार्च को पुलिस बल की मौजूदगी में आगरा स्थित उनके आवास में घुसकर तोड़फोड़ की। मकान को ध्वस्त करने का प्रयास किया। वहां खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ की गयी तथा वहां मौजूद लोगों के साथ मारपीट की गयी। उन्होंने प्रदेश सरकार को दलित, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों की विरोधी बताते कहा कि अब महापुरूषों का अपमान किया जा रहा है तथा लोग हिंसा पर उतारू हो गये हैं। उन्होंने उक्त प्रकरण में दोषियों पर कार्रवाई किये जाने तथा सांसद की सुरक्षा सुनिश्चित् करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में सचिन कुमार, नवनीत कुमार गोला, अकरम, लता सागर, सलमान खान, शैलेन्द्र यादव, कावेन्द्र सिंह व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दहेज न मिलने पर विवाहिता को किया प्रताड़ित

## पति समेत चार ससुरालियों पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। विवाहिता को ससुराल में दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया। विरोध करने पर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में पति समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

नौगावां सादात बस्ती के मोहल्ला हफ्ता बाजार में इरफान रजा का परिवार रहता है। उन्होंने अपनी बेटी हिना कौसर की शादी साल 2014 में मोहल्ले के ही रहने वाले शहजाद अब्बास के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले हिना को दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। मायके वालों से एक प्लॉट और पांच लाख रुपये दिलाने का दबाव बनाते थे। विवाहिता का आरोप है कि उसके पति शहजाद अब्बास के किसी दूसरी महिला से संबंध है। उसके फोटो अपने मोबाइल पर रखता है और फेसबुक पर अपलोड करता रहता है। हिना जब इसका विरोध करती है तो उसके साथ मारपीट करता है। 27 फरवरी की दोपहर दो बजे ससुराल वालों ने मारपीट कर हिना को घर से निकाल दिया। इससे बाद परिवार परामर्श केंद्र में समझौता भी हुआ लेकिन ससुराल वालों के व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आया। 18 मार्च को फिर ससुराल वालों ने मारपीट करके घर से निकाल दिया। तभी से विवाहिता मायके में पिता के घर रहती है। विवाहिता ने मामले की शिकायत एसपी अमित कुमार आनंद से की थी। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने मामले में शहजाद अब्बास, फरजाना, फिरोज, हैदर व सना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# भाकियू नेता व भाई पर जानलेवा हमला

## पांच आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। भाकियू नेता व उनके भाई पर लोहे की रॉड से जानलेवा हमला किया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में दोनों को हायर सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस ने मामले में पांच आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रयास करने के आरोप में एफआईआर दर्ज कर ली है। घटना के बाद से किसान संगठनों में रोष है। वहीं, आरोपियों की जल्दी गिरफ्तारी नहीं होने पर सड़क पर उतरकर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

क्षेत्र के गांव रसूलपुर में किसान नेता रामपाल सिंह का परिवार रहता है। वह भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट में प्रदेश उपाध्यक्ष का पद संभालते हैं। शुक्रवार शाम रामपाल सिंह और उनके भाई चरन सिंह गांव नाजरपुर नाइपुरा स्थित अपनी जमीन पर गए थे। आरोप है कि वहां अमरपाल, सुनीता, उनकी बेटी और दो अज्ञात व्यक्ति जमीन की जुताई कर रहे थे। दोनों भाईयों ने जब इसका विरोध किया तो उन्होंने मारपीट शुरू करते हुए अचानक लोहे की रोड से हमला किया। जान से मारने के इरादे से चरन सिंह के सिर में रॉड दे मारी। इतना ही नहीं हमले में खुद को बचाने के चक्कर में रामपाल सिंह का पैर भी फ्रैक्चर ही गया। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने मामले में पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज जांच शुरू करने की बात कही। कहा कि आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।










# एएसएम एकेडमी का परीक्षाफल का वितरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। एएसएम मार्डन एकेडमी खाता में परीक्षाफल घोषित किया गया। कक्षा नर्सरी ए की शानबी, कक्षा नर्सरी बी के मौलिक, कक्षा एलकेजी ए की इफरा, एलकेजी बी के कार्तिक, एलकेजी सी के अदील, यूकेजी ए की मिस्कात, यूकेजी बी की दिवित, यूकेजी की हंसिका, कक्षा प्रथम के जयांत, कक्षा प्रथम बी के पियूष, कक्षा द्वितीय ए की माहिरा, कक्षा द्वितीय बी के कुशाग्र, कक्षा तृतीय ए की मोक्षी, कक्षा की माही चौधरी, कक्ष्ज्ञा चतुर्थ के युवराज गिल, कक्षा पंचम ए की अनाबिया, कक्षा बी के मुदित, कक्षा 6 के अकशा, कक्षा 6 बी के तनुज, कक्षा 7 ए की आकर्षिता, 7 बी के तन्वया, कक्षा ए की हुमैरा, आठ बी के दुष्यंत, कक्षा 9 ए की कनिका, 9 बी की अंश, कक्षा 11 के मुदित, कक्षा 11 बी के मोहम्मद जकी, कक्षा 11 बी की रश्मि ने अपनी अपनी कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन सभी को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर आईआईटी के चयनित छात्र कनिक गोला, भारतीय वासुसेना एयरपोर्ट के परवेन्द्र सिंह, थलसेना में खेल कोटे से चयनित अंकित कुमार को प्रंबधक विरेन्द्र कुमार गुप्ता ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य आभा रस्तोगी ने प्रथम स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं का होंसला बढ़ाया। संचालन राविन्द्र सिंह ने किया।

# माता रानी को भक्तों ने कराए नय वस्त्र धारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। चैत्र नवरात्र प्रारंभ होने से पूर्व भक्तों द्वारा नगर के मां चामुंडा मंदिर पर माता रानी को नये वस्त्र धारण कराये। मंदिर की साफ सफाई कर सजावट भी की गई।

सनातन धर्म में माता रानी के नवरात्रि दो बार आते हैं एक शारदीय नवरात्र और दूसरे चौत्र नवरात्र, सनातन धर्म के अनुसार नवरात्रों में मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा विधि विधान के साथ की जाती है। चौत्र नवरात्र रविवार से प्रारंभ हो रहे हैं। भक्तों द्वारा शनिवार को मां चामुंडा मंदिर पहुंचकर माता रानी को नए वस्त्र धारण कराये। मां चामुंडा मंदिर के पुजारी पंडित सोमनाथ शर्मा ने बताया कि चौत्र नवरात्रों का शुभारंभ रविवार से हो रहा है, शास्त्रों के अनुसार मान्यता है कि जब भी नवरात्रों की शुरुआत रविवार से होती है तो तब मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर अपने भक्तों को दर्शन देती है। इस अवसर पर प्रतिमा अग्रवाल, प्रियांशी अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, निर्मित अग्रवाल, हितांशी अग्रवाल, हर्षिका अग्रवाल, युवराज अग्रवाल, मनोज रस्तोगी, मनीषा रस्तोगी, संजीव रस्तोगी, पूजन रस्तोगी, ईशा रस्तोगी, सरिता रस्तोगी,आरती यादव, गीता यादव, मंजुला शर्मा, महिका शर्मा, अंकित यादव आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### देहली आईडियल स्कूल का परीक्षाफल घोषित



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। देहली आईडियल पब्लिक स्कूल शहबाजपुर का परीक्षाफल घोषित किया गया। कक्षा नर्सरी में अब्दुल्ला, एलकेजी में आयशा, यूकेजी में अतूफा, कक्षा 1 ए में उम्मे तूबा, कक्षा 1 बी में काशिफ रजा, कक्षा 2 में आलिया नूर, कक्षा तीन में मोहम्मद आतिफ, चार में दिलनवाज, कक्षा पांच में अलीजा अनीस, कक्षा छह में जैनब परवीन, कक्षा सात में अलफिशान अहमद, कक्षा आठ में भूमि, कक्षा नौ में अलीना अख्तर व कक्षा 11 में मोहम्मद आतिफ प्रथम स्थान पर रहे। इस दौरान प्रंबधक मोहम्मद अली ने कहा कि उनका स्कूल लगातार शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं का परीक्षाफल भी शत प्रतिशत रहता है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य जसीम अहमद, श्रीमति अजरा, ग्राम प्रधान शहरोज आलम व स्टाफ मौजूद रहा।

# विद्युत अधिकारियों पर धमकाने व गलत रिपोर्ट बनाने का आरोप

**■ कंपनी के डायरेक्टर ने एसपी को सौंपा शिकायती पत्र**

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**अमरोहा।** न्यू फर्म फ्रोजैंस प्राईवेट लिमिटेड के डायरेक्टर एसपी को संबोधित शिकायती पत्र सौंपकर विद्युत विभाग के अधिकारियों पर उत्पीड़न करने का और गलत तरीके से तथ्य पेश करके फर्जी रिपोर्ट बनाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि उनकी फर्म पर 10.04. 2017 को 150 केवीए का बिजली कनेक्शन विभाग से लिया था। फैक्ट्री ग्रामीण क्षेत्र में आती है। बिल भी लगातार जमा कराते चले आ रहे हैं मगर आरोप है कि विद्युत अधिकारियों ने फर्म को शहरी क्षेत्र में दिखाते हुए 6500000 रूपये अधिक जमा करा लिये। जिसके बाद एक याचिका भी कोर्ट में दायर की गई, जिसके बाद करीब 13-14 माह बाद बिल संसोधित किया गया। आरोप है कि विद्युत विभाग द्वारा समय से बिल संसोधित न कराने के कारण प्रार्थी को 3435350 रूपये की हानि हुई है और विभाग ने प्रार्थी से 178968 रूपये ब्याज के भी जमा कराए हैं। आरोप है कि इस संबध में 23.01.2025 करे शिकायती पत्र अधिशासी अभियंता को दिया गया, आरोप है कि उन्होंने प्रार्थी को धमकाते हुए शिकायत वापस लेने की बात कही। 2803.2025 को विद्युत अधिकारियों ने उनकी फैक्ट्री पर छापेमारी करके फर्जी रिपोर्ट तैयार करा दी। निदेशक ने एसपी से शिकायती पत्र के आधार पर कार्रवाई की मांग की है।

# शराब की बिक्री पर बम्पर ऑफर की निंदा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। आम आदमी पार्टी ने शराब बिक्री पर बम्पर ऑफर दिये जाने की निंदा करते इस पर रोक लगाने की मांग की है।

आम आदमी पार्टी ने आज कलेक्ट्रेट में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सोंपा। जिसमें कहा गया है कि प्रदेश सरकार ने शराब की बिक्री पर बम्पर आफर दिये जाने की निंदा करते कहा कि योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा शराब की एक बोतल के साथ दूसरी और तीसरी बोतल तक मुफ्त दिये जाने की घोषणा न केवल समाज को नैतिक रूप से कमजोर कर रही है बल्कि राज्य के नागरिकों के स्वास्थ्य और भविष्य के लिए भी गंभीर खतरा उत्पन्न कर रही है। यह योजना यह संदेश देती है कि शराब को एक प्रोत्साहन के रूप में पेश किया जा रहा है। इससे राज्य में शराब के सेवन को बढ़ावा मिलेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष कुशल चौधरी, मोहम्मद आमिर, अमर सिंह खागी, कविता कांत, डा. नफीस, राजीव यादव, तन्जीम हुसैन, विजयपाल सिंह मौजूद रहे।

# शराब की दुकान के विरोध में उतरी महिलाएं

## आबादी से दूर खोले जाने की मांग को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर के मोहल्ला गांधीनगर में विदेशी शराब की दुकान खोलें जाने के प्रस्ताव से महिलाओं में रोष है। महिलाओं ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीएम चंद्रक.ांता को शिकायती देते हुए शराब की दुकान को आबादी से दूर अन्य स्थान पर स्थानांतरित कराने की मांग की है। आबादी के बीच दुकान खोले जाने पर आंदोलन के चेतावनी भी दी गई है।

शनिवार को नगर के मोहल्ला गांधीनगर की तमाम महिलाएं एकत्र होकर तहसील मुख्यालय पर पहुंची यहां एसडीएम चंद्रकांता को शराब की दुकान के विरोध में शिकायती पत्र दिया। महिलाओं ने कहा कि मोहल्ला गांधीनगर में देसी शराब की दुकान संचालित है दुकान के आसपास आए दिन गाली गलौज और लड़ाई झगड़े होते हैं जिस कारण महिलाओं का घर से निकलना दुश्वार है। महिलाओं को मंदिर में जाकर पूजा अर्चना करने में भी तमाम मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में नई आबकारी नीति के तहत एक विदेशी शराब की दुकान मोहल्ला गांधीनगर में आवंटित हुई है जो ईसाई समाज के कब्रिस्तान के गेट के पास खुलने जा रही है जिससे इसी तथा हिंदू समाज में आक्रोश है। महिलाओं ने मांग की है कि शराब की दुकान को यहां से दूर स्थानांतरित किया जाए जिससे उन्हें कोई परेशानी ना हो। महिलाओं ने मांग पूरी न होने धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी हैं। शिकायती पत्र पर निर्भय देवी, सतवीर, सविता देवी, सुशीला, रीना, फोजिया, सुहेल, जयवीर आदि समेत तमाम लोगों के हस्ताक्षर थे



मंडी धनौरा। शराब की दुकान के विरोध में एसडीएम को ज्ञापन सौंपती महिलाएं।

# आसपा को मजबूत करें: बैसला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** आजाद समाज पार्टी के द्वारा प्रदेश कोर कमेटी में बनाए गए सदस्य देवेंद्र बैसला का कार्यकर्ताओं ने फूलमालाये पहनाकर जोरदार स्वागत किया।शनिवार को संभल बस स्टैंड चौराहा पर स्थित बैंकट हॉल में आजाद समाज पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश कोर कमेटी के सदस्य देवेंद्र बैसला ने कहा संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है उस पर वह खडा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। पार्टी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद एडवोकेट समाज के प्रत्येक तबके की लोकसभा में आवाज उठाने का काम कर रहे है। इस अवसर पर एडवोकेट नासिर अली, अथर अहसान, हाफिज नूर मोहम्मद, मोनू सागर, उस्मान चौधरी, राजू खेवान, नेमपाल राणा, पुष्पेंद्र राणा, कुलदीप पोसवाल, युसूफ मलिक, अदनान अहमद, सद्दाम, सुनील, शोविंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

# बाइक खम्भे से टकराई तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बाइक के अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकराने के कारण तीन बाइक सवार युवक घायल हो गये। घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने दो युवकों की हालत गंभीर देख उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया।

सैदनगली नगर पंचायत के निवासी अमन पुत्र सुभाष मोहित पुत्र महेश जॉनी पुत्र राकेश शुक्रवार की देर रात बाइक पर सवार होकर अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान जैसे ही उनकी बाइक हैबतपुर बंजारा मार्ग पर पहुंची तो अचानक उनकी बाइक अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकरा गई। जिससे बाइक पर बैठे तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों के द्वारा मामले की सूचना 108 एंबुलेंस को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस ईएमटी जगपाल सिंह पायलट जितेंद्र सिंह मौके पर पहुंच गये तथा घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गये। जहां चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल अमन और मोहित की हालत नाजुक देख उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों के मुताबिक दोनों की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

# छात्र-छात्राओं ने महिला थाने की कार्यप्रणाली को समझा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** रमाबाई अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, मिशन शक्ति एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में छात्र-छात्राओं ने गजरौला स्थित महिला थाने का भ्रमण किया और वहां

**■ थाना प्रभारी ने बच्चों को बिंदूवार दी जानकारी**

की कार्यप्रणाली को समझा। इस दौरान महिला थाना प्रभारी निधि चौधरी ने स्वयंसेवकों को बताया कि महिला थाने का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों की रोकथाम करना और पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाना है। उन्होंने बताया कि इन थानों में महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती होती है, जो संवेदनशीलता और सहानुभूति के साथ मामलों की जांच करती हैं। महिला थाना विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करता है, जिनमें महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, आत्मरक्षा के तरीकों की जानकारी देना और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल है। इस दौरान कांस्टेबल हेमा चौधरी ने छात्राओं को मिशन शक्ति से संबंधित सभी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से बताया। प्राचार्य प्रो.एमए गौरी ने इस कार्यक्रम की सराहना की। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एवं मिशन शक्ति की संयोजक डॉ.श्वेता अग्रवाल ने नेतृत्व किया। इस अवसर पर रूबी, श्रेया सिंह तोमर, ऋषभ, निर्भय, रितिका, काजल, कोशिंदर, हर्ष, दीपक, मयंक शामिल रहे।



# मांगे पूरी न होने पर हड़ताल पर उतरेंगे आउटसोर्सिंग कर्मचारी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** विद्युत विभाग की निविदा संविदा कर्मचारी सेवा समिति के बैनर तले विभाग में तैनात संविदा कम्पूयटर ऑपरेटरों ने शुक्रवार को पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक को संबोधित ज्ञापन सक्षम अधिकारी को

**■ प्रबंध निदेशक को संबोधित ज्ञापन सौंपा**

सौंपकर कम्पयूटर ऑपरेटर के घटाए गए पदों को बहाल कराने की मांग की गई। सौंपे गए ज्ञापन के अनुसार आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का कहना है कि एक ही वित्तीय वर्ष में 11 जोनों से लगभग 30 प्रतिशत पदों की कमी की गई है। कहा कि हटाए गए कर्मचारी पिछले कई वर्षों से विभाग की सेवा में काम कर रहे हैं और मानदेय भी बहुत ज्यादा न होने के बाद भी विभाग की सेवा में अपना जीवन व्यतीत कर दिया। अब एक ही वित्तीय सत्र में लगभग 30 प्रतिशत कर्मचारियों को हटाने का काम किया जा रहा है जो कि किसी भी द्रष्टिकोण से उचित नहीं है। इसलिए आउससोर्सिंग कर्मचारी मांग करते हैं कि जिन पदों को कम/हटाया गया है उन्हें बहाल किया जाए। कर्मियों ने 15 दिन के अंदर मांगे पूरे न होने पर हड़ताल, कार्य बहिष्कार आदि की चेतावनी दी है। इस अवसर पर अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह, अमित खारी, विनोद कुमार, गौरव सिंह, निशांत वर्मा, अमित कुमार, लव कुमार, लोकेश, दक्ष कुमार, चिंतेश, मीनू आदि मौजूद रहे।



# सनातन संस्कृति जन जागरण यात्रा निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** सनातन धर्म के नववर्ष आगमन के शुभ अवसर पर सनातन जागरण मंच के तत्वाधान में नगर के मुख्य मार्गों पर बहुत ही सुंदर तरीके से भव्य सनातन संस्कृति जन जागरण यात्रा निकली गई। यात्रा का नगर में कई स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। सनातन जनजागरण यात्रा में सभी समाजों के द्वारा सनातन धर्म से संबंधित झांकियां दी गई। जिन्हें नगर वासियों द्वारा बहुत ही सराहा गया। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस क्षेत्राधिकारी भारी पुलिस बल के साथ तैनात रहे।

सनातन धर्म के अनुसार हिंदू चौत्र शुक्ल प्रतिपदा नव संवत 2082 के आगमन का सनातन धर्म के अनुयायियों द्वारा बहुत ही सुंदर तरीके से स्वागत किया गया। सनातन जागरण मंच के द्वारा हिंदू नव वर्ष के आगमन के अवसर पर नगर में एक भव्य सनातन संस्कृति जन जागरण यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा सरस्वती शिशु मंदिर से प्रारंभ होकर बाईपास मार्ग अमरोहा बस स्टैंड, राजपूत कॉलोनी, अंबेडकर पार्क, इंदिरा चौक, पंसारा बाजार,दरबार, घास मंडी होते हुए रहरा बस स्टैंड पर पहुंच कर संपन्न हुई। शोभा यात्रा में क्षेत्र के काफी स्कूलों के नन्हे मुन्ने बच्चों ने भी प्रतिभाग किया। वहीं शोभा यात्रा में सभी समाजों के द्वारा सनातन धर्म से संबंधित झांकियां दी गई थी। महारानी लक्ष्मी बाई की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। जिन्होंने नगर वासियों का मन मोह लिया। नगर के अंबेडकर पार्क पर नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी द्वारा यात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभा यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था की कमान खुद पुलिस क्षेत्र अधिकारी दीप कुमार पंत ने पुलिस बल के साथ संभाली। यात्रा में विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, चेयरमैन राजपाल सैनी, ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र खड़गवंशी, वेद प्रकाश यादव, सुरभित गुप्ता, मुकेश गुप्ता, सचिन गुप्ता, अंकुर अग्रवाल, सोमपाल सिंह गुर्जर, दिनेश अग्रवाल, कुलदीप वैश्य, मोहित अग्रवाल, आदेश अग्रवाल, प्रशांत सैनी, इशांत सैनी, संदीप गुप्ता,चंदन प्रजापति,महेश प्रजापति, अंकुर प्रजापति,अजय पाल,विक्रम महंत, विक्रांत शर्मा, मुन्ना चौहान, टेकचंद चौहान, डॉ शिव स्वरूप अग्रवाल, संजीव गोयल सहित हजारों की संख्या में सनातन धर्म के लोग मौजूद रहे।



# सफाई व पथ प्रकाश को बेहतर करने के निर्देश

## ईद व नवरात्रि को लेकर चेयरमैन ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नवरात्रि पर्व व ईद के मौके पर नगर के धार्मिक स्थलों व मंदिरों के आसपास नगर पालिका द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने मंदिरों व विभिन्न धार्मिक स्थलों का निरीक्षण कर कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

शनिवार को पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने पालिका कर्मचारी व सभासदों संग नगर के मोहल्ला महादेव स्थित प्राचीन नवदुर्गा मंदिर सहित अन्य मंदिरों व धार्मिक स्थलों का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कर्मचारियों से नगर में पथप्रकाश, सफाई व जल व्यवस्था को लेकर निर्देश देते हुए कहां की नवरात्रि पर्व पर नगर के मंदिरों में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त होनी चाहिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने पर्व के लिए विशेष तौर पर मंदिरों के आसपास सफाई, पथ प्रकाश और शहर में पेयजलापूर्ति के लिए विशेष निर्देश भी दिये। उन्होंने बताया कि विशेष सफाई व्यवस्था नगर पालिका द्वारा की जा रही है साथ ही श्रद्धालुओं के लिए पानी व पथ प्रकाश की विशेष व्यवस्था रहेगी ताकि किसी भी श्रद्धालुओं को परेशानी ना हो इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, वरिष्ठ लिपिक उमेश सैनी, लेखाकार सोनू पिवाल, जितेश कुमार, मधुसूदन गोयल,राजू बादशाह, दुलीचंद गिहार, राजेन्द्र सिंह, गुरबचन सिंह, शेंकि अग्रवाल आदि मौजूद रहे



# अनुशासित होकर जीवन में आगे बढ़ने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के मोहल्ला बुध नगर नाईपुरा में स्थित संेट सैफ पब्लिक इंटर कॉलेज में शनिवार को वार्षिक परीक्षा फल का वितरण किया गया। कक्षा में प्रथम आने वाले छात्र-छात्राओं को प्रबंध समिति की ओर`स पुरूस्कृत किया गया। विद्यालय द्वारा जारी प्रेस

**■ सेंट सेफ इण्टर कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित**

विज्ञप्ति के अनुसार क्लास नर्सरी में इंदु, क्लास केजी में राजू, क्लास फर्स्ट में आर्यन, क्लास सेकंड में इल्मआ, क्लास थर्ड में फैजी, क्लास फोर्थ से सोनाक्षी, क्लास फिफ्थ में यशिका, क्लास सिक्स में दिव्यांशी, क्लास सेवंथ से अदीबा, क्लास 8 से अभिषेक, क्लास नाइंथ ए से सना, क्लास नाइंथ बी से नूर सबा, क्लास 11जी ए से स्वाजा, क्लास 11 जी से पायल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रबंधक इकबाल अहमद सैफी ने अपनी, अपनी कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य युसूफ अली ने छात्र/छात्राओं को जीवन में अनुशासित रहकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इस अवसर पर नीरज कुमार, कमल सिंह, चौहान जगबीर सिंह, आदिल खान, सैयद साकिब हुसैन, मधु शर्मा ,संतोष, रंजना वर्मा, वीरेंद्र कुमार एवं सुनील कुमार मौजूद रहे।


गजरौला। बच्चों को पुरूस्कृत करते प्रबंधक इकबाल अहमद सैफी।

# किसानों की समस्याओं को दूर करे केन्द्र व प्रदेश सरकार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की पंचायत का आयोजन शनिवार को नगर के अधिशासी अभियंता के कार्यालय पर हुआ। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार को किसानों की समस्याओं का समाधान तत्परता के साथ करना चाहिये, क्योंकि किसान दिन रात मेहनत करके देशवासियों का पेट भरने का काम करता है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मांगेराम त्यागी ने कहा कि केन्द्र सरकार से किसान पिछले काफी समय से मांग करते चले आ रहे हैं कि एमएसपी का कानून बनना चाहिये, लेकिन केन्द्र सरकार एमएसपी कानून नहीं बना रही है। कहा कि गांवो के फीडर पर बिजली की आपूर्ति कम से कम

**■ भाकियू अराजनैतिक की बैठक का आयोजन**

दस घंटे मिलनी चाहिये ताकि किसान अपने खेतों की सिंचाई भली प्रकार से कर सके। उन्होंने कहा कि जर्जर तारों को बदलवाया जाए, ताकि आए दिन होने वाले फाल्टों से निजात मिल सके। जिला महासचिव असलम ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने हमेशा ही किसानों की समस्याओं को मुखरता के साथ रखा है, आगे भी यह सिलसिला चलता रहेगा। उन्होंने केन्द्र व प्रदेश सरकार से अपील करते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं को दूर करें। इस मौके पर जिलाध्यक्ष कावेन्द्र सिंह, मुस्तकीम, रावेन्द्र सिंह, योगेन्द्र सिंह आदि समेत अनेकों किसान मौजूद रहे।

# परीक्षाफल वितरण समारोह में मेधावी बच्चे पुरस्कृत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ज्ञान भारती इण्टर कॉलिज में वार्षिक परीक्षा फल वितरण का आयोजन किया गया। प्रबंधक व नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रोहताश कुमार शर्मा व प्रधानाचार्य पवन गिरि गोस्वामी ने कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर

**■ ज्ञान भारती इण्टर कॉलेज में हुआ आयोजन**

सम्मानित किया। विद्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार कक्षा-06 में कार्तिक, सृष्टि गर्ग व कुमकुम, कक्षा-07 में आलिया, निधि व लक्ष्मी, कक्षा-08 में लिपिका, चाँदनी व दिव्या वर्मा क्रमश प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। सीनियर वर्ग में कक्षा- 09 में नेहा गौड़ प्रथम, रिया द्वितीय तथा नीलम कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मानविकी वर्ग कक्षा 11 में दीक्षा ने प्रथम, नैन्सी ने द्वितीय तथा निशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान वर्ग में खुशी ने प्रथम, शिवम ने द्वितीय तथा प्रियांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य वर्ग में नीतिका ने प्रथम, हिमांशी ने द्वितीय तथा तुलसी गोस्वामी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य / व्यवसायिक वर्ग में सलमान खान ने प्रथम, सानिया ने द्वितीय तथा मंतशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य पीजी गोस्वामी ने छात्र/छात्राओं के प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय प्रबन्ध समिति के पदाधिकारी व समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।



गजरौला। बच्चों को पुरूस्कृत करते प्रबंधक व प्रधानाचार्य।

# अपर आयुक्त ने राजस्व वसूली बढ़ाने पर दिया जोर

## तहसील व नगर पालिका का किया निरीक्षण, 15वें वित्त के कार्यो की ली जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** अपर आयुक्त मंडल मुरादाबाद ने तहसील व नगरपालिका का निरीक्षण किया। तहसील के निरीक्षण में उन्होंने तहसील न्यायालयों, वसूली की समीक्षा के साथ-साथ संग्रह, भूलेख, खतौनी, आरके अभिलेखागार आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नगरपालिका में जल व गृहकर वसूली आवश्यक अभिलेखों, जन्म मृत्यु पंजीकरण के रजिस्टरों का भी अवलोकन किया। इसके अलावा तहसील परिसर के कार्यालयों में निरीक्षण कर जहां कमी मिली वहां पर सुधार के निर्देश दिए।

शनिवार को अपर आयुक्त मंडल मुरादाबाद सर्वेश गुप्ता ने तहसील व नगरपा. लिका का निरीक्षण किया। सबसे पहले अपर आयुक्त तहसील पहुंचे यहां उन्होंने एसडीएम न्यायालय, एसडीएम न्यायियक न्यायालय, तहसीलदार न्यायालय, भूलेख, नजारत, संग्रह, खतौनी, आरके अभिलेखागार का निरीक्षण कर विभागीय पत्रावलियों की गहनता से जांच की। राजस्व वसूली कम होने पर नाराजगी जताते हुए वसूली बढ़ाने, मौजा रजिस्टर बनाने, न्यायलयों में पुराने लंबित मामलों को जल्द निस्तारित करने व कुछ कमियां मिलने पर अधिकारियों को सुधार के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद अपर आयुक्त नगरपालिका कार्यालय पहुंचे यहां उन्होंने गृहकर, जलकर वसूली, जन्म मृत्यु पंजीकरण संबंधित अभिलेखों का अवलोकन किया पालिका में बने आरआरआर सेंटर का निरीक्षण किया। पालिका द्वारा 15वे वित्त से निर्माणाधीन कार्यो की जानकारी ली। कार्यो को तय समय मे गुणवत्तापूर्ण करने व साफ सफाई को बहेतर कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम चन्द्रकान्ता, एसडीएम न्यायिक ब्रजपाल सिंह, तहसीलदार मूसाराम थारू, नायब तहसीलदार राजपाल सिंह, श्रीपाल सिंह, ईओ अवधेश कुमार वर्मा, लिपिक उमेश सैनी, लेखाकार सोनू पिवाल, स्टेनो महेश कुमार, रजीव कुमार व श्याम सिंह आदि तहसील व पालिका अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।


मंडी धनौरा। तहसील का निरीक्षण करते अपर आयुक्तसर्वेश गुप्ता।

# जंगली सांड के हमले से एक युवक की मौत, दूसरा भाई घायल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं ।** खेत पर जा रहे दो सगे भाइयों पर जंगली सांड ने हमला कर दिया जिसमें बड़े भाई विष्णु 38 वर्षीय पुत्र जगदीश की मौके पर ही मौत हो गई दूसरा भाई नन्हे 19 वर्षीय पुत्र जगदीश निवासी ग्राम हजरतपुर थाना हजरतपुर घायल हो गया दिनांक 28 मार्च 2025 की शाम को समय करीब रात्रि 8:00 बजे विष्णु अपने भाई नन्हे के साथ खेत पर जा रहा था तभी रास्ते में जंगली साँड ने हमला कर दिया जिससे विष्णु की मौके पर ही मौत हो गई दूसरा भाई नन्हे घायल हो गया किसी तरह नन्हे ने परिवार वालों को सूचना दी जानकारी होते ही परिजन मौके पर पहुंचे और जाकर देखा की विष्णु की मौत हो चुकी है परिजनों ने थाना हजरतपुर को सूचना दी पुलिस मौके पर पहुंची और विष्णु के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बदायूँ भेज दिया और नन्हे के लिए जिला अस्पताल इलाज के लिए भेज दिया विष्णु पैर से विकलांग था बैशाखी के सहारे चलता था और मार्केट में दुकानों पर झाड़ू लगाकर अपना गुजारा करता था विष्णु के पिता की काफी पहले ही मौत हो चुकी है मां घर में है इस घटना से मां का तथा अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पूरी घटना थाना हजरत क्षेत्र के ग्राम हजरतपुर की है।

# जमीन पर जबरन कब्जा करने व धमकी देने पर आठ पर हुआ केस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** के गदरपुरा मोहल्ले में एक महिला ने अपनी जमीन पर जबरन कब्जा करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया है। बिसौली कस्बे के गदरपुरा मोहल्ले में एक महिला की जमीन पर जबरन कब्जा करने और धमकी देने के मामले में पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मोहल्ला गदरपुरा के रहने वाले बेबी अनस पत्नी मोहम्मद अनस ने बताया कि उपजिलाधिकारी मजिस्ट्रेट के आदेश के अनुपालन में 21 जनवरी 2025 को राजस्व विभाग और पुलिस बल की मौजूदगी में जमीन पर ठिये लगवाकर उसे उसके पक्ष में कर दिया गया था। इसके बाद महिला का आरोप है कि 20 मार्च को मोहल्ले के ही रहने वाले केसर मिया पुत्र कासिम, पप्पू, डब्लू और बब्लू पुत्रगण अब्दुल्ला, बाकिर अली पुत्र मेहदी हसन, आशीफ पुत्र जाकिर अली, मुबारिक पुत्र जाकिर अली और शाकिर अली पुत्र मेहदी हसन ने जबरन उसके खेत के ठिये उखाड़ दिए और ट्रैक्टर से जोतकर अपनी जमीन में मिला लिया। जब पीड़िता और उसके पति ने इस पर आपत्ति जताई, तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी।

# वकील से मारपीट, हेडकांस्टेबल के खिलाफ मुकदमे के आदेश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश में एक अधिवक्ता को थाने में हेड कांस्टेबल ने अभद्रता करते हुए मारा। कांस्टेबल ने गालियां दी और हाथ-पैर तोड़ने की धमकी दी। बार काउंसिल उत्तर प्रदेश का वेरिफिकेशन कराने थाने गए अधिवक्ता से हेड कांस्टेबल ने अभद्रता करते हुए ।

मारपीट कर दी। आरोप है कि कांस्टेबल ने गालियां दी और मारपीट करते हुए थाने आने पर हाथ-पैर तोड़ देने की धमकी दी। इसकी शिकायत एसएसपी से की, लेकिन एसएसपी ने कार्रवाई नहीं की। अधिवक्ता ने सीजेएम ने वाद दायर किया। जिस पर सीजेएस मोहम्मद तौसीफ रजा ने हेडकांस्टेबल के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए। इसके साथ मुकदमे की एक प्रति कोर्ट को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। अधिवक्ता रोहताश कुमार ने सीजेएम न्यायालय में दायर वाद में कहा कि उन्होंने विधि स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण की है।

उन्हें बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश में अपना पंजीकरण कराने के लिए थाना पुलिस से अपने पुलिस वेरिफिकेशन कराने थाने पहुंचे। थाने पर हेड कांस्टेबल अभिषेक गोयल से अपने आवेदन पर वेरीफिकेशन के बारे में जानकारी लेनी चाही। जिस पर हेड कांस्टेबल भड़क गये और अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगा। मना करने पर गालियां देने लगा। जिसके बाद वह थाने से वापस लौटने लगा। जैसे ही वह थाने के गेट पर पहुंचे, तभी हेडकांस्टेबल ने उनके साथ मारपीट की और थाने आने पर हाथ-पैर तोड़ देने की धमकी दी। किसी तरह उसके साथी सुनीत कुमार व अतीक खान ने उसे कांस्टेबल से बचाया। अधिवक्ता ने मामले की शिकायत एसएसपी से की,लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। सीजेएम मोहम्मद तौसीफ रजा ने वाद को स्वीकार करते हुए आरोपी कांस्टेबल में मुकदमा दर्ज करने के थाना प्रभारी को आदेश दिए हैं। इसके साथ मुकदमे की एक प्रति कोर्ट को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

# शिव मंदिर पर विशाल भंडारे का किया आयोजन



श्रद्धालुओं की जुटी भारी भीड़

**धर्मेंद्र कुमार दीक्षित, शाह टाइम्स**

**आसफपुर।** बीते शनिवार को उत्तर प्रदेश की तहसील बिसौली क्षेत्र के विकास खंड आसफपुर के अंतर्गत गांव दबथरा में विशाल भंडारे का आयोजन किया । इस धार्मिक कार्यक्रम में श्री बृजपुरी महाराज ने लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में निरंजनी अखाड़े के महंत प्रकाश पुरी , महंत सुखदेव पुरी महंत सुंदर पुरी महाराज , अवनीश पुरी, रामचंद्र पुरी व गांव के श्रद्धालुओं ने पूर्ण आहुति देकर पुण्य कमाया । यह धार्मिक कार्यक्रम 22 मार्च से शुरू होकर 29 मार्च तक अनवरत चला। जिसमें दबथरा के समस्त धार्मिक जनों की सहमति से स्थानीय श्री बृज पुरी महाराज गवां देवत सहित यहां के शिवमन्दिर के सिंहासन पर पदा सीन हुए हैं । श्रीबृजपुरी महाराज को स्थानीय गवां देवत सहित शिवमन्दिर के सिंहासन पर बैठाने की विधिवत रश्म चद्दर विधि द्वारा सर्व सम्मति से सम्पन्न हुई । इस धार्मिक पावन वेला पर बीते शनिवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जिसमें गांव दबथरा सहित आस - पास के इलाके मो. हकमपुर , मलखानपुर , हरदासपुर , सहावर शाह , आसफपुर , रतन पुर कोठी आदि गांव से भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने इस विशाल भंडारे में खीर पूड़ी का स्वाद चखा । इस धार्मिक कार्यक्रम के दौरान गांव दबथरा वाशिंदों में भारी उत्साह नजर आया । यह विशाल भंडारा कार्यक्रम शनिवार सुबह से देर शाम श्रीहरि इच्छा तक चला। भौगोलिक दृष्टि से यह विशाल शिव मंदिर उत्तर प्रदेश राज्य में जिला बदायूं की तहसील बिसौली क्षेत्र के गांव दबथरा में स्थित है । यह जानकारी स्थानीय गांव दबथरा में स्थित गंवा देवत व शिवमन्दिर के नवागत महंत श्रीबृजपुरी महाराज ने दी ।

# सवारी वाहन से ढोया जा रहा लोड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** यात्री वाहनों की सीटों और छतों पर सब्जियों का भारी ढुलाई हो रही है। वजीरगंज हाईवे पर टैक्सी और टेंपो चालक सवारी की बजाय सामान ले जा रहे हैं।

यात्री वाहनों की सीटों व छतों पर सब्जी मंडी से भारी मात्रा में सब्जियों को ढोया जा रहा है। हाईवे पर वजीरगंज में टैक्सी, टेंपो चालक सवारी ढोने की बजाय छत पर सामान लादकर ले जाते हैं। परिवहन नियमों के मुताबिक यात्री वाहन पर सामान नहीं ढोया जा सकता है।

नगर में आटो व ई-रिक्शा चालक क्षमता से अधिक यात्री लेकर चल रहे हैं और यात्री वाहन से सामान भी ढोते हैं। अफसरों को ऐसे वाहन चालकों पर कार्रवाई की जरूरत है।

# हिन्दू समुदाय की लड़की दुसरे समुदाय के घर से हुई बरामद



थाना फैजगंज बेहटा

**पंचू गोपाल,शाह टाइम्स**

**औरछी।** थाना क्षेत्र के एक गाव में बीती रात हिन्दू समुदाय की लड़की दुसरे समुदाय के घर से परिजनों ने बरामद की, वही सूचना पर पहुची पुलिस ने दुसरे समुदाय के लड़के को पब्लिक से बचाकर अपने साथ ले गई वही लड़की की हालत खराब देख परिजनो ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है । पूरा मामला थाना फैजगंज बेहटा इलाके के एक गाँव का है जहाँ पर बीती रात लगभग दस बजे हिन्दू समुदाय की लड़की दुसरे समुदाय के लड़के के घर से बेहोशी की हालत में मिलने से हड़कप मच गया बताया जाता है कि दुसरे समुदाय के लड़के को पब्लिक ने पिटाई लगा दी। सूचना पर पहुची पुलिस ने लड़के अपने साथ थाने ले गए, वही लड़की की हालत खराब देख परिजनो ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है जहाँ पर उसकी हालत में कुछ सुधार बताया लड़की की शादी सामूहिक विवाह में हो चुकी है। वही दो अलग-अलग समुदायों का मामला होने का थाना पुलिस ने गांव के पड़ोस की किशोर पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है गांव में सैलुन की दुकान चालाता है।

# नायब तहसीलदार ने विद्यालयों का किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** शनिवार को नायब तहस. ीलदार गिरजा शंकर यादव ने आधा दर्जन विद्यालयों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार के निर्देश दिए। प्राथमिक विद्यालय गहोरा, प्राथमिक विद्यालय रतनपुर, प्राथमिक विद्यालय ठिरिया, पीएम विद्यालय गुलड़िया का नायब तहस. ीलदार गिरजा शंकर यादव ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कुछ छात्रों से पाठ पढ़वाकर देखा, जिस पर छात्राएं कई जगह अटक गई। साथ ही अक्षर ज्ञान का हाल भी जाना। उन्होंने शिक्षकों को बेहतर तरीके से पढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने मिड डे मील भी चखा और विद्यालय में साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। श्री गिरजा शंकर ने विद्यालय के स्टाफ को निर्देशित किया कि वह प्रतिभाशाली छात्रों की आगे की पढ़ाई के लिए विद्या ज्ञान या नवोदय विद्यालयों में प्रवेश के लिए विशेष रुचि से मेहनत कराएं। नायब तहस. ीलदार ने शिक्षकों से बच्चों की उपस्थिति के बारे में पूछा और सही प्रकार से पढ़ाई करने के लिए कहा।

# राजस्व टीम ने की आसफपुर विकास खंड परिसर की सीमाओं की पैमाईश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर ।** शनिवार को बिसौली तहसील क्षेत्र के गांव आसफपुर में स्थित विकास खंड कार्यालय परिसर की सीमाओं की पैमाईश की गई । इस दौरान संबंधित कानूनगो धनपाल सिंह के नेतृत्व में लेखपाल राहुल कुमार सहित कई राजस्व कर्मचारियों ने विकास खंड कार्यालय परिसर के इर्द गिर्द फीता डालकर माप - तौल की ।

इस दौरान यहां के ब्लॉक प्रमुख माननीय ओमकृष्ण सागर सहित स्थानीय संभ्रांत लोग मौजूद रहे । जानकारी के मुताबिक विकास खंड कार्यालय परिसर का अब कद बड़ा होने के आसार हैं ।

# नेहरू पब्लिक जूनियर हाईस्कूल शेखूपुर में परीक्षाफल पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं।** सिलहरी नेहरू पब्लिक जूनियर हाई स्कूल शेखूपुर में वार्षिक परीक्षाफल वितरण का कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया इस मौके पर विद्यालय के व्यवस्थापक व प्रधानाचार्य श्री विनय कुमार राना जी ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया व बच्चों का भी उत्साह वर्धन किया और परीक्षा में अच्छे अंकों से पास होने पर सभी बच्चों के लिए बधाई दी। इसी क्रम में कक्षा एन. सी.में मोहम्मद अजान ने कक्षा में प्रथम स्थान, कु.माही ने कक्षा में द्वितीय स्थान, तथा अंश ने कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया।इसी क्रम में कक्षा एल.के.जी.में ने कु.अर्शी ने कक्षा में प्रथम स्थान, आयुष ने कक्षा में द्वितीय स्थान, तथा मंगेश ने कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया।इसी क्रम में यू.के.जी.कक्षा में कु. माहेनूर ने कक्षा में प्रथम स्थान,कार्तिक ने कक्षा में द्वितीय स्थान, तथा हर्षित ने कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में कक्षा एक में कु.विनीता ने कक्षा में प्रथम स्थान, राज गोस्वामी ने कक्षा में द्वितीय स्थान, तथा कु.राफिया ने कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में कक्षा 2 में कु.फातिमा ने कक्षा में प्रथम स्थान, अरमान ने कक्षा में द्वितीय स्थान, तथा हर्षित गोस्वामी ने कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में कक्षा तीन में कु.अक्शा ने कक्षा में प्रथम स्थान, कु.कोमल साहू ने कक्षा में द्वितीय स्थान, तथा मोहम्मद असद ने कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में कक्षा चार में सोहाहयात खान ने कक्षा में प्रथम स्थान, अनमोल ने कक्षा में द्वितीय स्थान, तथा कु.टिया ने कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में कक्षा 5 में कु.तुबा ने कक्षा में प्रथम स्थान,कु.अपेक्षा ने कक्षा में द्वितीय स्थान, तथा अरवाज ने कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में कक्षा 6 में कु.जोवियाह ने कक्षा में प्रथम स्थान,कु.दीप्ति ने कक्षा में द्वितीय स्थान, तथा ईशान ने कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में कक्षा 7 में कु.खुशबू सागर ने कक्षा में प्रथम स्थान, बॉबी वर्मा ने कक्षा में द्वितीय स्थान, तथा कु.सुहाना ने कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में कक्षा 8 में कु.सृष्टि ने कक्षा में प्रथम स्थान, सुमन वर्मा ने कक्षा में द्वितीय स्थान, तथा पवन ने कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम भी पेश कर सभी का मन मोह लिया।

इधर विद्यालय की प्रबंधिका सरिता रानी और प्रधानाचार्य विनय कुमार राना ने सभी छात्र- छात्राओं को शुभकामनाएं और बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर विद्यालय के उप. प्रधानाचार्य रामअवतार मिश्रा (जूनियर विभाग ),तथा उप. प्रधानाचार्य राघवेंद्र कुमार सक्सेना (प्रथमिक विभाग), राम सक्सेना, राजेश कुमार सिंह, रवि शंकर गौतम, गुड्डू यादव, शजार खान, गुलजार खान, सुनीता, नाजिया, फरहत नीलम, शाजिया उमर, रुखसार, आदि मौजूद रहे।


## एक नजर

### एडीओ ने पंचायत सहायकों की बुलाई बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर ।** शनिवार को स्थानीय विकास खंड कार्यालय पर यहां के सहायक विकास अधिकारी ( पंचायत ) लोकमन सिंह ने विकास खंड आसफपुर क्षेत्र के सभी पंचायत सहायकों की एक सामूहिक बैठक बुलाई जिसमें आगामी एक अप्रैल 2025 से शुरू होने वाले संचारी रोग अभियान को धरातलीय स्तर पर तेजी करने व डॉक्टरों की टीम के साथ अपेक्षित सहयोग करने व संचारी रोग अभियान को सफल बनाने के तौर तरीके बताए । इस एक दिवसीय बैठक में ए डी ओ पंचायत लोकमन सिंह ने उपस्थित सभी पंचायत सहायकों को नीयत समय से अपने अपने पंचायत भवन कार्यालय खोलने की सख्त हिदायत दी । उन्होंने बताया कि संचारी रोग अभियान को सफल बनाने के लिए सभी पंचायत सहायकों को स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ मिलकर रचनात्मक सहयोग करना उनका पुनीत कर्तव्य है । इस बैठक में आसफपुर विकास खंड क्षेत्र के गांव मन्नू नगर से दीपक कुमार यादव ब्लॉक अध्यक्ष , सीकरी से ज्योति व क्षेत्रीय विवेक , ओमवती , प्रीति , तिलस्मी ,मनोज कुमार , अनुज कुमार , सुरेंद्र कुमार , कासिम अली , तबस्सुम , गौरव ,यश पाल नरेंद्र व रहवर आदि मौजूद रहे ।यह संचारी रोग अभियान 1 अप्रैल 2025 से स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर हिमांशु कुमार के निर्देशन में चलाया जाएगा ।

### डीएम ने किया कोषागार के डबल लॉक का निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कोषागार के डबल लॉक का निरीक्षण किया। उन्होंने कोषागार में स्टांप वेरीफिकेशन किया साथ ही पैड लॉक का निरीक्षण किया। वैल्युएबल की जानकारी ली तथा विभिन्न पंजिकाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर कोषागार के अधिकारी सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद है।

**विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

कामिल खान ब्यूरो चीफ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221

Email: mkkhan741@gmail-com

# अलविदा जुमा सिर्फ रमजान के खत्म होने की निशानी नहीं, बल्कि ईद की खुशी का पैगाम देता है

## अलविदा जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से होने पर कोतवाल एसडीएम की सराहना

**कैलाश भारती ,शाह टाइम्स**

**इस्लामनगर।** माहे रमजान के आखिरी जुमे को तहसील भर के मस्जिदों में बहुत ही अदबी, एतराम के साथ अलविदा जुमे की नमाज अदा की गई।

जहां मस्जिद के शाही इमाम हाफिज नसीमुद्दीन साहब ने कहा कि अलविदा जुमा सिर्फ रमजान के खत्म होने की निशानी नहीं, बल्कि ईद की खुशियों का भी पैगाम देता है। इस्लामनगर हमेशा गंगा जमुनी तहजीब और भाईचारे का प्रतीक रहा है। नगर एवं क्षेत्र में शांति और भाईचारे के साथ नमाज अदा की गई। जिसके लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन व तहसील प्रशासन सहित एसडीएम श्रीमान रिपुदमन सिंह जी अपनी सादगी, व्यवहार, कुशलता व कुशल प्रशासनिक अधिकारी होने के कारण बधाई के पात्र हैं। नगर में हमेशा से भाईचारा कायम रहता है। चाहे हिंदू पर्व हो या मुस्लिम त्यौहार सभी लोग एक दूसरे को प्यार बांटते हैं। और खुशी-खुशी एक दूसरे के त्योहार मनाते हैं। और भाई भाई का फर्ज अदा करते हैं। नगर की जामा मस्जिद के शाही इमाम साहब नसीम भाई हिंदू मुस्लिम एकता की जबरदस्त मजबूत इमारत है। जिनका एतराम दोनो समुदाय बड़े श्रद्धा भाव से करते हैं। और हमेशा आपके सानिध्य में मिलजुल कर पर्व मनाते हैं। हाफिज नसीम भाई ने जुमे की नमाज अदा करवाई और पूरे मुल्क में अमन और भाईचारे को कायम करने और सला. मती की दुआ की। अपील करते हुए देशवासियों से कहा कि हम हमेशा एक रहे, नेक रहे, श्रेष्ठ रहे। सदैव देश का मन करते रहे। हिंदुस्तान के कण कण से बेशुमार प्यार करते रहे। देशवासियों की खिदमत करने की ताकत अल्लाह हमेशा देता रहे। जमाने में सभी तो अपने हैं, गैर की तस्वीर इस दिल में नहीं है। किस वजह से उन्हें पराया समझे, उनकी कुर्बानी अभी हम भूल नहीं है। वह हमारी आंखों पे हैं आंखों पर ही रहेंगे, वह हमारे हैं हम उनके हैं यह रिश्ते हमेशा ही रहेंगे।

# मेले में गाने की फरमाइश को लेकर दो पक्षों में मारपीट-फायरिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं ।** क्षेत्र के गांव सिकरोड़ी में चौत की तेरस पर तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया गया है। मेले में नृत्यांगनाओं द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया जा रहा है। क्षेत्र के गांव सिकरोड़ी में चौत की तेरस पर तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में नृत्यांगनाओं द्वार नृत्य प्रस्तुत किया जा रहा है। इसी दौरान मेले में आए दो पक्षों के बीच गाने की फरमाइश को लेकर कहासुनी हो गई, जो बढ़ते-बढ़ते टकराव में बदल गई। एक पक्ष ने गांव के एक युवक के घर के पास फायरिंग कर दी।

जिससे दूसरे पक्ष का एक युवक के छर्रे लग गए। हालांकि किसी भी पक्ष ने घटना की सूचना थाना पुलिस को नहीं दी, लेकिन मामले की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी अशोक कुमार कंबोज गांव पहुंचे और जांच की। हालांकि किसी भी व्यक्ति ने घटना की पुष्टि नहीं की। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार कंबोज ने बताया कि गांव अति संवे. दनशील श्रेणी में आता है, जहां तीन दिवसीय मेला चल रहा है। मेले में रात्रि के समय नाटक मंचन की अनुम. ति दी गई है। यदि नृत्यांगनाएं डांस कर रही हैं, तो उसे बंद कराया जाएगा। फायरिंग या गोली लगने की कोई सूचना थाने पर नहीं मिली है।

# गेहूं खरीद के लिए बनाए गए 114 क्रय केंद्र, 48 घंटे में होगा किसानों को भुगतान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव द्वारा रबी विपणन वर्ष 2025-26 हेतु गेहूँ खरीद की तैयारियों के सम्बन्ध में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार बदायूँ में जनपद के खरीद से सम्बन्धित अधिकारियों व कर्मचारियों एवं हैण्डलिंग व परिवहन ठेकेदारों के साथ बैठक आयोजित की गयी।जिलाधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारियों व कर्मचारयों एवं हैण्डलिंग व परिवहन ठेकेदारों को निम्न निर्देश दिये गये कि प्रत्येक क्रय केन्द्र प्रभारी गेहूं क्रय केन्द्रों पर समय से उपस्थिति दर्ज कराना सुनिश्चित करें।समस्त गेहूँ क्रय प्रभारी/मण्डी सचिव गेहूँ क्रय केन्द्रों पर समस्त व्यवस्थाएं जैसे- कृषकों के बैठने, पेयजल, गुड़ चना आदि पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि क्रय केन्द्र पर केन्द्र प्रभारियों का किसानो के प्रति सौम्य एवं शालीन व्यवहार हो। केन्द्र पर समस्त उपकरण, बैनर, समस्त अभिलेख एवं बोरों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये।उन्होंने कहा कि प्रत्येक केन्द्र प्रभारी अपने फोन किसान मित्र ऐप डाउनलॉड कर कृषक के आधार से एन0पी0सी0आई0 पोर्टल पर बैंक खाते की पी0एफ0एम0एस0 से सत्यापन की स्थिति चौक कर लें। जनपद में समस्त मोबाइल केन्द्र प्रभारी अपने केन्द्र के क्षेत्र में जाकर किसानों से खरीद हेतु सम्पर्क कर हैण्डलिंग एवं परिवहन ठेकेदारों को सूचित करते हुए आवक होने पर कार्ययोजना तैयार करना सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि जनपद को आवंटित गेहूँ क्रय लक्ष्य शत प्रतिशत पूर्ण करना सुनिश्चित करें। कृषकों से खरीदे गये गेहूँ का भुगतान 48 घण्टों में कृषक के बैंक खाते में पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि समस्त हैण्डलिंग ठेकेदार गेहूँ क्रय केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में श्रमिकों की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें। समस्त परिवहन ठेकेदार गेहूँ क्रय केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में ट्रक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी अतुल वशिष्ठ ने बताया कि खाद्य विभाग के 18, पी0सी0एफ0 61,पी0सी0यू0 11, यू0पी0एस0एस0 18 भा0खा0नि0 6 सहित कुल 114 क्रय केंद्र बनाए गए हैं।इस अवसर पर संबंधित अधिकारी व कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

# नि:शुल्क कोर्स करने हेतु करें आवेदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी बदायूँ ले0 कर्नल संदीप सिंह (अ0प्रा0) ने जानकारी दी है कि जनपद के भूतपूर्व सैनिक के आश्रितों, दिवंगत सैनिकों की पत्नियों एवं उनके आश्रितों, शहीद वीर नारियों एवं उनके अश्रितों को वित्तीय वर्ष 2025-26 में निदेशालय सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास उ0प्र0 लखनऊ द्वारा इनफारमेशन टेक्नोलॉजी प्रशिक्षण (480 घंटे) का कम्प्यूटर कोर्स, टैली प्रशिक्षण कोर्स (180 घंटे), एवं कम्प्यूटर फैशन डिजाइनिंग कोर्स (300 घंटे) नि:शुल्क सरकार द्वारा कराये जाने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि इच्छुक 12वी(इण्टरमीडियट परीक्षा) पास अभ्यर्थी अपना प्रार्थना पत्र, एक फोटो, आधार कार्ड की प्रति, हाई स्कूल व 12वीं की मार्कशीट की छायाप्रति इस कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में अतिशीघ्र जमा करायें।

# 5 अप्रैल तक 8 विकास खण्डों में चलेंगे एक-एक दिवसीय रोजगार मेले

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 मार्च से 05 अप्रैल 2025 तक जिला सेवायोजन कार्यालय बदायूँ के तत्वाधान में जनपद के 08 विकासखण्डों में एक-एक दिवसीय रोजगार मेला जी0डी0एक्स सिक्योरिटी कम्पनी प्रा0लि0 नोयडा द्वारा आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस कम्पनी द्वारा सुरक्षा कार्यों के लिए शिक्षित बेरोजगार युवाओं को स्थाई रोजगार दिये जाने हेतु पंजीयन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जी0डी0एक्स ग्रुप ग्रेटर नोयडा एवं भारत सरकार के पसारा एक्ट अधिनियम 2005 के तहत सुरक्षा जवान का चयन हुआ, वे सभी को 15 दिन के प्रशिक्षण के लिए टेनिंग सेन्टर परी चौक मेटो स्टेशन नियर सी0ओ0 एक्स0 नोयडा बुलागा गया है। भर्ती अधिकारी ने बताया कि आगामी रोजगार शिविर 02 अप्रैल को विकासखण्ड उझानी, 03 अप्रैल को विकासखण्ड वजीरगंज, 04 अप्रैल को विकासखण्ड दातागंज, और 05 अप्रैल को विकासखण्ड अम्बियापुर में सुवह 10:30 बजे से सायं 3:00 बजे तक रोजगार शिविर का आयोजन किया जायेगा। उपरोक्त कम्पनी में शिक्षित युवकों के लिए हाईस्कूल पास व शिक्षित बेरोजगारों के लिए नौकरी पाने का सुनहरा अवसर है। उन्होंने बताया कि सिक्योरिटी गार्ड के लिए हाईस्कूल पास उम्र 19 से 45 वर्ष कद 168 सेमी0 वजन 55किलो0 एवं सुपरवाइजर पद हेतु योग्यता इण्टर पास कम्प्यूटर ज्ञान उम्र 21 से 45 वर्ष होना अनिवार्य है।

सभी अपनी हाईस्कूल की अंकसूची एवं आधारकार्ड की फाटो कापी, एक पासपोर्ट साइज फोटो के साथ स्वयं उपस्थित होकर आफलाइन आवेदन कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार की योजना बेरोजगार युवाओं के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना है। शिक्षित बेरोजगारों के लिए उत्तर प्रदेश सरकार निजी क्षेत्र की कम्पनियों में रोजगार के अवसर प्राप्त करा रही है। उन्होंने समस्त अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे अपने सभी प्रमाण पत्रों एवं शैक्षिक योग्यता वॉयोडाटा सहित अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर इस योजना का लाभ उठायें। रोजगार मेला उ0प्र0 शासन की महत्वाकांक्षी योजना है। अधिकारी जानकारी हेतु भर्ती अधिकारी के मो0नं0-9220339702 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक हुई संपन्न

## यूनिवर्सिटी चौराहा से फतेहगंज पूर्वी तक स्ट्रीट लाईट एवं हाई मास्क लाईट एवं रोड साईड पर रिफ्लेक्टर एवं कैमरा लगवाने का किया गया अनुरोध

■ रिछा में फायर ब्रिगेड स्टेशन के निर्माण हेतु भूमि का चिन्हांकन कर प्रस्ताव भेजने के दिए निर्देश




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक विकास भवन स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में उद्यमियों द्वारा अवगत कराया गया कि विद्युत सुरक्षा विभाग द्वारा होटलों आदि को विद्युत सुरक्षा मानकों के नवीनीकरण हेतु पत्र जारी किया गया है, जिसमें सीधे एक लाख रुपए का जुर्माना व तीन माह की जेल का खुलासा किया गया है। हर तीन वर्ष में रिन्यूअल का प्राविधान है अत: नियमानुसार रिन्यूअल किया जाए। जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि विद्युत सुरक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों को अलग से बुलाकर पूरी जानकारी लेते हुए निर्देशित किया जाए।

बैठक में ग्राम पीपलसाना चौधरी में स्थित औद्योगिक क्षेत्र भोजीपुरा का पानी निकासी की समस्या बताई गई, जिस पर अवगत कराया गया कि धनराशि प्राप्त न होने के कारण नाला नहीं बन पाया है। उपायुक्त उद्योग को व्यक्तिगत रुप से परस्यू करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अवगत कराया गया कि पीएनसी द्वारा रिछा रोड पर स्ट्रीट लाईट नहीं लगायी गयी हैं, जिस पर अगली बैठक तक अनिवार्य रुप से कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में उद्यमियों द्वारा बांके बिहारी मंदिर के निकट स्पीड ब्रेकर बनाने की भी अपील की गई।

अध्यक्ष इण्डस्ट्रियल एसोसियेशन फरीदपुर गुरप्रीत सिंह द्वारा विगत बैठक में अवगत कराया गया था कि फरीदपुर औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगों में कार्य करने वाली लेबर कर्मचारी स्टाफ एवं उद्यमियों का आवागमन होता है। उनके द्वारा यूनिवर्सिटी चौराहा से फतेहगंज पूर्वी तक स्ट्रीट लाईट एवं चौराहा पर हाई मास्क लाईट एवं रोड साईड पर रिफ्लेक्टर एवं जगह-जगह कैमरा लगवाने हेतु अनुरोध किया है, जिससे उद्यमी एवं मजदूर कर्मचारी स्टाफ अपने आप को सुरक्षित महसूस करें। जिसपर चर्चा करने पर ज्ञात हुआ कि लाइट सही नहीं हुई है, जिसपर निर्देश दिए गए कि पत्र लिखवाया जाए कि इनके द्वारा काम नहीं किया जा रहा है।

यहां अध्यक्ष राईस मिलर्स एसोसियेशन अतहर हुसैन द्वारा अवगत कराया गया कि रिछा में लगभग 62 राईस मिल हैं, इतनी अधिक संख्या में राईस मिलें होने के बावजूद रिछा में फायर ब्रिगेड स्टेशन न होने के कारण हर समय आग से होने वाले खतरे का डर रहता है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पूर्णिमा सिंह, उपायुक्त उद्योग, सचिव बीडीए सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# राणा सांगा ने देश के साथ की गद्दारी: मौलाना तौकीर

■ मौलाना तौकीर ने की संभल के प्रशासन के बदलने की मांग, बोले ईद के बाद संभल में देंगे धरना

■ ईद पर संभल की घटना के विरोध में नहीं पहनेंगे नए कपड़े



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा ने अपने निवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा है कि बाबर ने कभी देश पर हमला नहीं किया, बल्कि राणा सांगा के बुलाने पर वह भारत आया। गद्दारी तो राणा सांगा ने देश के साथ की। उसने तो इब्राहिम लोदी पर हमला किया। बाद में सांगा के वादाखिलाफी से नाराज होकर हमला किया। मौलाना ने यह भी कहा कि दुनिया में बेचौनी अफरा तफरी का माहौल है, ईद रमजान का तोहफा है। इसे सादगी से मनाई जानी चाहिए। वहीं उन्होंने कहा कि हमारे बच्चे जो शहीद हुए हैं। इसलिए ईद पर नए कपड़े नहीं पहने जाएंगे। ईद में खुशियां नहीं मनाई जाएगी। 30 रोजों का जो तोहफा है उसको मनाया जाएगा। वहीं मौलाना ने मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड पर कहा कि बोर्ड ने अपने जन्म से कोई भी कारनामा नहीं किया है सिर्फ बर्बाद किया गया। मौलाना ने सीओ संभल पर आरोप मढ़ते हुए कहा कि पूरे हिंदुस्तान का माहौल बिगड़ रहा है। सीओ साम्प्रदायिकता फैलाने का काम कर रहा है। संभल में साजिश करके बड़ा कांड करा दिया। वहां से सीओ को तुरंत हटाना चाहिए। पूरे प्रशासन को बदलने के साथ मामले पर जांच होना चाहिए। साथ ही वहां धर्मनिरपेक्ष एमपी को वहां जाना चाहिए था। आप किस बात के एमपी, आप तो गए ही नहीं। वहीं उन्होंने औरंगजेब को लेकर कहा- इसका इतिहास सामने लाया गया है। बाबर ने हिंदुस्तान पर कभी हमला नहीं किया था। बाबर को हिंदुस्तान बुलाया गया था। मुसलमान गद्दार नहीं है, राणा सांगा ने अपने देश के साथ गद्दारी की है।

ईद के बाद संभल में धरना प्रदर्शन करेंगे। वहीं पीएम मोदी की सौगाते मोदी पैसे का दुरूपयोग है। अगर बांटना है तो हिंदुओं के त्यौहारों पर बांटे।

# ईदुलफितर व नवरात्रि पर विशेष सफाई के निर्देश जारी

■ मस्जिदों व मंदिरों के निकट गंदगी मिली तो होगी कार्यवाही



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** ईदुलफितर व नवरात्रि के पर्व पर नगर में बेहतरीन साफ सफाई करने के निर्देश चेयरमैन नीलोफर ने सफाई कर्मचारियों को दिए है।

चेयरमैन नीलोफर ने सफाई कर्मचारियों से साफ साफ कहा कि नगर में बेहतरीन साफ सफाई होनी चाहिए। विशेषकर मस्जिदों, ईदगाहों व मंदिरों के निकट यदि गंदगी मिली तो उस वार्ड के सफाई कर्मचारी व सफाई नायक के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। चेयरमैन नीलोफर ने कहा कि नालों की गंदगी कहीं सड़क पर नजर नहीं आना चाहिए। गंदगी को उठाकर फौरन आबादी के बाहर फेंकना होगा। पूरे कस्बे में बेहतरीन साफ-सफाई नजर आनी चाहिए। नगर पंचायत कार्यालय में बैठकर सफाई की निगरानी की जाएगी।

### टैंकों से सड़कों पर कराया पानी का छिड़काव

ईदुल फितर के मौके पर सड़कों पर उड़ती धूल से दुकानदार व ग्राहकों को हो रही परेशानी को देखते हुए चेयरमैन नीलोफर ने टैंकर से सड़कों पर पानी का छिड़काव कराया, जिससे कस्बे के लोगों विशेषकर दुकानदारों को धूल से बड़ी राहत मिली। ग्रामीणों ने ईद की खरीददारी की। बाजारों में खूब रौनक नजर आई। सड़कों पर जाम न लगे इसके लिए चौराहों पर पुलिस बल भी तैनात रहा।

### ईदगाह को जाने को डलवाई नई सड़क

ईदगाह तक जाने के लिए रास्ता बेहद खराब था। चेयरमैन नीलोफर ने इसे गंभीरता से लिया और उस खराब रास्ते पर विशेष अभियान चलाकर तत्काल नई सड़क बनवाकर रास्ता आसान बनाया गया है, जिससे कि किसी को ईदगाह तक पहुंचने में कोई परेशानी न हो। इसके अलावा ईदगाहों, मस्जिदों व मंदिरों तक सफेद चूना डलवाने के निर्देश दिए गए हैं तथा सभी रास्तों को दुरुस्त करा दिया गया है। अच्छी साफ सफाई करने वाले सफाई कर्मियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

ईदुल फितर का त्यौहार आपसी भाई चारे के साथ मिलजुलकर मनाएं। हमारे कस्बे की सदियों पुरानी आपसी भाई चारे की परंपरा को बनाए रखें। मिलजुलकर त्यौहार मनाने का आनंद ही निराला है। सभी नगरवासियों को हम तहेदिल से ईदुलफितर व नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं।

**नीलोफर पत्नी हाजी गुड्डू**
**चेयरमैन, नगर पंचायत, शीशगढ़**

# हमारा आंगन, हमारे बच्चे उत्सव में सम्मानित हुए बच्चे व सेवानिवृत शिक्षक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** शनिवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत बुनियादी साक्षरता और शिक्षा के सार्वभौमिकरण के लिए कस्बे के एक बैंकट हाल पर हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षा एवं जनजागरुकता की आवश्यकता पर बल दिया।

मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक डा. डीसी वर्मा, ब्लॉक प्रमुख प्रति. निधि सतेंद्र यादव, बीईओ भानुशंकर गंगवार की अध्यक्षता मे मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलंन कर शुभारंभ किया। संचालन एआरपी जनार्दन तिवारी ने किया। बच्चों ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर नाटक मंचन किया। बीईओ भानुशंकर गंग. वार ने विभागीय योजना के बारे में विस्तार से बताया। विधायक डा. डीसी वर्मा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में प्रकाश डाला। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सत्येंद्र यादव ने अध्यापकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की।

इसके साथ ही पुस्तक वितरण तथा बाल वाटिका के बच्चों सहित निपुण छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को पुरस्कृत किया गया। अतिथियों का बीईओ ने स्मृति चिन्ह देखकर स्वागत किया। इस दौरान 31 मार्च को सेवा. निवृत्त होने वाले शिक्षक कमलेश भारती, कंचन अग्रवाल, रामकुमारी, नुसरत जहां, प्रतिमा सक्सेना, अर्चना सिन्हा, नाहिद जमाल, शादाब शमीम और आनंद स्वरूप शर्मा को अंगवस्त्र, स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में सीडीपीओ कृष्ण चंद्र, सुपरवाइजर ललिता देवी, शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष कपिल यादव, एआरपी सौरभ बाजपेई, गौरव सक्सेना, हरिओम दत्त, नरगिस परवीन, दिग्विजय गंगवार, मनोज शर्मा, महेंद्रपाल गंगवार सहित शिक्षक, शिक्षिकाएं, आंगनबाड़ी कार्यकत्री आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### टुक टुक बाइक में टक्कर, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** सवारी लेकर शाही जा रही टुकटुक का बाइक से एक्सीडेंट हो गया, जिसमे बाइक सवार युवक सहित दो लोग गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को लिए इलाज के लिए अस्पताल भेजा।टुकटुक एवं बाइक को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा कर लिया।



मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव कुरतरा निवासी इस्लाम हुसैन भिटोरा फाटक से टुकटुक में सवारियां लेकर शाही जा रहे थे। सद्दाम हुसैन पुत्र अली हुसैन निवासी कुरतरा शाही की तरफ अपनी बाइक से आ रहा था। अगरास के आगे टुकटुक बाइक में आमने सामने से टक्कर हो गई, जिसमे बाइक सवार सद्दाम और टुकटुक पर सवार इस्लाम घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को ईलाज के लिए बरेली अस्पताल भेजा। कुछ सवारियों को हल्की छोटे आई वह अपने घर चली गई। पुलिस ने टुकटुक और बाइक को कब्जे मे लेकर थाने मे खड़ा कर लिया है।

### जल्द ही बरेली को मिलेगी एम्स की सौगात



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह द्वारा अवगत कराया गया है कि उनके द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जनपद बरेली में एम्स की स्थापना हेतु प्रस्ताव भेजा गया है।

उन्होंने बताया है मुख्यमंत्री योगी ने उक्त प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया है, और निकट भविष्य में जनपद बरेली को एम्स की सौगात मिलने की सम्भवना है।

पशुधन मंत्री ने बरेली में एम्स की स्थापना के लिए मुख्यमंत्री को भेजा प्रस्ताव

विगत कई वर्षो से बरेली की जनता एम्स की मांग कर रही है। बरेली में एम्स बनने से मंडल के समस्त जिलों समेत निकटवर्थी राज्य उत्तराखंड वासियों को भी उसका लाभ मिलेगा। उक्त के दृष्टिगत पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार को बरेली में एम्स की स्थापना हेतु प्रस्ताव भेजा है।

### पीएनबी की बहेड़ी शाखा की ओर से बांटे गए स्कूल बैग

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बहेड़ी।** पंजाब नेशनल बैंक शाखा बहेड़ी की ओर से अपने अंगीकृत गांव सियाठेरी के प्राथमिक विद्यालय में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व गति. विधि योजना के अंतर्गत स्कूल के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग वितरित किए गए। इस दौरान ग्राम प्रधान व समस्त ग्रामवा. सियों ने बैंक के इस कार्य की सराहना की। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक फराज अंसारी, कृषि अधिकारी अनूप, प्रधानाचार्य सादिक अली, ग्राम प्रधान इसरायल अहमद, बैंक मित्र अभिषेक सिंह, वीरपाल सिंह, श्याम सिंह, चंद्रपाल, सुरेंद्र सिंह व ग्रामवासी मौजूद रहे।

### मस्जिदों में मनाया गया जश्ने कुरान, हाफिजों को दिया नजराना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** नवाबगंज कस्बे में शुक्रवार को कई मस्जिदों में जश्ने कुरान मनाया गया। इस दौरान मस्जिद कमेटियों ने कुरान सुनाने वाले हाफिजों का फूल मालाएं पहनाकर इस्तकबाल किया और उन्हें नजराना पेश किया।

चौपला मस्जिद में हाफिज और कारी हाशिम रजा ने कुरान सुनाया। मस्जिद कमेटी के शकील अहमद, हाजी मो. याकूब अंसारी, हाजी मो. परवेज अंसारी, अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन के खजांची अनबार अहमद, हाजी अशफाक अहमद, पूर्व सभासद मेंहदी हसन ने कुरान मुकम्मल करने वाले हाफिज और कारी हाशिम रजा का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया, और उन्हें बस्ती के नमाजियों की तरफ से नजराना पेश किया। इसके साथ ही अस्पताल गौंटिया की नूरी मस्जिद में हाफिज मो. जुनैद ने कुरान मुकम्मल किया। मस्जिद में आयोजित जश्ने कुरान में मस्जिद कमेटी के सदर इरशाद अहमद, सेक्रेट्री रियाज अहमद, खजांची मो. आमिर ने कुरान मुकम्मल करने वाले हाफिज मो. जुनैद और मस्जिद के पेशे इमाम मो. इरफान का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया और उन्हें नजराना पेश किया। इस दौरान मस्जिदों में आयोजित जश्ने कुरान में उलेमाओं ने कुरान की फजीलत बयान की। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की।

# सदस्य राज्य महिला आयोग ने सिटी रेलवे स्टेशन के पास हुई घटना का मौके पर जाकर लिया जायजा



■ सदस्या ने श्री राममूर्ति स्मारक हॉस्पिटल में जाकर पीड़िता का लिया हाल-चाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** सदस्य राज्य महिला आयोग पुष्पा पांडे ने शनिवार को सिटी रेलवे स्टेशन के पास हुई घटना की घटनास्थल पर जाकर जायजा लिया, और जीआरपी रेलवे से घटना की विस्तृत जानकारी भी ली।

उक्त के उपरांत सदस्य राज्य महिला आयोग ने श्री राममूर्ति स्मारक हॉस्पिटल में जाकर पीड़िता का हाल-चाल लिया और हॉस्पिटल के स्टॉफ को बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। पीड़िता के पिता से बात की, साथ ही पीड़िता को शिक्षा गृहण करने हेतु स्कूल में प्रवेश कराने के लिए कहा। उन्होंने आरोपी के खिलाफ उचित कार्यवाही करने एवं सरकार द्वारा मदद दिलाने का भी आश्वासन दिया।

# शराब बिक्री के लिए बम्पर ऑफर देने पर भड़के आप कार्यकर्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बरेली।** आम आदमी पार्टी ने योगी सरकार द्वारा शराब बिक्री पर बम्पर ऑफर दिए जाने पर घोटाले का आरा. प लगाते हुए विरोध प्रदर्शन करते हुए महामहिम राज्यपाल आनंदी बेन ने सीएम योगी को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के नेताओं ने बताया कि योगी आदित्यनाथ सरकार घ्द्वारा शराब की एक बोतल के साथ दूसरी और तीसरी तक बोतल मुफ्त देने की योजना ने न केवल समाज को नैतिक रूप से कमजोर किया है, बल्कि यह राज्य के नागरिकों के स्वास्थ्य और भविष्य के लिए भी गंभीर खतरा उत्पन्न कर रही है। यह योजना यह संदेश देती है कि शराब को एक प्रोत्साहन के रूप में पेश किया जा रहा है, जिससे राज्य में शराब के सेवन को बढ़ावा मिलेगा। उत्तर प्रदेश राज्य में पहले से ही सामा. जिक और आर्थिक असमानताएं बढ़ रही हैं, और इस तरह की योजनाएं केवल इन असमानताओं को और बढ़ा सकती हैं। यह योजना हमारे युवाओं के लिए एक नकारात्मक संद. श भेजती हैं और शराब की लत को बढ़ावा देती हैं, जो स्वास्थ्य और समाज के लिए घातक है। वहीं प्रदेश भर में कई शराब दुकानों पर लोगों में होड़ मच चुकी है, लोग बंपर ऑफर का फायदा उठाना चाहते हैं। जिससे कानून व्यवस्था के बिगड़ने का भी लगातार खतरा बना हुआ है। आम आदघ्मी पार्टी यह मानती है कि उत्तर प्रदेश के जरूरी और अहम मुद्दों पर निर्णय लेने के बजाय समाज को नशे की तरफ धकेल कर योगी सरकार समाज को असली मुघ्द्दों से अटकाना चाहती है। शराब का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, और राज्य सरकार को इस मुघ्द्दे को गंभीरता से लेना चाहिए। आम आदमी नेताओं ने अपने ज्ञापन में यह भी मांग कि योगी सरकार घ्द्वारा शराब पर दिए गए बम्पर ऑफर को तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाए। साथ ही शराब के प्रचार-प्रसार पर सख्त रोक लगाई जाए, एवं शराच के बढ़ते अवैध कारोबार का खात्मा किया जाए। युवाओं और समाज के अन्य वर्गों में शराब से होने वाले नुकसान के बारे में जागरुकता अभियान बलाया जाए। शराब के दुरुपयोग के कारण हो रही सामाजिक समस्याओं को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। ज्ञापन के दौरान बड़ी संख्या में आम आदमी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नाबालिग लड़की के साथ घर में घुसकर दुष्कर्म करने का आरोप

शिकायत पर पुलिस ने युवक पर दर्ज किया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एक नाबालिग लड़की के पिता ने एक युवक पर घर में घुसकर पुत्री के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। इस मामले में लड़की के पिता ने मामले की तहरीर पुलिस को दी, जिसपर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।




थाना बहेड़ी के ग्राम तुलसमपुर निवासी एक युवक का कहना है कि दिनांक 22 मार्च को गांव के ही रहने वाला 25 साल का एक युवक रिजवान उसके घर में घुस गया, और उसकी 17 साल की नाबालिग लड़की के साथ जबरन दुष्कर्म किया। इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी युवक रिजवान उम्र 25 वर्ष पुत्र असगर निवासी ग्राम तुलसमपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। उधर बताया जाता है कि आरोपी युवक व युवती के घर आसपास हैं। लड़का-लड़के के बीच प्रेम प्रसंग होना भी प्रकाश में आया है।

### दरगाहों, खानकाहों व मस्जिदों की इन्तेजामिया कमेटी ने किया ईद की नमाज का वक्त मुकर्रर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** देश भर में ईद-उल-फितर का त्यौहार चांद के दीदार के बाद 31 मार्च या एक अप्रैल को मनाया जाएगा। ईदगाह समेत सभी प्रमुख दरगाहों, खानकाहों व मस्जिदों की इन्तेजामिया कमेटी ने ईद की नमाज का वक्त मुकर्रर कर दिया है। मुख्य नमाज बाकरगंज स्थित ईदगाह में सुबह साढ़े दस बजे अदा की जाएगी। शहर में सबसे पहले बाजार सन्दल खान स्थित दरगाह वली मियां में सुबह साढ़े छ: बजे नमाज अदा की जाएगी। दरगाह आला हजरत से जुड़े नासिर कुरैशी ने बताया कि सबसे आखिर में दरगाह आला हजरत की रजा मस्जिद में ग्यारह बजे नमाज अदा की जाएगी

# नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा का कांग्रेसीजनों ने किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी एवं महानगर कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा का पूर्व प्रत्याशी कैंट विधानसभा हाजी इस्लाम बब्बू ने अपने निवास पर फूल मालाएं पहनाकर और पगड़ी बांधकर जोरदार स्वागत किया।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कहा कि यह समय बहुत ही महत्वपूर्ण समय है हम सभी को एकजुट होकर कांग्रेस पार्टी की नीतियों को आगे बढ़ाना है, पिछले लंबे समय से जो संगठन काम कर रहा था उसी का और विस्तार करना है। महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश दद्दा ने कहा कि महानगर में वार्ड अध्यक्षों और वार्ड कमेटियों के गठन से लेकर बूथ कमेटियों का गठन भी शुरू कर दिया गया है, जिसका लाभ आगामी चुनावों में पार्टी प्रत्याशियों को मिलेगा। पूर्व महापौर प्रत्याशी गुरु जी डाक्टर केबी त्रिपाठी ने कहा कि जन समस्याओं के समाधान के लिए हर क्षेत्र की जनता के साथ समस्याओं को लेकर संघर्ष किया जाएगा, भाजपा डबल इंजन सरकार की गलत नीतियों के कारण आज हर वर्ग परेशान है। पूर्व कैंट विधानसभा प्रत्याशी हाजी इस्लाम बाबू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो सभी को साथ में लेकर चलती है, सभी का साथ सभी का विकास और राहुल गांधी देश के एक ऐसे नेता हैं जो हमेशा ही जनता के हितों को उठाते हैं और जनहित की बात करते हैं। इस मौके पर जियाउर्रहमान, कमरुद्दीन सैफी, उलफत सिंह कठेरिया, राजा, सभासद अकील, यूसुफ नन्हे, मो. शाहिद आदि लोग उपस्थित रहे।

# नवाबगंज में गन्ना समिति की बैठक में किसानों का हंगामा

■ मिल अधिकारियों से नोकझोंक, बैठक छोड़कर चले गए ओसवाल मिल अधिकारी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** नवाबगंज की सहकारी गन्ना समिति के किसान सभागार में आयोजित सहकारी विकास समिति की बार्षिक बैठक में किसानों ने गन्ना भुगतान को लेकर जमकर हंगामा काटा। बाद में ओसवाल चीनी मिल के जीएम के न आने पर समिति के अध्यक्ष निर्भय गंगवार ने मिल कर्मियों को बैठक से बाहर निकाल दिया। अपनी मिल कर्मियों के साथ हुए इस व्यवहार से नाराज मिल के एजीएम बैठक छोड़कर चले गये। बाद में जनप्रतिनिघ्धियों ने किसानों को शीघ्र गन्ना भुगतान कराए जाने का अश्वासन देकर शांत किया।

शनिवार को सहकारी गन्ना समिति के किसान सभागार में सहकारी विकास सामति की बार्षिक बैठक सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार और विधायक डाक्टर एमपी आर्य की अध्यक्षता में शुरू हुई। समिति के संच. ालक सदस्य लालबहादुर गंगवार ने किसानों का गन्ना भुगतान का मुद्दा उठाते हुये समिति और जनप्रतिनिघ्धियों से शीघ्र भुगतान कराने की मांग की। इसी बीच सहकारी गन्ना समिति के अध्यक्ष निर्भय गंगवार ने ओसवाल चीनी मिल के जीएम का बैठक में न आने का कारण मिल कर्मियों से पूछा तो वह जवाब नहीं दे सके। जिससे नाराज समिति अध्यक्ष निर्भय गंगवार ने ओसवाल चीनी मिल के कर्मियों को बैठक से बाहर करा दिया। समिति अध्यक्ष का यह व्यवहार मिल के एजीएम को नागवार लगा, तो वह भी कुछ देर बाद बैठक छोड़कर चले गए।

ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षक मणिकांत ने बैठक के कोरम को पढ़कर सुनाया। बैठक के दौरान ही गन्ना भुगतान को लेकर नाराज किसानों ने हंगामा काटना शुरू कर दिया। जिसपर विधायक डॉक्टर एमपी आर्य और सांसद छत्रपाल गंगवार ने किसानों को शांत कराया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि मैं सभी किसान भाईयों से क्षमा मांगता हूं कि मैंने मिल शुरू होने पर वायदा किया था कि 35 दिनों में गन्ना का भुगतान करवा दूंगा, लेकिन नहीं करा सका। लेकिन यह तय है कि किसान निराश न हो, अगली बार ओसवाल को एक भी क्रय केन्द्र पर गन्ना की तौल नहीं करायी जाएगी। सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों की समस्या को लेकर वह भी चितिंत है, गन्ने का भुगतान अभी तक अटका हुआ है जबकि किसानों को भुगतान अब तक हो जाना चाहिए था। इस मामले में केन्द्र और प्रदेश की सरकार से लगातार वार्ता की जा रही है।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# संस्कृति स्पार्क 2025 की प्रतियोगिताओं के विजेता हुए सम्मानित






**मथुरा।** संस्कृति विश्व विद्यालय में आयोजित स्पार्क–2025 के दूसरे दिन के पहले सत्र में सात विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता ने कहा कि जहां संस्कृति विवि विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय शिक्षा देने के लिए संकल्पित हैं वहीं इस बात के लिए प्रयासरत है कि विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभा सामने आए और वे इसका उपयोग कर सकें। डा. गुप्ता ने कहा कि आज हम गर्व कर सकते हैं कि हमारे विद्यार्थी शिक्षा के साथ–साथ अन्य क्षेत्रों में भी बराबरी से भागीदारी कर रहे हैं। संस्कृति स्पार्क एक ऐसा ही वार्षिक आयोजन है जिसमें ज्ञान,फैशन और कला के क्षेत्र में विद्यार्थियों को अपने कौशल प्रदर्शन का अवसर मिलता है। साथ ही विद्यार्थियों के मनोरंजन के लिए ख्यातिप्राप्त लोकप्रिय कलाकारों के कार्यक्रम कराए जाते हैं। उन्होंने कहा कि विश्व. विद्यालय प्रशासन की मंशा है कि विद्यार्थी पूरे साल पढ़ाई के दौरान अपने रुचिपूर्ण क्षेत्रों से भी जुड़े रहें और उन्हें उनमें भागीदारी का मौका मिले। संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एनबी चेट्टी ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जो प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं और जो नहीं ले रहे हैं और आयोजन को सफल कराने में जुटे हैं, दोनों ही सराहना के पात्र हैं। इन्ही प्रतियोगिताओं के क्रम में संस्कृति स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेन्ट के विद्यार्थियों ने व्यंजन प्रतियोगिता में भाग लेकर एक से एक बढ़कर व्यंजनों को तैयार किया। प्रतियोगिता के साथ यह भी विशेष बात रही कि उन्होंने अपने व्यंजनों को किस तरह से सजाया और किस सुन्दरता के साथ प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में अनेक प्रकार के मॉक ड्रिंक्स भी तैयार किये गये थे। इसके अलावा विभिन्न प्रान्तों के सुप्रसिद्ध व्यजनों को भी विद्यार्थियों ने बड़ी रुचि व परिश्रम से तैयार किया था। निर्णायक मंडल ने प्रत्येक स्टॉल पर जाकर विद्यार्थियों द्वारा तैयार किये गये पेय प्रदार्थों व व्यंजनों को देखा व जांचा व श्रेष्ठता के आधार पर निर्णय दिया। मेहंदी आर्ट प्रतियोगिता में छात्रा श्रेया कुमारी प्रथम, हर्शिता सिंघल द्वितीय व श्रेया सिंह ने तृतीय पुरुस्कार प्राप्त किया। नेल आर्ट प्रतियोगिता में कुमुद वार्ष्णेय प्रथम, श्रवन्थ कुमार द्वितीय व ऋतु फोजद्दार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। फेस पेन्टिंग प्रतियोगिता में श्रवन्थ कुमार प्रथम, शिवांगी द्वितीय व अंकिता सिंह तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं फोटोग्राफी में मार्थ वामशी कृष्णा प्रथम, पुष्पेन्द्र कुमार शर्मा द्वितीय और शिवेश मिश्रा तृतीय रहे। हिन्दी डिबेट प्रतियोगिता में यश श्रीवास्तव प्रथम, संध्या ठाकुर द्वितीय व महिमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ड्रामा प्रतियोगिता (अभिनय) "सुकन्या का संघर्ष" नाटक प्रथम स्थान, आनन्दी बाई जोशी को द्वितीय व लावलीन तृतीय स्थान पर रहे। सोलो डांस(एकल नृत्य) प्रतियोगिता में रितु–चौधरी प्रथम, ब्रजवाला द्वितीय व श्रीजना' साक्षी तृतीय रहीं। युगल नृत्य प्रतियोगिता में पायल, ज्योतिशा प्रथम, अस्मिता साई व रमादेवी द्वितीय, शुभाशु व कनिष्का तृतीय स्थान पर रहे। 'ग्रुप डांस कम्पनिशन' में राधा कृष्ण मायर डांस अपूर्वा एण्ड ग्रुप प्रथम, गणेश वन्दना अनूप एण्ड ग्रुप ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। योगा डांस में अशी एण्ड ग्रुप को सराहना मिली। टेक्नीकल पेपर प्रेजेन्टेशन प्रतियोगिता में महरीन फारूख प्रथम, अभिषेक तिवारी द्वितीय, पुनीत शर्मा, अरुण व अंशत सम्मिलित रूप से तृतीय स्थान पर रहे। फैशन शो कम्पटीशन में गेलेक्सी ग्लो में संजना प्रथम, बिशा द्वितीय, लवली तृतीय स्थान पर रहीं। केन्डी फ्लैश में तिमोर प्रथम, मारथा द्वितीय व लीका तृतीय स्थान पर रहीं। बनारस के परम्परागत परिधानों का बनारस की विरासत के बैनर तले प्रदर्शन के लिए रघुवंश को प्रथम, महिमा द्वितीय व रेवो को तृतीय स्थान मिला। डुएट राउंड में निकिता और देवेश प्रथम, अर्पिता सिंह और तंजील द्वितीय, अदिति गोभेका और विराट चौधरी तृतीय स्थान पर रहे। अंग्रेजी डिबेट कम्पटीशन में गुशनशी और जितेन्द्र कुमार यादव प्रथम, विकास श्रीवास्तव और नेहा द्वितीय, खुशी और नेहामिहा होवे तृतीय स्थान पर रहे। इन सभी विजेताओं को प्रमाणपत्र और पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# 102 ग्राम पंचायत मानकों को पूरा कर टीबी मुक्त




मथुरा। विश्व क्षय रोग दिवस के उपलक्ष्य में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में बीएसए कॉलेज के श्यामा चरण स्मृति सभागार में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 102 ग्राम पंचायत के प्रधानों को प्रशस्ति पत्र और गांधीजी की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया द्य इस समारोह में जनपद मथुरा की उन ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया गया जिन्होंने क्षय रोग (टीबी) के खिलाफ इस लड़ाई में अभूतपूर्व योगदान दिया है द्य

जिलाधिकारी ने सभी ग्राम प्रधानों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी लोग गांवों को स्वच्छ रखने के लिए मिलकर प्रयास करें जिससे कि टीबी या अन्य कोई भी बीमारी न फैले और सभी जनपदवासी स्वस्थ्य रहें साथ ही उन्होंने अपील की कि ब्रज की धार्मिक नगरी मथुरा के वृन्दावन, दाऊजी, बरसाना, नंदगांव और गोवर्धन जैसे स्थलों पर कई धार्मिक मेले लगते हैं जिनमें लाखों श्रद्धालु आते हैं जिनके मन में ब्रज की रज के लिए बहुत सम्मान है,अगर ब्रज की गालियां, सड़के, पार्क और सभी गांव स्वच्छ होंगे तो सभी के मन में पवित्रता के साथ गर्व की भावना भी होगी ।

जिलाधिकारी ने कहा कि यह सिर्फ एक पड़ाव है, मंजिल नहीं। हमें अभी और प्रयास करने हैं ताकि जनपद की हर ग्राम पंचायत टीबी मुक्त हो सके। यह हमारा सामूहिक दायित्व है कि हम इस बीमारी को जड़ से खत्म करें। आज का यह सम्मान समारोह हमें नई प्रेरणा देगा कि हम एकजुट होकर इस लक्ष्य को प्राप्त करें । मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय कुमार वर्मा ने बताया कि हमारे यहाँ टीबी की जाँच, उपचार और रोगियों की सफलता दर में लगातार सुधार हो रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अथक प्रयासों और समुदाय के सहयोग से हमने टीबी के मामलों की शीघ्र पहचान, प्रभावी उपचार और रोगियों के ठीक होने की दर में उल्लेखनीय प्रगति की है। यह हमारी संयुक्त मेहनत का सकारात्मक परिणाम है। टीबी मुक्त ग्राम पंचायत कार्यक्रम का उद्देश्य हमारे गाँवों को टीबी से पूरी तरह मुक्त करना है। इसके लिए कुछ आवश्यक सूचकांक निर्धारित किए गए हैं, जैसे टीबी के नए मामलों का शून्य होना, मरीजों का पूर्ण उपचार, और समुदाय में जागरूकता व रोकथाम के उपायों का प्रभावी कार्यान्वयन। सीएमओ ने कहा कि हमें गर्व है कि इस वर्ष जनपद मथुरा में कुल 102 ग्राम पंचायतों ने इन मानकों को पूरा कर टीबी मुक्त का दर्जा हासिल किया। इनमें से 78 ग्राम पंचायतों को ब्रॉन्ज मेडल और 24 को सिल्वर मेडल से सम्मानित किया जा रहा है । यह उपलब्धि पिछले वर्ष 2023 की तुलना में एक बड़ी उपलब्धि है, जब हमने 54 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया था। उन्होंने कहा कि यह सफलता आम सहभागिता के बिना संभव नहीं थी। चाहे वह ग्रामवासी हों, स्वास्थ्य कर्मी हों, प्रशासन या ग्राम पंचायत के प्रतिनिध इस अभियान की रीढ़ हैं। सभी ने जागरूकता फैलाने, मरीजों को प्रोत्साहित करने और उपचार प्रक्रिया में सहयोग देकर इस मुहिम को सफल बनाया है। इस अवसर पर सीएमओ ने आभार व्यक्त करते हुए हुए कहा कि मैं निक्षय मित्रों की भूमिका को विशेष रूप से रेखांकित करना चाहता हूँ। निक्षय मित्र बनकर मरीजों को गोद लेना और उन्हें पोषण, सहायता व भावनात्मक समर्थन प्रदान करना इस अभियान का एक अनूठा पहलू है। इस अवसर पर परियोजना निद. शक अरुण कुमार उपाध्याय, बीएसए कॉलेज के प्राचार्य डॉ ललित मोहन शर्मा , जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ संजीव यादव , डॉ भूदेव सिंह, डॉ रोहिताश , डॉ पारुल शर्मा, आलोक तिवारी तथा स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित

# हाजी मोहम्मद यामीन ने रोजे की शिरकत पर आए रोजेदारों का शुक्रिया अदा किया



**मथुरा।** श्री कृष्ण की नगरी में मुस्लिम भाइयों के रोजा इफ्तार में अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पाठक सहित सभी राजनीतिज्ञ दलों के पदाधिकारियों ने शामिल होकर एक बार फिर गंगा जमुनी तहजीब की मिशाल की पेश की।

हमारे संवाददाता को यामीन कमरे बालो ने बताया कि एक विशेष रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन विशेष महत्व रखता है। कार्यक्रम में रोजेदारों के साथ विभिन्न समुदायों के लोग एक साथ बैठे। अजान की आवाज के साथ ही सभी ने मिलकर इफ्तार किया। उन्होंने कहा कि जब सभी समुदाय के लोग एक साथ बैठ कर सामाजिक सौहार्द को मजबूत करता है। हम सभी राजनीतिज्ञदलो का हम धन्यवाद देते है। अखिल भारतीय तीर्थपुरोहित महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पाठक ने बताया कि यहां मथुरा शहर में हाजी यामीन कमरे वालो ने जिलेभर के मुस्लिमजनो को रोजा (उपवास) के बाद इफ्तार में शामिल हुए जो देश मे अमन चौन की दुआ के साथ खोला रोजा इफ्तार खोला गया। यह एक ऐसा शब्द है जो भारत की सांस्कृतिक विविधता और विभिन्न धर्मों के बीच सह–अस्तित्व को दर्शाता है। इस मौके पर कैमरा वाला परिवार के धनी कुरैशी ने बताया कि यह आयोजन हर साल की तरह इस साल भी कराया गया है। रोजा इफ्तार पार्टी में रियाजुद्दीन कुरैशी, शाही मस्जिद ईदगाह के सचिव तनवीर अहमद, हाजी पटवेज पत्रकार आदि मौजूद रहे।

# फर्जी तरीके से मकान का बैनामा करवाने वाला 15 हजार का इनामी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** थाना दोघट पुलिस ने फर्जी पहचान पत्र बनवाकर एक मकान का बैनामा कराने वाले 15 हजार के इनामी को दोघट पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया है।




थाना दोघट पुलिस व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने वांछित चल रहे धेखाधडी के आरोपी 15 हजार के इनामी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी के अनुसार 28 दिसम्बर 2020 को कस्बा टीकरी निवासी रूबल राठी ने थाना दोघट में अरूण असोक, गोरव, पप्पू, कवरपाल हलवाई तत्कालिन बैक प्रबंधक दिव्येस फिल्ड ऑफिसर गोरव आदि के विरूध धोखाधडी का मुकदमा दर्ज कराया था। उसका आरोप था कि आरोपियों ने बैंक अधिकारियों से मिलकर उसके पिता शक्रमपाल व चाचा विजयपाल के फर्जी पहचान पत्र बनवाकर बैक से 10लाख को फर्जी लोन करा लिया और उनके मकान का बैनामा करा लिया। आरोपी वर्ष 2020 से फरार चल रहा था। एसपी ने आरोपी अशोक की गिरफ्तारी पर 15 हजार का इनाम घोषित किया था। शनिवार को थाना दोघट व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने वांछित आरोपियों की गिरफतरी के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान 15 हजार के इनामी अशोक निवासी गांव पसवाड़ा जिला मेरठ को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विविध कार्रवाई करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया है।

# 6 करोड़ से अधिक धनराशि से शहर में बहेगी विकास की गंगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के अंतर्गत शहर में डिजिटल पुस्तकालय स्मृति हाल ओपन स्पेस पार्क ओपन जिम गेस्ट हाउस और सीसी रोड निर्माण के लिए 6 करोड़ से अधिक रुपए के कार्य स्वीकृत किए गए हैं इसके लिए पहली किस्त भी जारी कर दी गई है।




नगर पालिका अध्यक्ष डॉक्टर आस्था अग्रवाल ने बताया कि पिछले दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के दौरान उन्होंने नगर पालिका परिषद पीलीभीत क्षेत्र में डिजिटल लाइब्रेरी, मेमोरियल हॉल, पालिका का गेस्ट हाउस, ओपन जिम, ओपन स्पेस पार्क और सीसी रोड निर्माण के लिए मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना से कार्य कराए जाने की मांग की थी जिस पर सभी कार्य शासन द्वारा स्वीकृत हो गए हैं और उसकी पहली किस्त भी जारी हो गई है डॉ आस्था ने बताया कि जल्द ही टेंडर निक. ालने के बाद यह सभी कार्य शुरू हो जाएंगे और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कि भाजपा सरकार के नेतृत्व में शहर में विकास की गंगा बहेगी। उन्होंने बताया कि डिजिटल पुस्तकालय स्मृति हाल के निर्माण हेतु कार्ययोजना में 365 लाख स्वीकृत हुए। आवास विकास में ओपन स्पेस पार्क, ओपन जिम का निर्माण एवं सौंदर्यकरण कार्य हेतु कार्ययोजना में रु 54 लाख स्वीकृत हुए। शहर में सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य हेतु कार्ययोजना में 1 करोड़ 8 लाख स्वीकृत हुए। गेस्ट हाउस का निर्माण मेस्टन लाइब्रेरी के पास हेतु कार्ययोजना में 114 लाख स्वीकृत हुए हैं। बताया कि मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना अंतर्गत नगर पालिका परिषद पीलीभीत मे कम्युनिटी हॉल / शादी हॉल हेतु 10 करोड़ 49 लाख का प्रस्ताव शासन में विचाराधीन है। आशा है जल्द ही उक्त प्रस्ताव की स्वीकृति नगर पालिका परिषद पीलीभीत को प्राप्त होगी। पालिका अध्यक्ष डॉक्टर आस्था अग्रवाल द्वारा स्वीकृत कराए गए इन कार्यों की खबर मिलने पर सभासदों ने उन्हें बधाई दी।

# मां ज्वाला की ज्योत मन्दिर में की स्थापित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी नवरात्र से पूर्व चामुंडा मंदिर पर मां ज्वाला की ज्योत को स्थापित किया गया। धूमधाम से नगर में मां ज्वाला ज्योति यात्रा निकाली गई। जिसमें श्रद्धालु माता के भजनों पर झूमते हुए चल रहे थे।

शनिवार को प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी नवरात्रों से पूर्व हिमाचल प्रदेश से मां ज्वाला देवी मंदिर से भक्तों द्वारा माता रानी की ज्योत लाई गई। मां ज्वाला की ज्योत यात्रा ब्लॉक तिराहे से शुरू होकर अंबेडकर पार्क से होती हुई बाजार बजाजा, मोहल्ला महल, कायस्थान होते हुए मां चामुंडा मंदिर पर समापन हुई।

मां ज्वाला ज्योति यात्रा में डीजे की धुन पर श्रद्धालु झूमते हुए चल रहे थे। वही ज्योत यात्रा में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल मौजूद रहा। इस अवसर पर उषा शर्मा, पंडित प्रदीप शर्मा, निकुंज शास्त्री, वेद प्रकाश यादव, राजेंद्र यादव, नरेश ठाकुर,कमल शर्मा, उज्जवल वर्मा, नितेश अग्रवाल, बृजपाल ठाकुर आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# परीक्षा प्रमाण पत्र वितरित कर, शील्ड और मेडल से किया सम्मानित

**बरखेड़ा।** शनिवार को एसजेके ज्ञान स्थली–सुहास, बरखेड़ा में सत्र 2024–25 के परीक्षा परिणाम घोषित कर कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र व छात्राओं को विद्यालय डायरेक्टर राजेश पटेल ने शील्ड और मैडल देकर सम्मानित किया। सम्मान पाकर बच्चों और उनके अभिभावकों के चेहरे खिल उठे। विद्यालय में बेहतर परिणाम के लिए शिक्षकों और बच्चों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में बच्चे के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए विद्यालय डायरेक्टर राजेश पटेल ने कहा कि ग्रामीण अंचल में एसजेके ज्ञान स्थली–सुहास पीलीभीत ने हमेशा नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यहां पर प्रशिक्षित और अनुभवी स्टाफ की वजह से शिक्षा के क्षेत्र हमेशा नयी पहचान स्थापित किया है। आगे डायरेक्टर–इराजेश पटेल ने कहा कि ग्रामीण अंचल में शहरी शिक्षा के लिए विद्यालय अपनी एक स्वच्छ छवि के लिए जाना जाता है। विद्यालय प्रबंधन शहरों से योग्य और अनुभवी स्टाफ को लाकर ग्रामीण अंचल के बच्चों को कम शुल्क में बेहतर शिक्षा के लिए हमेशा प्रयासरत हैं। विद्यालय निर्धन बेसहारा बच्चों को मदद के लिए हमेशा तत्पर हैं।

# सिद्देश्वर पंचमुखी हनुमान बाबा चैरिटेबल ट्रस्ट पीलीभीत की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय संबंध चिकित्सालय के रक्त केंद्र में श्री सिद्देश्वर पंचमुखी हनुमान बाबा चैरिटेबल ट्रस्ट पीलीभीत की ओर से रक्तदान शिविर का सफल आयोजन प्राचार्या डॉ संगीता अनेजा के मार्गदर्शन में किया गया।

शिविर का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ रमाकांत सागर के द्वारा किया गया। तत्पश्चात विभाग अध्यक्ष डॉक्टर विभूति गोयल के द्वारा संस्था के अध्यक्ष शिरीष सक्सेना का रक्त केंद्र का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। रक्त केंद्र प्रभारी डॉक्टर परीक्षित सिंह के द्वारा समस्त रक्तदाताओं को बैच लगाकर सम्मानित किया गया।

# जनपद की 61 ईदगाहों, 338 मस्जिदों में अदा की जाएगी ईद उल फितर की नमाज

ihyhHkhrA अलविदा की नमाज शांतिपूर्वक होने के बाद अब जिला प्रशासन ईद की तैयारियों में जुट गया है। ईद को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा संबंधी होमवर्क पूरा कर लिया है। जिले को चार जोन और 17 सेक्टरों में बांटरकर सुरक्षा खाका तैयार किया गया है। सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखी जाएगी। सभी मस्जिदों, ईदगाहों और मिश्रित आबादी वाले स्थानों पर फोर्स की तैनाती की जाएगी। डीएम संजय कुमार सिंह और एसपी अविनाश पाण्डेय ने संयुक्त रूप से बताया कि अलविदा और ईद–उल–फित्र को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिले को चार जोन और 17 सेक्टरों में बांटा गया है। इसके अलावा 58 सब सेक्टर

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581–2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल–9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# प्रशासन ने की बड़ा एक्शन, बिना एनओसी चल रहे ईट भट्टे को किया सीज़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** क्षेत्र में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने बिना पॉलिशन एनओसी के चल रहे ईट भट्टे को सील कर दिया है। इस कार्रवाई से ईट भट्टा स्वामियों में खलबली मच गई है और वह प्रशासन के इस फैसले के खिलाफ विरोध कर रहे हैं। प्रशासन के अधिकारियों ने बताया है कि ईट भट्टा स्वामियों ने पॉलिशन एनआ.सी के बिना ही ईट भट्टा चलाना शुरू कर दिया था, जो कि अवैध है। उन्होंने बताया है कि प्रशासन ने ईट भट्टा स्वामियों को कई बार नोटिस जारी किया था, लेकिन उन्होंने अवैध रूप से ईट भट्टा चलाना जारी रखा। इस कार्रवाई के बाद, ईट भट्टा स्वामियों ने प्रशासन के खिलाफ विरोध भी किया और उन्होंने अपने ईट भट्टा को फिर से चलाने की मांग की है। लेकिन प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि वह अवैध रूप से चल रहे ईट भट्टे को नहीं चलने देगा। इस कार्रवाई के बाद, स्थानीय लोगों ने प्रशासन की कार्रवाई का स्वागत किया है। उन्होंने बताया है कि अवैध रूप से चल रहे ईट भट्टे से उनके इलाके में प्रदूषण की समस्या बढ़ गई थी। उन्होंने कहा कि प्रशासन की इस कार्रवाई से उनके इलाके में शांति और स्वच्छता बनी रहेगी। प्रशासन के अधिकारियों ने बताया है कि वे अवैध रूप से चल रहे ईट भट्टे के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि वे सुनिश्चित करेंगे कि ऐसे ईट भट्टे जो अवैध रूप से चल रहे हैं, उन्हें बंद कर दिया जाए और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।




इस कार्रवाई से यह स्पष्ट होता है कि प्रशासन अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है और वह सुनिश्चित करेगा कि ऐसी गतिविधियों को रोका जाए और कानून का पालन किया जाए।

# सड़क हादसों में महिला सहित दो घायल, एक रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** गुरुवार देर रात हुए अलग-अलग सड़क हादसों में महिला समेत दो लोग घायल हो गए। जिनको उपचार के लिए साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से डॉक्टरों ने हालात को गंभीर देखते जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

तहसील क्षेत्र के सैफनी निवासी आकिल को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिसमें आकिल बुरी तरह जख्मी हो गए वही दूसरी तरफ अल्फगंज निवासी गीता भी सड़क हादसे में घायल हो गई। दोनों को उपचार के लिए एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। दोनों को प्राथमिक उपचार देकर जिला हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# रामगंज मार्ग के समीप हो रही प्लाटिंग पर प्रशासन का चला बुलडोजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** शुक्रवार को नगर में प्रशासन ने एक बड़ी कार्रवाई की है, जहां रामगंगा मार्ग के पास अवैध प्लाटिंग पर बुल्डोजर से जमीन को साफ कर दिया गया है। इस कार्रवाई का नेतृत्व राहुल कुमार लेखपाल और नायब तहसीलदार हरीश जोशी ने किया था। जब प्लाटिंग कर रहे लोगों ने यह कार्रवाई देखी, तो उनमें खलबली मच गई। यह कार्रवाई अवैध निर्माण और प्लाटिंग के खिलाफ प्रशासन की सख्ती को दर्शाती है।इस कार्रवाई के दौरान, प्रशासन की टीम ने अवैध प्लाटिंग के लिए उपयोग किए जा रहे उपकरणों और सामग्री को भी जब्त कर लिया है। प्रशासन ने यह भी कहा है कि वह अवैध प्लाटिंग और निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करना जारी रखेगा और ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी जो अवैध रूप से प्लाटिंग और निर्माण कर रहे हैं। इस कार्रवाई के बाद, स्थानीय लोगों ने प्रशासन की कार्रवाई का स्वागत किया है। उन्होंने कहा है कि अवैध प्लाटिंग और निर्माण से उनके इलाके में कई समस्याएं उत्पन्न हो रही थीं जिनमें यातायात की समस्या और सुरक्षा की समस्या शामिल हैं। प्रशासन की यह कार्रवाई अवैध प्लाटिंग गति. विधियों के खिलाफ कार्रवाई है।



# नवदिया की कादरी मस्जिद में हुआ कुरान मुकम्मल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** नवदिया की मस्जिद में कुरआन मुकम्मल हुआ इस दौरान मुल्क की खुशी और अमन के लिए दुआ की गई।

कादरी मस्जिद नवदिया में कुरान हाफिज अब्दुल कादिर ने सुनाया और सामा के फराइज हाफिज मुहम्मद इरशाद नें अदा किए।

इस मौके पर मस्जिद में महफिल ईद मिलादुन्नबी का आगाज भी किया गया। जिसमें उलेमाओं ने नातिया कलाम पेश किया और कुरान की तफसीलात बयान करते हुए सभी से उस पर अमल करने का सभी मुस्लिमों से ताकीद की।



इस मौके पर हाफिज मुहम्मद अनीस, हाफिज अब्दुल वहीद, वाजिद, बाबू, छोटे, रिहान, ताहिर समेत मस्जिद कमेटी के साथ साथ काफी तादाद मे लोग मौजूद थे।

# बारह वर्षीय किशोर पर चाकू से किया हमला किशोर गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर में मिल. ीजानकारी अनुसार गुरुवार की रात लगभग 9 बजे जमीर पुत्र जाकिर हुसैन लगभग(12) वर्ष निवासी मोहल्ला गांधी आश्रम सैफनी जयाप्रदा चौक पर से अपने घर बापिस आ रहा था तभी अचानक हमजा पुत्र मुजफ्फर निवासी सैफनी ने सीने व कमर पर धार दार चाकू से बार कर दिया और बहा से तेजी से भाग निकला जिससे जमीर गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल को देख भीड़ इकठ्ठी हो गई जिसकी सूचना परिजनों को दी

> चाकु के हमले की सूचना मिली थी। जिसकी जांच पड़ताल की जा रही हे परिजनों की ओर से तहरीर प्राप्त नहीं हुई है तहरीर आने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।
>
> **महेंद्र पाल सिंह**
> **थाना प्रभारी**

सूचना मिलते ही परिजन आनन फानन में उपचार हेतू एक निजी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने गंभीर हालत देख मुरादाबाद अस्पताल में रेफर कर दिया जहां घायल का ईलाज चल रहा है हालत गंभीर बताई जा रही है

# बैंक ऑफ बड़ौदा में तीन दिन से कैश नहीं होने परे उपभोगता परेशान

## उपभेक्ता नही खरीद पा रहे थे ईद की जरूरत का सामान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** नगर की बैक ऑफ बड़ौदा मे तीन दिन से कैश नहीं होने के कारण उपभोगताओ को काफी परेशानी का सामना करना पढ़ा। उपभोगता बैक के चक्कर काटने को मजबूर हो गए नगर की बैक ऑफ बड़ौदा मे तीन दिन से कैश के लाले पड़े थे तीन दिन से कैश नही आरहा था जिसकी वजह से उपभोगताओ को ईद की खरीदारी करने मे भारी परेशानी का सामना करना पढ़ रहा था। कुछ बैक उपभोगता ऐसे है जिनका पैसा बैक ऑफ बड़ौदा मे ही है जिनको कैश न होने के कारण वह अपनी ईद की खरीदारी नही कर पारहे थे मात्र दो दिन बाद ईद का पर्व है कल रविवार को बैक बन्द रहेगी यह सोचकर उपभोगताओ का बुरा हाल था। अगर ईद सोमवार की हो जाती है तब उपभोगता अपनी जरूरत का सामान नही खरीद पाएगा। बैक मे सनीवार एक बजे तक कैश उपलब्ध नही हो पाया था जिससे उपभोगताओ की धड़कने बड़ने लगी कैश आने आने का लोग इन्तजार करते दिखे। वहीं 1:30 बजे की करीब बैक मे कैश आने से लोगों ने राहत की सांस ली।

# नूरानी मस्जिद में कुराने पाक हुआ मुकम्मल, हाफिजों की हुई गुल पोशी

**( इकरार हुसैन )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** नूरानी मस्जिद लोहा पट्टी में अलविदा की रात कुराने पाक की तिलावत मुकम्मल हो गई इस मौके पर तिलावत करने वाले हाफिजो और इमाम को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उलेमाओ ने लोगों को रमजान का महत्व समझाया और कहा कि यह महीना बरकतों का महीना है गुनाहों से तौबा करनी चाहिए।

अलविदा के दिन बाद नमाजे ईशा ताराबी में लोहा पट्टी की नूरानी मस्जिद में कुराने पाक की तिलावत मुकम्मल हुई तिलावत हाफिज मुर्तजा अली ने की तथा सामा के फराइज हाफिज साकिब रजा ने पूरे किए कुरान हाफीजों को उपहार भेंट किए गए और नजराना पेश किया गया मिठाई बाटी गई। इस दौरान मस्जिद इमाम मोहम्मद आलमगीर ने अपनी तकरीर में कहा कि रमजान का महीना बरकतों से लबरेज है अल्लाह ताला अपने बंदों को बरकतों से नवाजता है और इस महीने में अल्लाह ताला रोजेदारों के गुनाहों को माफ कर देता है। यह महीना तौबा और गुनाहों से बचने का है सभी को रोजा और नमाज की पाबंदी कर गुनाहों से तौबा करनी चाहिए वहीं उन्होंने कहा कि कुरान अल्लाह की भेजी हुई किताब है जो कि हाफिज के सीने में रोजे कयामत तक महफूज रहेगी इसमें दुनिया व आखिरत दोनों जहां की कामयाबी है कुरान पाक को पढ़कर अमल करने की जरूरत है अपने बच्चों को दुनियावी तालीम के साथ-साथ दीनी तालीम भी जरूर दिलानी चाहिए कयामत के दिन हाफिज कुरान अपने वालेदीन को जन्नत में ले जायेंगे। सबकी गुलपोशी कर मुल्क व मिल्लत के लिए दुआ कराई और मिठाई का वितरण किया। इस दौरान ग्राम प्रधान मोहम्मद यासीन, बिलाल मस्जिद इमाम हाजी इस्तियाक अहमद, मोहम्मद मियां, प्रधान पुत्र मोहम्मद नसीम, हाफिज शकील, रईस मियां, जाकिर खान, आकिल मियां, जमीर हुसैन, मोहम्मद समी, मोहम्मद कबीर, मो. फैजान, मो . रहमान, नाहिद हुसैन, नाजिम मियां, हाफिज अमान, जमीरा मिस्त्री, मारूफ हुसैन, शावेज, मोइन हुसैन, चांद बाबू, आजम खान, बब्बन हुसैन, तारिफ, कैफ, मो. तासीन, आशु, शानू खान, खलील, शफीक, गुड्डू, अमीर अहमद, मो. तालिब, मोहम्मद अरीब के साथ तमाम लोग मोजूद रहे।



# भाजपा जिला अध्यक्ष ने गौरव सम्मान मिलने पर नलिन सिंह को दी बधाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** राष्ट्रीय युवा क्रांति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नलिन सिंह को गाजियाबाद में उप्र गौरव सम्मान मिलने पर भाजपा के जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार ने बधाई दी। जिला अध्यक्ष शनिवार को सुबह नवदिया स्थित संगठन के कार्यालय पर पहुंचे। वहां पर फूलमाला पहना कर एवं पटका ओढ़ा कर नलिन सिंह का स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नलिन सिंह युवाओं को साथ ले कर समाज सेवा की जिस मुहिम से जुड़े हैं, वह सराहनीय है।

युवाओं में आरम्भ से ही देश प्रेम और समाज के लिए कुछ करने का भाव हो तो वे राष्ट्र हित में अच्छा योगदान कर सकते हैं। इस अवसर पर नलिन सिंह ने भी साथियों सहित जिला अध्यक्ष का अभिनन्दन किया। प्रदेश अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, घनश्याम गोस्वामी, संतोष पटेल, अमरा राम, जतिन शर्मा, बीडी शर्मा व सौरभ गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।



# पांच साल की बिरा नाज़ ने रखा पहला रोज़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगर/रामपुर।** पॉच साल की बिरा नाज शबाब ने शुक्रवार को अपना पहला रोजा रखा इतनी कम उम्र में रोजा रखना गांव में मिसाल बन गई है। परिवार एवं रिश्तेदारों ने खुशी की दी मुबारकबाद और बिरा नाज को गले लगाया सैदनगर क्षेत्र के बगरवा ग्राम प्रधान की बेटी ने कम उम्र में पहला रोजा रखकर क्षेत्र में मिसाल कायम कर दी रोजा रखने की जीत कर रही थी शुक्रवार को परिवार वालों के साथ सेहरी कर रोजा पूरा करने पर इफ्तार के समय मासूम को घर वालों एवं रिश्तेदारों ने मुबारक देकर गले लगाया। बच्चों ने अल्लाह से दुआ मांगी कि हम सब मुसलमान मर्द औरऔरतों को रोजा रखने की दुआ की। अल्लाह तौफीक अता फरमाए और नमाज और रोजा रखने की हिदायत दे। इस मुबारक महीने में हर मुसलमान को कुरान शरीफ की तिलावत करना चाहिए हर मुसलमान के लिए यह मुबारक महीना इबादत का महीना है इस महीने में अल्लाह ताला से जो गुनाहों की तौबा करता है अल्लाह इस महीने में सारी दुआएं कुबूल फरमाता है।



# जिले के सभी विकास खण्डों में लगेगा सुरक्षा जवान एवं सुपरवाईजर भर्ती कैम्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल के निर्देशानुसार जनपद में शिक्षित आकांक्षी युवाओं को रोजगार प्रदान करने हेतु सुरक्षा जवान एवं सुपरवाईजर भर्ती कैंप जनपद के विकास खण्डों में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जीडीएक्स ग्रुप-ग्रेटर नोएडा एवं भारत सरकार के पसारा एक्ट अधिनियम-2005 के तहत 205 सुरक्षा जवान एवं 12 सुरक्षा सुपरवाईजर भर्ती हेतु विकास खण्डवार शिविर आयोजित किए जा रहे है।

जिला विकास अधिकारी ने बताया कि 01 अप्रैल 2025 को विकास खण्ड सभागार सैदनगर तथा 02 अप्रैल को मिलक और 03 अप्रैल को चमरौआ, 04 अप्रैल को बिलासपुर, 05 अप्रैल को शाहबाद, 07 अप्रैल को मिलक, 08 अप्रैल को स्वार और 09 अप्रैल 2025 को विकास खण्ड सभागार चमरौआ में प्रातः 10:30 बजे से सायं 03:00 बजे तक रोजगार शिविरों का आयोजन किया जायेगा। इच्छुक आकांक्षी युवा जिनकी योग्यता 10 वीं पास, उम्र-19 से 45 वर्ष, ऊँचाई 168 सेमी., वजन 52 से 96 किलो, एवं सुपरवाईजर हेतु-स्नातक+कम्प्यूटर उम्र 22 से 40 वर्ष, ऊँचाई 170 सेमी0 वजन 55 से 96 किलो हो, वे सभी अपनी 10वीं पास अथवा अधिकतम प्रमाण-पत्र एवं आधार कार्ड की छायाप्रति, फोटो के साथ स्वयं ब्लाक सभागार में उपस्थित होकर ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं। भर्ती शिविर में दूसरे जिले के युवा भी ब्लाक सभागार में स्वयं उपस्थित होकर आफलाइन आवेदन कर सकते है, अधिक जानकारी के लिए भर्ती अधिकारी के मोबाइल नं. -9667989993 पर सम्पर्क कर सकते हैं। चयनित सभी आकांक्षी युवाओं को जीडीएक्स ग्रुप के ट्रेनिंग सेंटर एन.आई.एम.टी कैंपस नियर परीचौक मेट्रो स्टेशन, एनआईएमटी कालेज प्रांगण में स्थित सेंटर में 15 दिन के आवासीय प्रशिक्षणोंप्रान्त प्रशिक्षित प्रमाण पत्र के साथ उत्तर प्रदेश के बड़े-बड़े औद्योगिक क्षेत्रों में गाजियाबाद, नोएडा, लखनऊ, मुरादाबाद, हरिद्वार आदि में 15000 से 20,000 तक के मासिक सैलरी के साथ 58 वर्ष तक स्थाई नौकरी के साथ ही पीएफ, पेंशन, जीवन बीमा, फेमिली मेडिकल सुविधा, सालाना वेतन में वृद्धि, लोन की सुविधा, प्रमोशन जैसे अनेकानेक सुविधाओं के साथ ड्यूटी दौरान रहने व खाने की सुविधाएं दी जायेगी।

# ज्वाला नगर वाली मस्जिद में कुरान मुकम्मल




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** बरोज जुमेरात लाइन वाली मस्जिद ज्वाला नगर रामपुर में कुरान पाक मुकम्मल हुआ जिसमें हाफिज मोहम्मद अनस रज़ा ने कुरान सुनाया और हाफिज मोहसिन रज़ा ने समाअत किया। इमाम मस्जिद मुफ्ती लईक अहमद रजवी ने कुरान पाक की अजमत बयान करते हुए कहा कि जिस जगह कुरान की तिलावत होती है वहां अल्लाह की रहमतों का नुजूल होता है और आखिर में सलाम पढ़ा गया और मुल्क के अमन चेन के लिए दुआ की गई।

जिसमें हाजी मोहम्मद हनीफ, सदर कारी गुलाम नबी, नईम अहमद शम्सी, हाजी इकबाल, नवाब दूल्हा खान, यूसुफ खान, राजा मास्टर , हाजी अली हुसैन और कमेटी के तमाम मेंबरान आदि मौजूद रहे बाद में अंजुमन गुलमने आला हजरत की तरफ से नमाजियों को फुरुटी तकसीम की गई।

# नवरात्रि के पर्व को लेकर पूजन सामग्री खरीदने के लिए दुकानों पर लगी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी /रामपुर।** नगर व आसपास के क्षेत्रो में रविवार से नवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा नवरात्रि के पर्व को लेकर नगर में खुशियों का माहौल देखने को मिला जिसमें भक्त लोग मां दुर्गा को मनाने के लिए पूजन समाग्री खरीदने के लिए दुकानदारों पर खरीददारो की खासी भीड़ भाड़ देखी गई। प्रथम नवरात्रि से ही हिंदू संवत 2082 शाका 1947 प्रारंभ होकर नववर्ष शुरू होता है। इसीलिए इसे हिंदू नववर्ष कहा जाता है प्रथम नवरात्रि को माता शैलपुत्री की पूजा की जाती है नवरात्रि हिन्दुओं का महत्वपूर्ण पर्व है नवरात्रि का पर्व माता दुर्गा की आराधना और पूजा के लिए मनाते है क्योंकि देवी दुर्गा शक्ति और साहस की प्रतीक मानी जाती है और नवरात्रि का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है क्योंकि देवी दुर्गा ने महिषासुर नामक राक्षस को पराजित कर बध किया था। इसलिए भी माता के भक्त माता रानी की विजय का जश्न मनाते हैं बही यह पर्व नवीनी करण ओर शुद्धिकरण का अवसर है यह पर्व लोगों को अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने और अपनी आत्मा को शुद्ध करने के लिए प्रेरित करता है नवरात्रि के पर्व पर माता के भक्त उपवास आदि रख माता रानी की पूजा अर्चना करते है जगह जगह मंदिरों को सजाया जाता है इन नवरात्रियों में नौ देवियों की पूजा की जाती है।



# नव संवत्सर पर श्री ब्राह्मण सभा करेगी कलश पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** श्री ब्राह्मण सभा की बैठक मे नव संवत्सर पर कलश पूजन सहित कई कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्णय किया गया। संवत्सर के मौके पर कल रविवार को श्री ब्राह्मण सभा के तत्वाधान में प्राचीन शिव मंदिर सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक कलश स्थापना,कलश पूजन, नव संवत्सर पूजन और विशाल महा यज्ञ, नि:शुल्क निर्णय पत्र का आयोजन किया जाएगा। जिसमें समस्त क्षेत्रीय सभाओं के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी सदस्यों से उपस्थित रहने की अपील की गई है श्री परशुराम युवा मंच, श्री ब्राह्मण सभा महिला मंच, के अध्यक्षों से पहुंचने की अपील की है।

# रौरा कलां की मस्जिद में हुआ कुरान मुकम्मल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** नगर के मोहल्ला रौरा कलां स्थित मस्जिद में में नमाजे तरावीह के बाद कलाम पाक मुकम्मल हो गया। इस खुशी में लोगों ने दोनों को हाफिजों की गुलपोशी की बाद में मुल्क ओर कौम की भलाई को दुआएं मांगी गई। मोहल्ला रौरा कलां स्थित मस्जिद में तरावीह के दौरान हाफिज आकिल ने कुरान पाक की तिलावत की ओर समाअत के फराइज हाफिज तौहीद रजा ने अदा किए। इस मौके पर बयान करते हुए मौलाना मोहम्मद हसन जिलानी ने कहा कि कुरआन का पढ़ना, कुरआन का सुनना सब इबादत है कुरआन पढ़ने और सुनने वाले कि कयामत के दिन शफाअत फरमाएगा। कुरआन आपके ऐसी किताब है जिसको अल्लाह ने हाफिजों के सीने में महफूज कर दिया है। रमजान का महीना बड़ा ही अजमत वाला है इस महीने में कुरान नाजिल हुआ है। उन्होंने कहा कि दिनी तालीम के साथ साथ अपने बच्चों को दुनियावी तालीम दिलाएं। इस मौके पर इमाम हाजी रियासत हुसैन, हाजी पुत्तन , मोहम्मद अलीम, मुमताज, अशफाक, इरफान रहीम हुसैन, वली मोहम्मद आदि उपस्थित रहे।



# एडीएम प्रशासन की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

## संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान के तैयारियों की हुई समीक्षा

**100 दिवसीय सघन टी. बी. खोज अभियान के अंतर्गत 15 ग्राम पंचायतें टी. बी. मुक्त घोषित, उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया गया सम्मानित।**

### जिले में 01 से 30 अप्रैल तक चलेगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण, 10 से 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा दस्तक अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. नितिन मदान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के अन्तर्गत अन्तर्विभागीय समन्वय समिति व जिला क्षय रोग समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों की ग्रामीण स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों जैसे- आशा, एएनएम, आँगनबाड़ी कार्यकत्री सहित अन्य के द्वारा किये जा रहे कार्यो में गुणवत्ता एवं प्रगति की मॉनीटरिंग चिकित्सा अधिकारी को करते रहने हेतु निर्देशित किया। संबंधित एमओआईसी अपने अधीनस्थ ग्रामीण स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कार्यकत्रियों का रूटीन रजिस्टर/आशा डायरी का भी निरीक्षण करें तथा गावों में भ्रमण के दौरान कार्यो का सत्यापन एवं आम जनता का फीडबैक भी लें।

बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एसपी सिंह ने बताया गया कि राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में दिनांक 01 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान चलाया जाएगा। जिसमें दिनांक 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसमें स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य सम्बंधित विभागों की समन्वयता के साथ संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम/दस्तक अभियान व जन जागरूकता कार्यक्रम के बारे में आम जनमानस को जागरूक करने के साथ-साथ वेक्टर वार्न डिजीज सहित अन्य संचारी रोगों की स्थिति, बचाव, उपचार के बारे में आम जनमानस को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसकी मॉनीटरिंग डब्लू.एच.ओ. व यूनीसेफ सहित अन्य स्वास्थ्य सम्बंधी ऑर्गेनाइजेशन द्वारा की जाती है। एडीएम ने संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान हेतु चलाये जा रहे अभियान एवं प्रयासों आदि में अब तक की गयी तैयारियों व विभिन्न स्तरों पर समन्वय समिति की बैठकों की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों एवं चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिए कि आपसी समन्वय बनाकर अभियान के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु ग्रामीण स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर लोगो को जागरूक करें। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि दिनांक 10 से 30 अप्रैल 2025 तक चलाये जाने वाले दस्तक अभियान के तहत ग्रामीण स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कर्मी, आशा कार्यकत्री, ए.एन.एम. द्वारा घर-घर जाकर ए.ई./जे.ई./बुखार रोगियों को चिन्हित करना एवं उनको तेज बुखार होने पर 102/108 एम्बुलेंस द्वारा नजदीकी सीएचसी/पीएचसी पर भेजने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दस्तक अभियान के तहत घर-घर जाकर टीम दस्तक देगी और सभी घरों के कूलर, पुराने टूटे बर्तन, मिटटी के गमले, पॉटस, टायर, फ्रीज के पीछे की ट्रे, पानी स्टोर के बर्तन आदि को चेक करेंगी तथा संचारी रोगों से बचाव हेतु सुरक्षात्मक उपायों को अपनाने के प्रति लोगों को जागरूक करेगी। एडीएम ने जनपद में संचारी रोग नियत्रंण अभियान को सफल बनाने के दृष्टिगत कृषि, पशुपालन नगरपालिका, नगर निकाय, पंचायतीराज सहित सम्बंधित विभागों को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाकर अपने विभागीय कार्यो एवं उत्तरदायित्वों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से सम्पादित करने के निर्देश दिये। उन्होंने संचारी रोगों से बचाव हेतु नगर विकास विभाग सहित नगर पालिका परिसर को साफ सफाई, नालियों की सफाई, अपशिष्ट जल निकासी, फॉगिंग कराते रहने का निर्देश दिया है तथा ग्रामीण स्तर पर ग्राम प्रधानों तथा निगरानी समितियों के माध्यम से संचारी रोगों से बचाव के प्रति बच्चों महिलाओं आदि को घर-घर दस्तक देकर जागरूक करने का भी निर्देश दिया है। उन्होंने जनपद में संचारी रोगो के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष संवेदनशीलता बरतने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान 07 दिसंबर, 2024 से 24 मार्च, 2025 तक चलने वाले सब दिवसीय सघन टी.बी. मुक्त अभियान के तहत 15 ग्राम पंचायत को टी.बी.मुक्त घोषित किया गया। जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि 15 ग्राम पंचायतों में कमशः ब्लॉक बिलासपुर से बहादुरगंज, बेडपुर, चौकोनी, सिरसखेडा, अनवरिया तलिबाबाद, टेमरा, ब्लॉक स्वार से बिजरा, चक गजरौला, फैजुल्लानगर, इमरता नियर अकबराबाद, खानपुर गर्दी, किशनपुर मौलागढ, नगालिया, सूरजपुर एवं ब्लॉक चमरव्वा से मनकरा टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायत के मानकों को पूर्ण कर वर्ष 2024 के लिये टी.बी. मुक्त घोषित की गयी है। विश्व टी.बी. दिवस पर टी.बी. मुक्त पंचायत सम्मान समारोह एवं 100 दिवसीय सघन टी.बी. खोज अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ब्लॉक सैदनगर के डा. सुमन लाल व उनकी टीम एवं स्लॉक स्वार के डा. अजीम व उनकी टीम के अधिकरियों व कर्मचारियो को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विश्व टी.बी. दिवस के अवसर पर 5 टी.बी. रोगियों को पोषण पोटली प्रदान की गयी। इस अवसर पर समस्त एन.टी.ई.पी. स्टॉफ, ब्लॉक अधीक्षक, 15 ग्राम प्रधान, बी.डी.ओ., डा. हिमान्शु गुप्ता आई.एम.ए.प्रतिनिधि, डा. ताज मो. खान, दिनेश शर्मा अध्यक्ष फार्मा एसोसिएशन, डा. रमेश कुमार, कुमार एक्स रे डायग्नोस्टिक सेन्टर मिलक मौजूद रहे।

## पशु क्रूरता अधिनियम में दो गिरफ्तार वाहन में ठूंस कर भरे थे गोवंश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** पुलिस ने एक वाहन में भरी दो गाय और दो बछड़े को बरामद किया है दो लोगों को गिरफ्तार भी किया है उनके खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। रविवार को पुलिस को सूचना मिली की एक वाहन में दो गए और दो बछड़े क्रूरता पूर्वक भरे हुए हैं जिसमें एक बछड़े की मृत्यु हो गई है। सूचना पाकर पुलिस सतर्क हो गई और पुलिस ने सभी मार्गो की नाकेबंदी शुरू कर दी।

उधर बजरंग दल के युवा नेता अर्जुन कुमार गुप्ता भी समर्थकों के साथ सतर्क हो गए इसी दौरान एक वाहन काशीपुर दिशा की ओर जा रहा था इस छोटे हाथी वाहन में दो गाय और दो बछड़े जो बछड़े कम उम्र के थे उनमें से एक की मृत्यु हो चुकी थी पुलिस ने नाकेबंदी करके इन्हें मदरसा के निकट रोक लिया और पशुओं सहित वाहन को पुलिस चौकी ले आए इसी दौरान सूचना पाकर अर्जुन कुमार गुप्ता साथियों के साथ पुलिस चौकी पहुंच गए और गोवंश पकड़े जाने पर हंगामा किया और पकड़े गए लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। पशुओं के साथ पुलिस ने शाहनवाज पुत्र नूर मोहम्मद निवासी रेलवे कॉलोनी रामनगर जनपद नैनीताल फैसल पुत्र ख्वाजा गोदीपुर रमपुरा थाना खजुरिया को गिरफ्तार किया है।

इस मामले में चौकी के उपनिरीक्षक मनोज कुमार मिश्रा की ओर से पशु क्रूरता अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पकड़े गए दोनों आरोपियों का कहना है की वह पशुओं का व्यापार करते हैं और बिलासपुर की साप्ताहिक बाजार से दोनों पशु बछड़ों सहित खरीद कर ला रहे थे डेरी पालन करते हैं। चोकी इनचार्ज अजय शुक्ला ने बताया की बरामद पशुओं को कान्हा गौशाला में छोड़ दिया गया है और गिरफ्तार दोनों लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

## चैत्र नवरात्र की पूर्व संध्या पर महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** चौत्र नवरात्रि की पूर्व संध्या पर मोतीपुरा खोद की महिलाओं ने कलश यात्रा निकाल. कर देवस्थान पर जलाभिषेक किया और मन्नते मांगी। शनिवार को भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मोतीपुरा खोद की महिलाओं ने देवी स्थान की जलाभिषेक के लिए कोसी नदी से जल लेने के लिए पट्टी कला की ओर प्रस्थान किया। इस दौरान तमाम महिलाओं ने देवी को प्रसन्न करने के लिए मंगल गीत गए और पैदल ही सिर पर कलश रखकर और पीले वस्त्र धारण कर कोसी नदी को प्रस्थान किया। कोसी नदी पर पहुंचने के बाद पीले कलश में नदी से पानी लिया और सिर पर रखकर भजन गाती हुई वापस हो गई इस दौरान कलश यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया रहमतगंज मिलक नौखरीद हसनपुर उत्तरी में महिलाओं पर पुष्प वर्षा की गई और शरबत पिलाया गया। कलश यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही। कलश यात्रा का मसवासी पहुंचने पर भी भव्य स्वागत किया गया इस दौरान भारी वाहनों का रूट भी डायवर्जन किया गया देवी स्थान पर पहुंचते ही महिलाओं ने कलशो से देवी स्थान का जलाभिषेक किया और भजन गीत गाए। कलश यात्रा में मोनिका मौर्य, कुसुम, रीना, खुशबू, हिमांशु मोर्य, अलका, मिथिलेश कुमारी, शालिनी, राखी, राधिका, रवि मौर्य, तोताराम मौर्य, उदय राज मौर्य, शिवकुमार, हेमराज मौर्य , भीष्म, रमेश, भूप सिंह आदि शामिल रहे।

## सरकार की उपलब्धियां गिनाने घर-घर पहुंचे भाजपाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** योगी सरकार के आठ साल पूरे होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर घर जाकर जसंपर्क अभियान शुरू किया। सैफनी के दनियापुर में अभियान चलाकर कार्यकर्ताओं ने योगी सरकार की योजनाओं की जानकारी दी एवं सरकार की उपलब्धियों को पत्रक के माध्यम से बताया।

भाजपा नेता अमित दिवाकर ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में उत्तर प्रदेश का चहुमुखी विकास हो रहा है।

उन्होंने अभियान के तहत लोगों को केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

इसी के साथ सहित कई स्थानों पर जाकर सरकार की उपलब्धियों से लोगों को अवगत कराया। इसअवसर पर भाजपा नेता अनुभव शर्मा, संजय चौधरी एवं अर्जुन सिंह आदि मौजूद रहे।

## समाजसेवियों द्वारा हुआ रोज़ा इफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धमोरा/रामपुर।** रमजान मुबारक का पाक महीने के चलते लोग रोज़ा रखकर अल्लाह की इबादत तो कर ही रहे हैं। साथ ही कलाम पाक लोग मुकम्मल तरीके से पढ़ रहे हैं। इस दौरान समाजसेवियों ने भी अपना कदम आगे बढ़ते हुए लोगों की सेवा में जुट गए हैं। शहजादनगर थाना क्षेत्र के लखनाखेड़ा गांव में रमजान के महीने को लेकर कोई न कोई समाजसेवी चेहरा अपने सामने आ ही जाता है। ऐसे ही बीते दिन समाजसेवी शाहनवाज खान ने गांव की मस्जिद में ग्रामीणों की रोजा इफ्तार पार्टी राखी। जिसके चलते दोपहर से ही मस्जिद के लाउडस्पीकर में रोजा इफ्तार का अलाउंस होने लगा। कि रमजान की इफ्तार समाजसेवी शाहनवाज खान अपने ससाथियों के साथ मिलकर करा रहे हैं। जिसके चलते लोगों ने बढ़-चढ़कर इफ्तार पार्टी में हिस्सा लिया और इफ्तार से दो घंटे पहले ही इफ्तार के सामान की टेबिल सजने लगी। जिसके बाद लोगों ने मस्जिद के बाहर खुली जगह में लगीं इफ्तार पार्टी की टेबिल की ओर जाना शुरू किया तो समाजसेवियों ने सभी को इफ्तार का भरपूर सामान दिया। इस दौरान सभी रोजदारों ने इफ्तार के बाद देश में अमन चौन और शान्ति की दुआ की। इस दौरान समाजसेवी शाहनवाज खान के साथ , नाहिद खान, जाहिर खान, शमीर खान , सरफराज खान समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## नो एंट्री जोन में घुसे रेत से भरे दस वाहनों का चालान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** नो एंट्री जोन से गुजर रहे रेत के वाहनो को पकड़ कर पुलिस ने दो लाख रुपए का चालान किया है जिससे खनन धंधेबाज में हड़कंप मच गया। शुक्रवार सुबह सबइंस्पेक्टर मनोज कुमार मिश्रा, चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला को सूचना मिली की कुछ वाहन नो एंट्री जोन में प्रवेश कर चुके हैं।

पुलिस ने दलबल के साथ सुल्तानपुर पट्टी मार्ग पर रेत से भरे डंपरो व ट्रकों को रोक लिया और दस वाहनो का दो लाख रुपयों का चालान कर दिया।

चालान कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया कुछ वाहन चालक पुलिस को देखकर बैरंग हो गए पुलिस ने उन्हें भी घेरने की कोशिश की लेकिन चालक बाहन को ले जाने में सफल हो गए इससे खनन धंधेबाजो में हड़कंप मचा हुआ है।

## आनंद कॉन्वेंट स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम किए गये घोषित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शनिवार को आनंद कॉन्वेंट स्कूल में कक्षा 3 से कक्षा 8 तक का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यकम का शुभारम्भ विद्यालय के संस्थापक परमानंद प्रकाश सक्सेना तथा विद्यालय के प्रबंधक पीयूष प्रकाश सक्सेना ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। यह विद्यालय का बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है इस दिन छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या आभा सक्सेना ने प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले अनुभवी योग्यवान छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया। जिसमें कक्षा 3 ए. में प्रथम स्थान पर गायत्री विकास 93.8%, कक्षा 3 बी. में प्रथम स्थान पर उज्जवल कुमार 97.6%, कक्षा 3 सी. में प्रथम स्थान पर यशिका वर्मा 84.5%,कक्षा 4 ए. में प्रथम स्थान पर अक्षय कुमार 99.4%, कक्षा 4 बी. में प्रथम स्थान पर शिवन्या सिंह 84.2%, कक्षा 4 सी. में प्रथम स्थान पर



अदिति सिंह 96.2%, कक्षा 5 ए. में प्रथम स्थान पर आश्रेया 99.2%, कक्षा 5 बी. में प्रथम स्थान पर परिधि राजपूत 96.9%, कक्षा 5 सी. में प्रथम स्थान पर शगुन लोधी 99.8%, कक्षा 6 ए. में प्रथम स्थान पर ऐश्वर्या सक्सेना 95.8%, कक्षा 6 बी. में प्रथम स्थान पर कविशा 94.6%, कक्षा 7 ए. में प्रथम स्थान पर अन्वी 84.8%, कक्षा 7 बी. में प्रथम स्थान पर रोनक 90.66%, कक्षा 8 ए. में प्रथम स्थान पर प्राक्षा सिंह 92%, कक्षा 8 बी. में प्रथम स्थान पर नव्या शर्मा 94.9%, आदि छात्र-छात्राओं ने प्रतिशत सर्वोच्च अंक प्राप्त किए। प्राइमरी में टॉप करने वाली कक्षा 5 की छात्रा शगुन लोधी ने 99.8% अंक प्राप्त कर सर्वोच्च पुरस्कार प्राप्त किया तथा मिडिल वर्ग में कक्षा 6 की छात्रा ऐश्वर्या सक्सेना 95.8% नें अंक प्राप्त कर सर्वोच्च पुरस्कार प्राप्त किया। प्राइमरी वर्ग में कक्षा 4 के गौरव राजपूत ने 97% तथा मिडिल वर्ग में कक्षा 6 के अंश रस्तोगी ने 100% उपस्थिति देकर विशेष पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर रोबोटिक प्रदर्शिनी छात्र-छात्राओं द्वारा लगायी गयी जिसे देखकर सभी अभिभावक गण बहुत प्रभावित हुए। प्रबंधक पीयूष प्रकाश सक्सेना तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या आभा सक्सेना ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए तथा सभी को शिक्षा अध्ययन कि लिए प्रेरित कर प्रोत्साहित किया।

### अज्ञात चोरों ने उच्च प्राथमिक विद्यालय को बनाया निशाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम आगापुर में अज्ञात चोरों ने उच्च प्राथमिक विद्यालय को निशाना बना लिया विद्यालय की खिड़की तोड़कर अज्ञात चोर विद्यालय में रखा हुआ सामान चोरी करके ले गए।

बताते चलें कि ग्राम पंचायत आगापुर में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कोतवाली मिलक में प्रार्थना पत्र देते हुए उल्लेख किया है कि जब वह विद्यालय पहुंचे तो उन्हें विद्यालय की खिड़की टूटी हुई दिखाई दी जब उन्होंने देखा तो विद्यालय में चोरी हो चुकी थी अज्ञात चोरों ने विद्यालय में रखा इनवर्टर, बैटरी, 2 गैस सिलेंडर, मिड्डे मिल का खाने का सामान दाल, मसाले, तेल, चीनी इत्यादि लेकर फरार हो गए।

विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सन्तराम तथा प्रधानाध्यापक संजीव कुमार गुप्ता द्वारा घटना की तहरीर देकर कोतवाली में अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## खांची वाली मस्जिद में कुराने पाक हुआ मुकम्मल



**( जहीर खान )**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** खांची वाली मस्जिद मोहल्ला अफगानान में 28 तराबीह को कुराने पाक मुकम्मल हुआ। नगर के मोहल्ला अफगानान में कुरान मुकम्मल किया गया कारी शहजाद ने कुरान पढ़ कर सुनाया हाफिज वसीम ने कुरान शरीफ सुना कुरान मुकम्मल के बाद कारी शहजाद ने दीन की दावत देकर लोगों नमाज और रोजों की फजीलतों के बारे में बताया कमेटी के लोगों ने फूल माला पहनाकर दोनों हाफिजों को मुबारक बाद दी। इस मौके पर मीनू खान जाबिर खान मजीद खान इमरान खान शेरा खान राजू मियां मौजूद रहे।

## हिन्दू नव वर्ष की पूर्व संध्या पर शाहबाद के वैश्य समाज ने की बैठक



**( जहीर खान )**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** हिंदू नव वर्ष की पूर्व संध्या पर पूर्व जिला महामंत्री भाजपा किसान मोर्चा एवं आर एस एस पूर्व जिला सह सेवा प्रमुख राज कुमार गुप्ता (राजू) के नेतृत्व में वैश्य समाज की बैठक बिलारी रोड स्थित अक्षय ट्रेडर्स पर आयोजित हुई। बैठक का संचालन महेश कुमार गुप्ता सरस्वती शिशु मंदिर शाहबाद इकाई के कोषाध्यक्ष एवं एमएलसी प्रतिनिधि के द्वारा किया गया बैठक में मुख्य रूप से आगामी हिंदू नव वर्ष को लेकर सभी सनातन प्रेमियों से अपने आसपास में हिंदू परिवारों में हिंदू नव वर्ष का ध्वज लगवाने की अपील की गई। विशेष रूप से बताया कि हर एक सनातन धर्म प्रेमी हिंदू नव वर्ष की शुरुआत अपने घर एवं प्रतिष्ठान की छत पर पर ध्वज लगाकर अवश्य करें। इस मौके पर जितेंद्र गुप्ता , शिव ओम गुप्ता सर्राफ, विष्णु गुप्ता, पत्रकार विनोद कुमार गुप्ता , अक्षय गुप्ता , डॉ अमित गुप्ता , डॉ आकाश गुप्ता, प्रबल गुप्ता, अंकित गुप्ता अधिप गुप्ता , अनुराग गुप्ता , अन्नू गुप्ता , नैन चांदीवाला, आदि मौजूद रहे।

## नूरी मस्जिद में हुआ कुरान मुकम्मल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** मोहल्ला नालापार नूरी मस्जिद में कुरान पाक मुकम्मल हुआ। शाहाबाद की नूरी मस्जिद में 28 तराबीह को कुरान मुकम्मल हुआ कुरान की आयत की तिलावत कारी अनीस ने की खरसोल निवासी हाफिज मोहम्मद फहीम ने कुरान को सुना कुरान मुकम्मल के बाद नात खानी फतह पढ़कर मिठाई का वितरण किया गया। इस मौके पर सभासद शप्पू खां, लियाकत खां, बाबर, इशरत अली, जावेद खान, हफीज खान ,फिरोज ,अतीक, अफरोज पप्पू खान , बाबू मोहम्मद, बाकी शमशाद खान, टिंकू अजीम आदि मौजूद रहे।

## राजकीय इंटर कॉलेज में सत्र के अंतिम दिन कक्षा 9 व 11 के परीक्षा फल की घोषणा




**संजीव सक्सेना )**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टांडा/रामपुर।** शनिवार को राजकीय इंटर कॉलेज टांडा में सत्र के अंतिम दिन कक्षा 9 व कक्षा11 के परीक्षा फल की घोषणा प्रधानाचार्य द्वारा की गई। कक्षा 9 में प्रथम स्थान खुशबू गौतम, द्वितीय स्थान सोनम सैनी, तृतीय स्थानअमृता सिंह, कक्षा 9 में प्रथम स्थान प्रणव, द्वितीय स्थान हंजला, तृतीय स्थान संस्कार, 11 में प्रथम स्थान अक्शा, द्वितीय स्थान दानिया, तृतीय स्थान आकांक्षा, 11 में प्रथम स्थान सलमा, द्वितीय स्थान उपासना, तृतीय स्थान निधि, ने प्राप्त किया ।सभी कक्षा में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को प्रधानाचार्य अरविन्द कुमार भास्कर द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर समस्त शिक्षक शादाब अजीम, संतोष कुमार, राजकुमार, दिनेश कुमार ,मेहनाज, आकांक्षा, शबाना, अनीता आदि उपस्थित रहे।

# राजस्थान को स्पिन के जाल में फंसाने उतरेगी सीएसके

**आईपीएल-2025**

- **सीएसके की स्पिन जोड़ी नूर और जडेजा खराब फॉर्म में चल रही आरआर की बल्लेबाजी लाइनअप के खिलाफ अहम भूमिका निभा सकती है**

**गुवाहटी, वार्ता।** बरसापारा की धीमी मानी जाने वाली पिच पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की स्पिन तिकड़ी रविवार को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के बल्लेबाजों को दवाब में लाने की रणनीति के साथ मैदान पर उतरेगी।

आईपीएल 2025 का 11 वां मैच रविवार शाम 7:30 बजे में यहां खेला जायेगा। पिच के टर्न के अनुकूल होने की उम्मीद के बीच सीएसके की स्पिन जोड़ी नूर अहमद और रवींद्र जडेजा खराब फॉर्म में चल रही आरआर बल्लेबाजी लाइनअप के खिलाफ अहम भूमिका निभा सकती हैं। सीएसके ने इस सीजन की मिश्रित शुरुआत की है, उसने मुंबई इंडियंस को एक शानदार जीत से चैंका दिया था, लेकिन चेपक में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ उसे शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। इस बीच, आरआर ने शुरुआती दोनों मैच हारकर खुद को मुश्किल में पाया है और फॉर्म में वापसी की कोशिश कर रही है। आमने-सामने की स्थिति में, सीएसके 29 मुकाबलों में 16 जीत के साथ थोड़ा आगे है। हालांकि, हाल के वर्षों में आरआर का दबदबा रहा है, जिसने 2020 से पांच बार की चैंपियन के खिलाफ अपने पिछले आठ मैचों में से छह जीते हैं। नूर अहमद सीएसके के ट्रम्प कार्ड के रूप में उभरे हैं, जिन्होंने अब तक दोनों मैचों में महत्वपूर्ण प्रहार किए हैं। उनकी विविधता और स्पिन के अनुकूल ट्रैक पर पनपने की क्षमता उन्हें एक बड़ा खतरा बनाती है। उधर, हमेशा भरोसेमंद रहने वाले रवींद्र जडेजा रन रोकने और बीच के ओवरों में साझेदारी तोड़ने में महत्वपूर्ण होंगे। संजू सैमसन समेत आरआर के शीर्ष क्रम के साथ उनका द्वंद्व मुकाबले को दिलचस्प सकता है। सीएसके के मिस्ट्री स्पिनर महेश दीक्षाणा एक निराशाजनक शुरुआत के बावजूद पावरप्ले में नुकसान पहुंचाने के लिए सक्षम हैं। गुवाहाटी की धीमी सतह पर उनकी कैरम बॉल एक महत्वपूर्ण हथियार हो सकती है। आरआर की किस्मत यशस्वी जायसवाल पर निर्भर हो सकती है, जो 2023 से 160-4 की स्ट्राइक रेट से 1060 रन बनाकर उनके स्टैंडआउट बल्लेबाज रहे हैं। पावरप्ले में उनकी धमाकेदार शुरुआत सीएसके को शुरुआत में ही बैकफुट पर ला सकती है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 37 गेंदों पर 66 रनों की तूफानी पारी खेलने वाले कप्तान संजू सैमसन एक बार फिर आगे से नेतृत्व करने के लिए उत्सुक होंगे। सीएसके के लिए रचिन रवींद्र ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच जीतने वाली 65 रनों की पारी खेलकर पहले ही अपनी क्लास दिखा दी है और वह शीर्ष क्रम में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी होंगे। हालांकि, सीएसके के मध्य क्रम की असंगतता चिंता का विषय बनी हुई है। बरसापारा ट्रैक पारंपरिक रूप से धीमे गें. दबाजों के अनुकूल रहा है, जिसमें स्पिनर 7-8 रन प्रति ओवर की इकॉनमी बनाए रखते हैं। मैदान पर पहली पारी का औसत स्कोर 173 रहा है, जबकि लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों ने औसतन 158 रन बनाए हैं।

## केएल राहुल की मौजूदगी देगी दिल्ली कैपिटल्स को ताकत



- **दिल्ली ने लखनऊ के खिलाफ पिछले मैच में आखिरी ओवन में जीत के साथ अभियान की शुरुआत की**

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** केएल राहुल की मौजूदगी से दिल्ली कैपिटल्स की बल्लेबाजी को रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ खेले जाने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मुकाबले में मजबूती मिलने की संभावना है।

दिल्ली ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ पिछले मैच के आखिरी ओवर में रोमांचक जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की थी। आशुतोष शर्मा (31 गेंदों पर 66 नाबाद) और विप्रज निगम (15 गेंदों पर 39) की दमदार बल्लेबाजी की बदौलत टीम ने एक विकेट शेष रहते 210 रन का लक्ष्य हासिल किया था। हालांकि डीसी के लिए उसका शीर्ष और मध्य क्रम चिंता का सबब बना हुआ है। एलएसजी के खिलाफ जेक फेजर-मैकगर्क, फाफ डु प्लेसिस और अभिषेक पोरेल संघर्ष करते नजर आए थे वहीं मिशेल स्टार्क, कुलदीप यादव और मोहित शर्मा एसआरएच के मजबूत बल्लेबाजी क्रम के खिलाफ शुरुआती बढ़त बनाने का लक्ष्य रखेंगे। दूसरी ओर, हैदराबाद ने अपने सीजन की शुरुआत राजस्थान रॉयल्स पर शानदार जीत के साथ की, लेकिन अपने दूसरे मैच में लखनऊ के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। ट्रैविस हेड (28 गेंदों पर 47 रन) के शानदार प्रयास के बावजूद, एसआरएच केवल 190/9 रन ही बना सका, जिसे एलएसजी ने आसानी से हासिल कर लिया। एसआरएच टूर्नामेंट में सबसे आक्रामक बल्लेबाजी लाइनअप में से एक है, जिसमें अभिषेक शर्मा, हेनरिक क्लासेन और अनिकेत वर्मा से अहम भूमिका निभाने की उम्मीद है। हालांकि, उनकी गेंदबाजी चिंता का विषय बनी हुई है, जिसमें सिमरजीत सिंह और एडम ज़म्पा फॉर्म में नहीं हैं। कप्तान पैट कमिंस और वरिष्ठ तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को डीसी के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने के लिए कदम बढ़ाना होगा। विशाखापत्तनम की पिच ने हाल के मैचों में हाई स्कोर की प्रवृत्ति दिखाई है, जिसमें 200 से अधिक स्कोर का सफलतापूर्वक पीछा किया गया है। स्पिनरों का प्रभाव पड़ने की संभावना है, साथ ही मैच के अंतिम चरणों में गेंद के नीचे रहने की उम्मीद है। दोनों टीमों के पास मजबूत बल्लेबाजी होने के कारण, उच्च स्कोरिंग मुकाबला होने की संभावना है।

**संक्षिप्त खेल समाचार**

### टूर्नामेंट में हमारा अनुभव रहा शानदार: पूजा

**रांची, वार्ता।** राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-25 के अंतिम चरण का खिताब जीतने वाली हॉकी हरियाणा की कप्तान ने टीम के प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि टूर्नामेंट में उनका अनुभव शानदार रहा है। हॉकी हरियाणा ने झारखंड के रांची में मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ पर एक करीबी मुकाबले में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा को 3-2 से हराकर राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-25 के अंतिम चरण का खिताब जीता है। चार जीत, दो हार और एक शूटआउट जीत के साथ, हॉकी हरियाणा ने सात मैचों में 15 अंक दर्ज किए और पूल चरण को तालिका में शीर्ष पर समाप्त किया। ओडिशा हॉकी एसोसिएशन ने भी 18 गोलों के साथ समान अंक प्राप्त किए, हालांकि हॉकी हरियाणा का गोल अंतर बेहतर रहा। सुप्रिया और सावी ने हॉकी हरियाणा के लिए शानदार प्रदर्शन किया, जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट में चार-चार गोल किए। कप्तान पूजा मलिक ने भी शानदार प्रदर्शन किया, उन्होंने आगे बढ़कर तीन गोल किए। फाइनल में, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा के लिए अहल्या लाकड़ा (8') ने पहला गोल किया, लेकिन हॉकी हरियाणा के लिए काजल (12', 22') ने दो गोल किए, इसके बाद सावी (44') ने एक गोल करके जीत सुनिश्चित की।

### ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करेंगी दारिया कसात्किना

**दुबई, वार्ता।** स्थायी निवास के लिए आवेदन को स्वीकार किए जाने के बाद रूसी मूल की टेनिस खिलाड़ी दारिया कसात्किना अब ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करेंगी। रूस के एलजीबीटीक्यू+ नियमों की आलोचना करने वाली और यूक्रेन में युद्ध का विरोध करने वाली 27 वर्षीय दारिया कसात्किना फिलहाल दुबई में रह रही हैं और पिछले ढाई साल से रूस नहीं लौटी हैं।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले महीने उन्होंने इस बात का खंडन किया था कि डब्ल्यूटीए टूर ड्रॉ समारोह में उनके नाम के आगे इस्तेमाल किए गए झंडे में गड़बड़ी के बाद उन्होंने स्पेन की नागरिकता ले ली है। आठ एकल खिताब जीतने वाली दुनिया की 12वें नंबर की खिलाड़ी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि ऑस्ट्रेलिया एक ऐसी जगह है जिसे मैं प्यार करती हूं, यह एक ऐसी जगह है जहां मैं पूरी तरह से घर जैसा महसूस करती हूं। मुझे मेलबर्न में रहना पसंद है और मैं वहां अपना घर बनाने के लिए उत्सुक हूं। उन्होने कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि मैं अब से अपने पेशेवर टेनिस करियर में अपनी नई मातृभूमि ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करूंगी। जाहिर है, इस निर्णय के कुछ हिस्से ऐसे हैं जो आसान नहीं रहे हैं।

## जडेजा के नाम अनोखा डबल रिकॉर्ड



**3000 रन और 150 प्लस विकेट लेने वाले इकलौते खिलाड़ी बने**

**चेन्नई, वार्ता।** रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 17 साल बाद चेन्नई सुपर किंग्स को उन्हीं के होमग्राउंड चेपाक में हराया। टीम को 2008 में आखिरी जीत मिली थी। आरसीबी ने 196 रन बनाए, जवाब में सीएसके 146 रन ही बना सकी। बेंगलुरु ने 50 रन से मैच जीत लिया।

सीएसके के विकेटकीपर एमएस धोनी ने 0.16 सेकेंड में स्टंपिंग की। आरस. ीबी के कप्तान रजत पाटीदार के 3 कैच छूटे। रवींद्र जडेजा आईपीएल में 3000 रन और 150 प्लस विकेट लेने वाले इकलौते खिलाड़ी बने। चेन्नई सुपर किंग्स को पहला विकेट विकेटकीपर एमएस धोनी की बहुत तेज स्टंपिंग के चलते मिला। 5वें ओवर की आखिरी बाल नूर अहमद ने आफ स्टंप के बाहर गुड लेंथ पर फेंकी। साल्ट कवर ड्राइव खेलने गए, लेकिन मिस कर गए। धोनी ने बाल कलेक्ट की और साल्ट का पैर क्रीज में आने से पहले ही गिल्लियां उड़ा दीं। उन्होंने 0.16 सेकेंड में स्टंपिंग की। फिल साल्ट 32 रन बनाकर आउट हुए। धोनी ने मुंबई के खिलाफ टीम के पहले मैच में भी इसी तरह की तेज स्टंपिंग की थी। तब उन्होंने सूर्यकुमार यादव को पवेलियन भेजा था। 11वें ओवर में मथीश पथिराना की बाउंसर विराट कोहली के हेलमेट पर लगी। विराट पुल शाट खेलने गए, लेकिन गेंद मिस कर गए। फिजियो मैदान में आए और कोहली को चेक करने लगे। विराट ने कुछ देर बाद बैटिंग शुरू की और अगली ही गेंद पर छक्का लगा दिया। बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार को 3 जीवनदान मिले। दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी और खलील अहमद ने 8 गेंद के अंदर रजत के 3 कैच छोड़े। इसके बाद उन्होंने 51 रन की पारी खेली। 12वें ओवर की तीसरी बाल रवींद्र जडेजा ने गुड लेंथ पर फेंकी। पाटीदार ने शाट खेला, लेकिन गेंद लान्ग आफ पर खड़ी हो गई। हुड्डा तेजी से बाल के नीचे आए, लेकिन कैच नहीं पकड़ सके। पाटीदार इस वक्त 17 रन पर थे। 13वें ओवर की पहली बाल नूर अहमद ने आफ स्टंप के बाहर फेंकी। पाटीदार ने बड़ा शाट खेला, लेकिन गेंद कवर्स पोजिशन पर खड़ी हो गई। त्रिपाठी ने डाइव लगाई, लेकिन मुश्किल कैच नहीं पकड़ सके। पाटीदार इस वक्त 19 रन पर थे। 13वें ओवर की पांचवीं बाल नूर अहमद ने फुलर लेंथ फेंकी। पाटीदार ड्राइव करने गए, लेकिन बाल थर्ड मैन की ओर खड़ी हो गई। खलील अहमद ने डाइव लगाई, लेकिन कैच छूट गया। पाटीदार इस वक्त 20 रन पर थे। 20वें ओवर में बेंगलुरु के टिम डेविड ने सैम करन के खिलाफ लगातार 3 छक्के लगाए। करन ने ओवर की शुरुआती 2 गेंदें डाट करा दीं। डेविड ने तीसरी बाल पर लान्ग लेग, चौथी गेंद पर सामने और पांचवीं गेंद पर लान्ग आन की दिशा में छक्का लगा दिया। उन्होंने 8 गेंद पर 22 रन बनाए। बेंगलुरु के जोश हेजलवुड ने अपने पहले ही ओवर में 2 विकेट झटक लिए। उन्होंने दूसरे ओवर की दूसरी गेंद बाउंसर फेंकी।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में पाकिस्तान को शिकस्त

- **मार्क चैपमैन ने 132 और डेरिल मिचेल ने 76 रनों की पारी खेली**

**नेपियर, वार्ता।** मार्क चैपमैन (132) और डैरिल मिचेल (76) के बीच 199 रन की भागीदारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने शनिवार को यहां पाकिस्तान के खिलाफ पहले एक दिवसीय मैच में 73 रनों की बड़ी जीत दर्ज की।

मैकलीन पार्क में बल्लेबाजी करने उतरी मेजबान टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट पर 344 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में पाकिस्तान की टीम 44-1 ओवरों में 271 रनों पर आउट हो गई। न्यूजीलैंड की जीत में बल्लेबाजों का अहम योगदान रहा। शुरुआती तीन विकेट मात्र 50 रन पर गिरने के बाद मेजबान टीम के दवाब में आने की संभावना दिखने लगी थी मगर चैपमैन और मिचेल ने आक्रामक रवैया अख्तियार किया और पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ते हुए मैदान के चारों ओर कई आकर्षक शाट खेले। पारी के 42वें ओवर में इरफान खान की गेंद पर आउट होने से पहले मिचेल चार चौके और इतने ही छक्के लगा चुके थे। दूसरे छोर पर चैपमैन ने पाकिस्तानी गेंदबाजों पर कोई रहम नहीं बरता हालांकि वह भी जल्दी आउट होकर पवेलियन लौट गए। चैपमैन ने अपनी शतकीय पारी में 111 गेंद खेलकर 13 चौके और छह छक्के लगाये। जवाब में बाबर आजम (83 गेंदों पर 78 रन) की शानदार पारी और उस्मान खान (39), अब्दुल्ला शफीक (36), सलमान आगा (58) की बल्लेबाजी के बावजूद पाकिस्तान कीवी टीम के विशालकाय लक्ष्य को पाने में असफल रही।

## मियामी ओपन के फाइनल में नोवाक, 100वें खिताब के करीब

- **मैं टेनिस के उस बेहद जरूरी स्तर को खोजने की कोशि कर रहा हूं जो मुझे बड़ी ट्रॉफी दिलाएगा: जोकोविच**

**फ्लोरिडा, वार्ता।** नोवाक जोकोविच ने ग्रिगोर दिमित्रेव को हराकर 2016 के बाद पहली बार मियामी ओपन के फाइनल में प्रवेश कर लिया है और इसके साथ ही वह अपने 100वें एटीपी खिताब से मात्र एक कदम दूर रह गए हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी 37 वर्षीय जोकोविच ने पहला सेट जीतने के लिए लगातार पांच गेम जीते। दिमित्रेव ने दूसरे सेट में खराब शुरुआत की और 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने इसका फायदा उठाते हुए 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की। जोकोविच ने कहा कि पेरिस ओलंपिक में अपना 99वां खिताब जीतने के बाद मैं स्पेशल 100 खिताब जीतने की संभावना के साथ खेल रहा हूं। मैं टेनिस के उस बेहद जरूरी स्तर को खोजने की कोशिश कर रहा हूं जो मुझे एक बड़ी ट्रॉफी के लिए लड़ने की स्थिति में लाएगा। मैं टूर्नामेंट के लिए जिस तरह से तैयार हुआ हूं और जिस तरह से खेल रहा हूं, उससे मैं बहुत खुश हूं। मैंने एक भी सेट नहीं गंवाया है। उन्होंने कहा कि यह एक शानदार अवसर है। देखते हैं कि दो दिनों में क्या होता है। 14वीं वरीयता प्राप्त 33 वर्षीय दिमित्रेव के लिए हवा की स्थिति खेल की शुरुआत अच्छी रही, जिन्होंने जोको. विच की सर्विस पर पहला गेम जीता, लेकिन इसका फायदा नहीं उठा पाए । इस बीच दिमित्रेव को परेशान करने के लिए कुछ कहने पर एक प्रशंसक को बाहर निकाल दिया गया, जिसके बाद बुल्गारियाई खिलाड़ी ने दूसरे सेट की धीमी शुरुआत की। पिछले साल के परा. जित फाइनलिस्ट दिमित्रेव ने अपने तीन सर्विस गेम जीते, लेकिन जोकोविच बहुत अच्छे थे।

## तमीम ने शुभचिंतकों के प्रति व्यक्त किया आभार

- **आप सभी की दुआओं की बदौलत मैं अब घर पर हूं: तमीम**



**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल ने उन शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया है जिन्होने बीमारी के मुश्किल समय में उनकी सला. मती की दुआ की। तमीम को सोमवार को दिल का दौरा पड़ा था जिसके बाद एंजियोप्लास्टी के लिए उन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उन्होने फेसबुक पर शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया। जनवरी 2025 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बावजूद तमीम घरेलू क्रिकेट खेलना जारी रखे हुए हैं। वह ढाका प्रीमियर डिवीजन क्रिकेट लीग के मैच में शिनेपुकुर क्रिकेट क्लब के खिलाफ मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब की अगुआई कर रहे थे, जब टॉस के तुरंत बाद उन्हें बेचैनी महसूस हुई। शुरुआती उपचार के लिए उन्हें स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी हालत बिगड़ गई और सोमवार को उन्हें एंजियोप्लास्टी सर्जरी के लिए ले जाया गया। तमीम को घटना के चार दिन बाद शुक्रवार को छुट्टी दे दी गई और उन्होंने मुश्किल समय में उनके साथ खड़े रहने वाले सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया। अपने फेसबुक पेज पर बांग्ला में पोस्ट किए गए संदेश में तमीम ने कहा कि आप सभी की दुआओं की बदौलत मैं अब घर पर हूं। इन चार दिनों में मैंने अपने आस-पास के माहौल को समझा है और एक नई जिंदगी पाई है। इस अहसास में सिर्फ़ प्यार और कृतज्ञता है। मुझे अपने पूरे करियर में आपका प्यार मिला है। लेकिन अब मैंने इसे और भी ज़्डादा तीव्रता से महसूस किया है। मैं वाकई अभिभूत हूँ। उन्होंने चिकित्सा पेशेवरों, अस्पतालों, सहयोगी कर्मचारियों और उन व्यक्तियों के प्रति भी अपना हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## ओलंपियन अंकिता ध्यानी ने जीता 3000 मीटर स्टीपलचेज का खिताब

**कैलिफोर्निया, वार्ता।** ओलंपियन अंकिता ध्यानी ने शनिवार को अमेरिका के कैलिफोर्निया में आयोजित मैंग्रम आमंत्रण 2025 एथलेटिक्स मीट में महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज का खिताब जीता। इस इवेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए, अंकिता ने 9:44-05 सेकंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकाला, जो आगामी एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के लिए भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के 9:48:48 के क्वालीफाइंग मार्क को आसानी से पार कर गया। पेरिस 2024 ओलंपिक में महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में भाग लेने वाली अं. कता ने 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में भाग लिया है। 26 वर्षीय धावक ने राष्ट्रीय खेलों 2025 में दर्ज अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ 9:53:63 सेकंड से लगभग नौ सेकंड कम समय लिया। हालांकि, कोरिया गणराज्य के गुमी में इस साल होने वाली एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय टीम के लिए उनका चयन एएफआई के विवेक पर निर्भर है। मैंग्रम आमंत्रण में सोफी मैकमैनस ने 10:50:93 सेकंड के समय के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि हन्ना चाउ 10:58:98 सेकंड में तीसरे स्थान पर रहीं। अंकिता की 3000 मीटर स्टीपलचेज़ में यह तीसरी प्रतिस्पर्धी उपस्थिति थी। उन्होंने पटना में इंडियन ओपन यू 23 एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2024 में इस स्पर्धा में अपनी शुरुआत की थी, जहाँ वह विजयी हुई थीं। पारुल चौधरी ने बुडापेस्ट में 2023 में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 9:15:31 सेकंड के समय के साथ महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया है।

### मनीषा ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

**अम्मान, वार्ता।** भारत की मनीषा भानवाला ने शनिवार को यहां एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं के 62 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि अंतिम पंघाल ने 53 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। मनीषा ने रोमांचक फाइनल में डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया की ओक जे किम को 8-7 से हराकर 2021 के बाद महाद्वीपीय चैंपियनशिप में भारत का पहला महिला फीस्टाइल कुश्ती स्वर्ण पदक हासिल किया। मनीषा ने अपने अभियान की शुरुआत तकनीकी श्रेष्ठता के जरिए कजाकिस्तान की टाइनिस दुबेक पर शानदार जीत के साथ की। इसके बाद उन्होंने क्वार्टर फाइनल में कोरिया गणराज्य की हनबिट ली को हराया और सेमीफाइनल में गत चैंपियन किर्गिस्तान की कलमीरा बिलिमबेक काजी को 5-1 से हराया।

## गुजरात ने मुंबई को 197 का लक्ष्य दिया

- **रोहित ने लगातार दो चौके मारे, सिराज ने अगली बॉल पर बोल्ड किया**



**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात टाइटंस ने आईपीएल 2025 के 9वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस को जीत के लिए 197 रन का टारगेट दिया है। जवाबी पारी में मुंबई ने 8 रन पर पहला विकेट गंवा दिया हैं। रोहित शर्मा लगातार दो चौके मारकर आउट हुए। उन्हें मोहम्मद सिराज ने बोल्ड किया। 3 ओवर के बाद मुंबई का स्कोर 30/1 है। तिलक वर्मा और रियान रिकेल्टन क्रीज पर हैं।

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मुंबई ने टास जीतकर गेंदबाजी चुनी। गुजरात ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 196 रन बनाए। साई सुदर्शन ने 41 बाल पर 63 रनों की पारी खेली। उन्होंने 4 चौके और दो छक्के लगाए। साई के अलावा, जोस बटलर ने 39 और शुभमन गिल ने 38 रन बनाए। कप्तान हार्दिक पंडया ने 2 विकेट झटके। ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, मुजीब उर रहमान और एस राजू को एक-एक विकेट मिला। रोहित शर्मा की जगह बल्लेबाजी करने आए तिलक वर्मा ने दूसरा ओवर डाल रहे कगिसो रबाडा के ओवर में लगातार 3 बाउंड्री लगाई। इनमें दो चौके और एक छक्का शामिल रहा। 197 रन चेज कर रही मुंबई इंडियंस ने पहले ओवर में विकेट गंवाया। रोहित शर्मा ने पहला ओवर डाल रहे सिराज पर लगातार दो चौके लगाए। फिर अगली बाल पर सिराज ने रोहित को बोल्ड कर दिया। गुजरात टाइटंस ने ईशांत शर्मा को इम्पैक्ट प्लेयर बनाया है। वे शेरफेन रदरफोर्ट की जगह मैदान पर आए हैं। गुजरात की पारी के आखिरी ओवर से 10 रन आए और 2 विकेट भी गिरे। पारी की आखिरी बाल पर साई किशोर रनआउट हुए। जबकि चौथी बाल पर राशिद खान पवेलियन लौटे। इस तरह गुजरात ने 196 रन बनाए। गुजरात ने लगातार तीसरी बाल पर विकेट गंवाया।रदरफोर्ट, राहुल तेवतिया और साई सुदर्शन आउट हुए। 19वें ओवर की दूसरी बाल पर शरफेन रदरफोर्ड (18 रन) को दीपक चाहर ने मिचेल सैंटनर के हाथों कैच कराया। 19वें ओवर की पहली बाल पर राहुल तेवतिया (शून्य) रनआउट हुए। उन्हें हार्दिक पंडया ने डायरेक्ट थ्रो पर आउट किया। 18वें ओवर की आखिरी बाल पर साई सुदर्शन (63 रन) को ट्रेंट बोल्ट ने एलबीडब्ल्यू किया। 16वें ओवर में गुजरात ने तीसरा विकेट गंवाया।

# चीन को मित्र के रूप में देखना महत्वपूर्ण: मोहम्मद यूनुस

## चार दिवसीय चीन यात्रा खत्म होने के मौके पर बोले बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार

बीजिंग, वार्ता

**बांग्लादेश** की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने शनिवार को अपनी चार दिवसीय चीन यात्रा खत्म होने के मौके पर कहा कि उनके देश के लिए चीन को एक अच्छे मित्र के रूप में देखना 'महत्वपूर्ण' है और उन्हें उम्मीद है कि ढाका और बीजिंग के बीच संबंध एक नए चरण में प्रगति करेंगे। मोहम्मद यूनुस ने आगे कहा कि कि हमारा रिश्ता वर्षों से बहुत मजबूत रहा है।

हमारा व्यापारिक सहयोग अच्छा है और हम चीन के साथ साझेदारी से लाभान्वित हो रहे हैं। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात के दौरान मोहम्मद यूनुस ने बांग्लादेश की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए चीन से अधिक निवेश की मांग की। उन्होंने कहा कि चीन बांग्लादेश के लिए एक संतुलनकारी शक्ति के रूप में काम कर सकता है। मोहम्मद यूनुस और शी जिनपिंग की मुलाकात के बाद दोनों देशों ने नौ समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जिसमें आर्थिक और तकनीकी सहयोग, संस्कृति और साहित्य के क्षेत्र में साझेदारी, जल संसाधन प्रबंधन और बाढ़ नियंत्रण में सहयोग शामिल है। इसके अलावा, तीस्ता नदी प्रबंधन परियोजना में चीनी कंपनियों के शामिल होने का भी स्वागत किया गया। बता दें कि, पहले की शेख हसीना सरकार इस परियोजना को भारत के सहयोग से पूरा करना चाहती थी, लेकिन अब चीन इसमें भूमिका निभाने को तैयार है। मौजूदा समय में एक हजार से अधिक चीनी कंपनियां बांग्लादेश में काम कर रही हैं। चीन से बांग्लादेश का आयात लगातार बढ़ रहा है। बांग्लादेश के कई मरीज इलाज के लिए भारत जाते हैं, लेकिन अब चीन इस क्षेत्र में सहयोग बढ़ाना चाहता है। वहीं चटगांव से चीन के कुनमिंग शहर के लिए सीधी उड़ानें शुरू करने की योजना बनाई जा रही है, ताकि बांग्लादेशी मरीज चीन में इलाज करा सकें। रही मोहम्मद यूनुस अब थाईलैंड में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने जा रहे हैं। उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने की इच्छा जताई है, लेकिन अभी भारत की ओर से इस पर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।



चीन बांग्लादेश के लिए एक संतुलनकारी शक्ति के रूप में काम कर सकता है: मोहम्मद यूनुस

## नेपाल में हिंसक प्रदर्शन, दो की मौत

**काठमांडू।** नेपाल में राजशाही की मांग को लेकर हुए हिंसक प्रदर्शन में दो लोगों की मौत हो गई। हिंसा को बढ़ावा देने, प्राइवेट प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचाने और आगजनी करने के आरोप में पुलिस ने 105 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के उपाध्यक्ष रबिंद्र मिश्र, जनरल सेक्रेटरी धवल शमशेर राणा शामिल हैं। इसके अलावा स्वागत नेपाल, शेफर्ड लिंबू और संतोष तमांग जैसे राजशाही का समर्थन करने वाले कार्यकर्ता समेत 17 अन्य नेता भी शामिल हैं। गृह मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, प्रदर्शन के प्रमुख आयोजक नवराज सुबेदी को हाउस अरेस्ट में रखा गया है। वहीं, इस प्रदर्शन के चीफ कमांडर दुर्गा परसाई की तलाश की जा रही है। 40 से ज्यादा नेपाली संगठनों के प्रदर्शनकारियों ने काठमांडू के तिनकुने में एक इमारत में तोड़फोड़ करने के बाद उसे आग के हवाले कर दिया था।




म्यांमार। भूकंप प्रभावित लोगों के लिए रवाना होने से पहले राहत सामग्री के साथ गाजियाबाद के हिंडन हवाई अड्डे पर एनडीआरएफ के जवान।

## अफगानिस्तान ने ईद-उल-फितर पर दो हजार से ज्यादा कैदियों को रिहा किया

**काबुल।** अफ़गान अधिकारियों ने मुसलमानों के लिए सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक ईद-उल-फितर की पूर्व संध्या पर 2,463 कैदियों को रिहा किया है। स्थानीय मीडिया 'टोलो न्यूज़' ने शनिवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया कि अंतरिम सरकार के सर्वोच्च नेता मावलवी हिबतुल्लाह अखुंदज़ादा के आदेश के आधार पर कैदियों को रिहा किया गया और जिन कैदियों में अपेक्षाकृत हल्के मामले थे, उन्हें अफ़गानिस्तान के 34 प्रांतों की जेलों से रिहा किया गया। अफ़गानिस्तान रमजान के 29वें दिन अर्धचंद्र के दिखने के आधार पर सुप्रीम कोर्ट की घोषणा के बाद ईद-उल-फितर मनाएगा।

# डोनाल्ड ट्रम्प को कोर्ट से फिर बड़ा झटका

## सरकारी सहायता प्राप्त मीडिया समूह वॉइस ऑफ अमेरिका से कर्मचारियों को निकालने के आदेश पर न्यायालय ने लगाई रोक



कोर्ट ने राष्ट्रपति ट्रम्प के फैसले को मनमाना और मनमौजी निर्णय लेने का मामला कहा

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को एक बार फिर कोर्ट ने झटका दिया है। संघीय न्यायालय ने देश के सरकारी सहायता प्राप्त मीडिया समूह- वॉइस ऑफ अमेरिका को सरकारी आर्थिक मदद और कर्मचारियों को निकालने के आदेश पर रोक लगा दी है।

कोर्ट ने कहा कि वॉइस ऑफ अमेरिका को चुप नहीं कराया जा सकता। कोर्ट ने राष्ट्रपति ट्रम्प के फैसले को मनमाना और मनमौजी निर्णय लेने का मामला कहा। न्यायाधीश जेम्स पॉल ओटकेन ने वॉइस ऑफ अमेरिका को चलाने वाली यूएस एजेंसी फॉर ग्लोबल मीडिया को 1200 से अधिक पत्रकारों, इंजीनियरों और अन्य कर्मचारियों को नौकरी से निकालने से रोक दिया। ओटकेन ने एक अस्थाई प्रतिबंध आदेश जारी करके एजेंसी को कर्मचारियों या कांट्रैक्टरों को नौकरी से निकालने, कर्मचारियों की संख्या कम करने, छुट्टी पर भेजने और किसी भी कार्यालय को बंद करने या विदेशी कर्मचारियों को अमेरिका लौटने के लिए मजबूर करने से रोक दिया है। इसके अलावा एजेंसी फॉर ग्लोबल मीडिया को रेडियो फ्री यूरोप/रेडियो लिबर्टी, रेडियो फ्री एशिया और रेडियो फ्री अफगानिस्तान सहित अपने अन्य प्रसारण आउटलेट के लिए दिए जाने वाले फंड को समाप्त करने से रोका गया है। एजेंसी ने गुरुवार को कहा कि वह न्यायाधीश के आदेश के बाद रेडियो फ्री यूरोप की फंडिंग बहाल कर रही है।

जज ओटकेन ने ट्रम्प प्रशासन को एक ऐसी एजेंसी को नुकसान पहुंचाने के लिए दोषी ठहराया, जिसे कांग्रेस द्वारा वैधानिक रूप से अधिकृत और वित्त पोषित किया गया है। न्यायाधीश ने एजेंसी के नेतृत्व की आलोचना करते हुए कि उन्होंने अमेरिकी सरकार के वैश्विक, सॉफ्ट-पावर मेगाफोन पर प्रभावों पर विचार किए बिना रातोंरात हाथ खींच लिए। जज ने वॉइस ऑफ अमेरिका के पत्रकारों, श्रमिक संघों और गैर-लाभकारी पत्रकारिता वकालत समूह रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स के गठबंधन के बाद पिछले हफ्ते ट्रम्प प्रशासन पर कटौती को रोकने के लिए दायर मुकदमे पर सुनवाई की। संघीय अदालत में दर्ज किए गए मुकदमे में कहा गया है कि वॉइस ऑफ अमेरिका के कर्मचारियों को 15 मार्च को अपने लाइव प्रसारण समाप्त करने और फिर इमारत खाली करने के लिए कहा गया। इसके तुरंत बाद उन्होंने ईमेल सहित एजेंसी के कंप्यूटर सिस्टम तक पहुंच खो दी। वॉइस ऑफ अमेरिका की समाचार वेबसाइट को तब से अपडेट नहीं किया गया है। पूर्व टीवी समाचार एंकर और राजनीतिक उम्मीदवार लेक ने कहा कि वह यह निर्धारित कर रही हैं कि न्यूनतम स्टाफिंग स्तरों पर कुछ आउटलेट्स को संचालित करने के लिए कितने लोगों की आवश्यकता है? उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को काम पर वापस लाया गया है और क्यूबा में रेडियो मार्टी सेवा शुरू कर दी गई है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि ये एजेंसियां हमारे अमेरिकी मूल्यों के अनुरूप हों। हम अमेरिका की कहानी बता रहे हैं। हम अपने विरोधियों की कहानियां नहीं बता रहे हैं। हम अमेरिका विरोधी कचरा नहीं फैलाएंगे।

### कनाडा और अमेरिका ने दोनों देशों के आपसी संबंधों पर की चर्चा

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से आयात-निर्यात पर लगाए गए शुल्क को लेकर दोनों देशों के आपसी संबंधों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक सूचना विज्ञप्ति के अनुसार, कनाडा के प्रधानमंत्री और अमेरिकी राष्ट्रपति ने कनाडा के आम चुनाव, जो 28 अप्रैल को निर्धारित है, के बाद नए आर्थिक और सुरक्षा संबंधों पर व्यापक वार्ता शुरू करने पर सहमति व्यक्त की है। कार्नी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को बताया कि कनाडा की सरकार दो अप्रैल को अमेरिका की ओर से व्यापार संबंधी अतिरिक्त कदमों की घोषणा के बाद कनाडा के श्रमिकों और अर्थव्यवस्था की रक्षा के लिए प्रतिशोधी शुल्क लागू करेगी।

# इजरायल ने बेरूत उपनगर को बनाया निशाना

बेरूत/पेरिस, वार्ता

- युद्ध विराम के बाद पहली बार दक्षिणी उपनगरों में इमारत पर बोला हमला
- मैक्रों ने की लेबनान को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हमलों की निंदा

**इज़रायली** हवाई हमलों ने बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में एक इमारत को निशाना बनाया। पिछले नवम्बर में युद्ध विराम पर सहमति बनने के बाद से यह पहला ऐसा हमला था। हवाई हमलों के तुरंत बाद इज़रायल रक्षा बलों ने कहा कि उन्होंने लेबनान की राजधानी के पास हिजबुल्लाह से 'संबंधित ड्रोन भंडारण सुविधा' को निशाना बनाया था। हवाई हमलों से पहले आईडीएफ ने सोशल मीडिया पर निकासी अलर्ट जारी किया, जिसमें लेबनानी नागरिकों को साइट के आस-पास के 300 मीटर के क्षेत्र को छोड़ने की सलाह दी गई।

आईडीएफ के अरबी भाषा के प्रवक्ता अविचे अद्राई ने स्थान को चिह्नित करने वाला एक नक्शा साझा किया और निवासियों से तुरंत खाली करने का आग्रह किया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जब परिवार अपने घरों से भाग रहे थे, तो वहां अफरा-तफरी का माहौल था, कुछ लोग जल्दबाजी में स्कूल खाली कर रहे थे। आगे भी हमले की आशंका के चलते बच्चे पजामा पहनकर निकलते देखे गए। लेबनान के शिक्षा मंत्रालय ने लक्षित क्षेत्र के पास सभी सरकारी और निजी स्कूलों, माध्यमिक संस्थानों, व्यावसायिक केंद्रों और राफिक हरीरी विश्वविद्यालय परिसर को बंद करने का भी आदेश दिया। वहीं फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर इजरायल के हवाई हमलों को 'अस्वीकार्य' और संघर्षविराम का उल्लंघन बताया। मैक्रों ने पेरिस में लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन के साथ एक संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि ये हमले एकतरफा कार्रवाई हैं जो पूर्व प्रतिबद्धता को तोड़ते हैं। वह शुक्रवार की बमबारी से टूटे हुए चार महीने के संघर्ष विराम का जिक्र कर रहे थे। यह संघर्षविराम लागू होने के बाद से बेरूत पर इजरायल का पहला आक्रमण था। वहीं, इजरायली सेना ने कहा कि यह हमला लेबनान से इजरायल की ओर रॉकेट हमलों के जवाब में था, जो सीमा पर तनाव बढ़ने का संकेत है।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तानी जेलों से 223 अफगान कैदियों को रिहा किया

**काबुल।** पाकिस्तान में कैद कुल 223 अफगान कैदियों को रिहा कर दिया गया है और वे अपने वतन वापस लौट आए हैं। अफगानिस्तान के शरणार्थी और प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के अनुसार, बंदी पिछले दो दिनों में पूर्वी नंगरहार में तोरखम सीमा पार बिंदु और दक्षिणी कंधार प्रांत में स्पिन बोल्डक क्रॉसिंग बिंदु के माध्यम से अफगानिस्तान लौट आए हैं। पाकिस्तान ने पिछले साल जेल में बंद हजारों अफगानिस्तानियों को रिहा किया है और उन्हें स्वदेश भेजा है। गौरतलब है कि कथित तौर पर 20 लाख से अधिक अफगानिस्तानी पाकिस्तान में रह रहे हैं। पाकिस्तानी अधिकारियों ने उन सभी अफगानिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने के लिए कहा है, जिनके पास कानूनी यात्रा दस्तावेज और निवासी परमिट नहीं हैं।

### इराक में हवाई हमले में दो आईएस आतंकवादी मारे गए

**बगदाद।** पश्चिमी इराकी प्रांत अनबर में हवाई हमले में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के दो आतंकवादी मारे गए। इराकी सेना ने यह जानकारी दी। इराकी संयुक्त अभियान कमान से संबद्ध मीडिया आउटलेट सुरक्षा मीडिया सेल के एक बयान के अनुसार खुफिया रिपोर्टों पर कार्रवाई करते हुए इराकी बलों ने अनबर प्रांत के एक रेगिस्तानी इलाके में आईएस के ठिकाने को निशाना बनाकर हवाई हमला किया। बयान में कहा गया है कि शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, हवाई हमले में दो आईएस आतंकवादी मारे गए, साथ ही हथियार, गोला-बारूद, उपकरण और रसद आपूर्ति नष्ट हो गई। जबकि इराक ने 2017 में आईएस पर जीत की घोषणा की।

# अमेरिका ने यमन पर किए 26 नए हवाई हमले

**सना/तेहरान।** अमेरिकी सेना ने यमन की राजधानी सना और अन्य प्रांतों पर 26 नए हवाई हमले किए, जिसमें कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी ने यह जानकारी दी। अल-मसीरा टीवी ने बताया कि दक्षिणी सना में अल-सवाद क्षेत्र पर आठ हवाई हमले किए गए और 18 हवाई हमलों में सादा और अल-जौफ प्रांतों के कई हिस्सों को निशाना बनाया गया। अमेरिकी पक्ष ने अभी तक इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

इससे पहले दिन में अल-मसीरा टीवी ने बताया कि अमेरिकी सेना ने भोर से पहले यमन पर 40 से अधिक हवाई हमले किए, जिसमें सना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, कमांड कैंप, सरीफ क्षेत्र और सनहान क्षेत्र में जरबन साइट के साथ-साथ उत्तरी प्रांतों में कई अन्य स्थानों को निशाना बनाया गया। इसमें कहा गया है कि एक व्यक्ति घायल हो गया। वहीं ईरान ने यमन पर अमेरिकी हवाई हमलों के जारी रहने और लेबनान की राजधानी बेरूत को निशाना बनाकर किए गए नये इजरायली हमलों की निंदा की है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बागई ने शुक्रवार रात को जारी बयानों में यमन पर अमेरिकी हवाई हमलों की निंदा करते हुए इसे 'अवैध और अनुचित' बताया। उन्होंने हमलों को आपराधिक कार्रवाई कहा, जो संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों और अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून और अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार कानून सहित अंतर्राष्ट्रीय कानून के मौलिक नियमों का 'घोर उल्लंघन' है। बागई ने एक अन्य बयान में कहा कि बेरूत में आवासीय क्षेत्रों पर इजरायली हवाई हमले इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष विराम समझौते का स्पष्ट उल्लंघन है। प्रवक्ता ने इजरायल की 'आपराधिक कार्रवाई' को लेबनान की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का घोर उल्लंघन बताते हुए इस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा संघर्ष विराम समझौते के इजरायल के लगातार उल्लंघन पर लगाम लगाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से तत्काल और प्रभावी कार्रवाई करने का आह्वान किया। इजरायली सेना ने हालांकि कहा कि बेरूत पर उसके हवाई हमलों में हिजबुल्लाह से संबंधित 'ड्रोन भंडारण सुविधा' को निशाना बनाया गया। गौरतलब है कि अमेरिकी सेना ने कल शाम यमन की राजधानी सना और अन्य प्रांतों पर हवाई हमले किए, जिनमें कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।



- राजधानी सना व अन्य प्रांतों पर साधा निशाना, एक की मौत, तीन घायल
- ईरान ने यमन पर अमेरिकी और लेबनान पर इजरायली हमलों की निंदा की

# एलन मस्क ने एक्सएआई को बेचा 'एक्स'

## कंपनी से 33 अरब डॉलर में ऑल-स्टॉक सौदा तय हुआ

**वाशिंग्टन।** अमेरिकी उद्योग पति एलन मस्क ने घोषणा की कि उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) को अपनी खुद की एआई कंपनी एक्सएआई को 33 अरब डॉलर के ऑल-स्टॉक सौदे में बेच दिया है।

दोनों कंपनियां निजी स्वामित्व वाली हैं, इसलिए उन्हें अपने वित्तीय विवरणों को सार्वजनिक करने की जरूरत नहीं है। मस्क ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अधिग्रहण एक्सएआई की उन्नत एआई क्षमताओं को एक्स की विशाल वैश्विक पहुंच के साथ मिलाकर अपार संभावनाओं को अनलॉक करेगा। इस सौदे में एक्सएआई का मूल्य 80 अरब डॉलर और एक्स का 33 अरब डॉलर है। मस्क, जो टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ भी हैं और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सलाहकार हैं, ने 2022 में ट्विटर के नाम से मशहूर इस प्लेटफॉर्म को 44 अरब डॉलर में खरीदा था। इसके बाद उन्होंने कर्मचारियों की संख्या में कमी की, अभद्र भाषा, गलत सूचना और उपयोगकर्ता सत्यापन पर नीतियों में बदलाव किया और प्लेटफॉर्म को एक्स के रूप में पुनः ब्रांड किया। एक्स को खरीदने के एक साल बाद मस्क ने एक्सएआई की स्थापना की, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में उनका अगला प्रमुख उद्यम था। उन्होंने एक्स पर लिखा एक्सएआई और एक्स का भविष्य आपस में जुड़ा हुआ है।

आज, हम आधिकारिक तौर पर डेटा, मॉडल, कंप्यूट, वितरण और प्रतिभा को मिलाने का कदम उठाते हैं। यह संयोजन एक्सएआई की उन्नत एआई क्षमता और विशेषज्ञता को एक्स की व्यापक पहुंच के साथ मिलाकर अपार संभावनाओं को अनलॉक करेगा। उन्होंने कहा कि संयुक्त कंपनी सत्य की खोज और ज्ञान को आगे बढ़ाने के हमारे मूल मिशन के प्रति सच्चे रहते हुए अरबों लोगों को अधिक स्मार्ट, अधिक सार्थक अनुभव प्रदान करेगी। एआई उद्योग में प्रमुखता सक्रिय मस्क खुद को एआई उद्योग में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित कर रहे हैं, एक ऐसा फोकस जिसने ट्रम्प प्रशासन और तकनीकी क्षेत्र दोनों से महत्वपूर्ण ध्यान आकर्षित किया है।



# म्यांमार भूकंप से पड़ोसी चीनी प्रांत में 1700 लोग प्रभावित



**बीजिंग/कोलंबो।** म्यांमार में आए 7.7 तीव्रता के भूकंप से दक्षिण-पश्चिमी चीनी प्रांत युन्नान में 1,700 से ज़्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। सरकारी चीनी टेलीविजन चैनल सीसीटीवी ने यह जानकारी दी। भूकंप से सीमावर्ती जिले रुइली में 458 घर प्रभावित हुए, कुल 1,705 लोग प्रभावित हुए।

दो लोग घायल हुए। कई ऊंची इमारतें और पुराने घर क्षतिग्रस्त हो गए। पानी और बिजली की आपूर्ति, सार्वजनिक परिवहन और दूरसंचार सेवाएँ बाधित हुईं। भूकंप का असर म्यांमार के पड़ोसी पांच देशों में भी महसूस किया गया। म्यांमार के प्रधानमंत्री मिन आंग लाइंग ने कहा कि इस आपदा में कम से कम 144 लोगों की मौत हो गई। आपातकालीन स्थिति के रूसी मंत्रालय ने आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रयास में म्यांमार की सहायता के लिए बचाव दल को ले जाने वाले दो विमान भेजे। वहीं श्रीलंका के विदेश मंत्रालय, विदेशी रोजगार और पर्यटन ने एक बयान में कहा कि वह म्यांमार और थाईलैंड में आए भूकंप से प्रभावित लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। मंत्रालय ने उन लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है और जो लोग घायल हुए हैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मंत्रालय ने थाईलैंड और म्यांमार में श्रीलंकाई लोगों से सतर्क रहने और यांगून और बैंकॉक में श्रीलंकाई दूतावासों से संपर्क करने का अनुरोध किया। इससे पहले, बैंकॉक में श्रीलंकाई दूतावास ने कहा कि अभी तक थाईलैंड में श्रीलंकाई नागरिकों के भूकंप से प्रभावित होने की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है, जिसके कारण बैंकॉक और अन्य देशों में झटके महसूस किए गए।

भूकंप के बाद श्रीलंका ने म्यांमार, थाईलैंड के प्रति संवेदना व्यक्त की

## पाक में चेकपोस्ट पर आतंकवादी हमला विफल तीन आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी प्रांत पंजाब के डेरा गाजी खान जिले में पुलिस ने एक चेकपोस्ट पर आतंकवादी हमले को विफल कर दिया है और तीन हमलावरों को मार गिराया है। पंजाब पुलिस के एक प्रवक्ता ने शनिवार को एक बयान में कहा कि 20 से 25 आतंकवादियों ने शुक्रवार रात उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा की सीमा से लगे जिले में लखानी चेकपोस्ट पर हमला किया, जिसमें मोर्टार, रॉकेट लांचर, स्नाइपर राइफल और अन्य भारी हथियारों का इस्तेमाल किया गया। प्रवक्ता ने कहा कि हमले की तीव्रता के बावजूद, पुलिस बलों, एलीट फोर्स और स्पेशल ऑपरेशन यूनिट ने जमकर मुकाबला किया, जिससे हमलावरों को पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा।

# गिनी के पूर्व तानाशाह कैमारा को मिला क्षमादान

**2009 में सेना द्वारा किए गए स्टेडियम नरसंहार के लिए 20 साल की काट रहे थे सजा**

**डकार (सेनेगल)।** गिनी के सत्तारूढ़ जुंटा ने पूर्व तानाशाह मूसा श्दादिसश कैमारा को माफ कर दिया है। वे 2009 में सेना द्वारा किए गए स्टेडियम नरसंहार के लिए 20 साल की सजा काट रहे थे। इस नरसंहार में कम से कम 157 लोगों की मौत हुई थी और दर्जनों महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया गया था।

इस अपराध के लिए दोषी पाए जाने पर जुलाई 2024 में कैमारा को सजा सुनाई गई थी। एक बयान के अनुसार, तख्तापलट करने के एक साल बाद जब प्रदर्शनकारी स्टेडियम में राष्ट्रपति पद के लिए कैमारा की योजना का विरोध कर रहे थे, तब सैनिकों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं। उस समय जुंटा ने कहा था कि सेना के 'अनियंत्रित' तत्वों ने दुष्कर्म और हत्याओं को अंजाम दिया। हालांकि, ह्यूमन राइट्स वॉच की रिपोर्ट में कहा गया है कि जब स्टेडियम में प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाई गईं, तब कैमारा के करीबी सहयोगी वहां मौजूद थे और उन्होंने इस नरसंहार को रोकने के लिए कुछ नहीं किया। गवाहों के अनुसार, नरसंहार के दौरान कई पीड़ितों को गोली मार दी गई। कुछ को चाकू घोंपकर मारा गया। इस दौरान कुछ महिलाएं छिप गईं, लेकिन उन्हें वहां से घसीटकर बाहर निकाला गया और सेना ने कई दिनों तक उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

# अनन्या से तुलना करने पर बिफरी पलक तिवारी



**मुंबई।** श्वेता तिवारी की बेटी और एक्ट्रेस पलक तिवारी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इसी बीच उनका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वे पैपराजी से इरिटेट होती हुई नजर आ रही हैं। दरअसल, पलक तिवारी मुंबई एयरपोर्ट पर पहुंची थीं, तभी पैपराजी ने उनसे यह सवाल पूछा, श्आपको पलक कहें या अनन्या पांडे, हालांकि, पलक ने इस सवाल को नजरअंदाज करते हुए कोई रिएक्शन नहीं दिया। इसके बाद, पलक के एक्सप्रेशन को देखकर एक पैपराजी ने उनसे पूछा कि क्या आप नाराज हैं, इस पर पलक ने जवाब दिया कि आप लोग हमेशा ऐसे क्यों बोलते हो, फिर पैपराजी ने उनकी अपकमिंग फिल्म 'भूतनी' के बारे में पूछा, जिसका ट्रेलर आने वाला है। इस पर पलक हंसते हुए सिर हिलाती हैं और वहां से चली जाती हैं। साल 2023 में सलमान स्टारर श्किसी का भाई किसी की जानश से पलक तिवारी ने डेब्यू किया था। फिल्म में पूजा हेगड़े, वेंकटेश, भूमिका चावला, जगपति बाबू, विजेंदर सिंह, राघव जुयाल, जस्सी गिल, सिद्धार्थ निगम, शहनाज गिल, पलक तिवारी, विनाली भटनागर और सतीश कौशिक भी नजर आए थे। वहीं, अब जल्द पलक फिल्म 'भूतनी' में दिखाई देंगी, जिसमें संजय दत्त, मौनी राय, सनी सिंह, आसिफ खान और बेयानिक भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म 18 अप्रैल, 2025 को रिलीज होने वाली है। ट्रेलर 30 को सिनेमाघरों में सलमान खान की सिकंदर के साथ जोड़ा जाएगा।

# मां की इजाजत बगैर एक रुपया भी खर्च नहीं करतीं सारा अली खान



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान ने कहा कि वह अपनी मां की इज्जत के बिना एक रुपया भी खर्च नहीं कर सकतीं।

उन्होंने यह भी कहा कि उनका गूगल पे अकाउंट उनकी मां के अकाउंट से लिंडीएम है और ओटीपी भी उनके पास आते हैं। सारा अली खान ने कहा कि मैंने सीखा है कि छोटी-छोटी चीजों को आपको अलग-अलग जगहों पर निवेश करना चाहिए। मेरी मां मेरा फाइनेंशियल अकाउंट हैंडल करती हैं। मेरा गूगल पे अकाउंट भी उनके साथ लिंडीएम है और ओटीपी उनके पास आते हैं। मैं बिना उनसे ओटीपी लिए टिकट बुक नहीं कर सकती। इसी वजह से उन्हें हमेशा पता होता है कि मैं कहां हूं। सारा ने आगे कहा कि मैं जानती हूं और ध्यान रखती हूं कि मैं अपना पैसा कहां खर्च करती हूं। मुझे पैसे का बेवजह खर्च करना पसंद नहीं है, लेकिन हां, मुझे लगता है कि थोड़ी बहुत शापिंग या सेलिब्रेशन में कोई हर्ज नहीं है, अगर आप चाहें तो। हालांकि, मुझे यात्रा करना बहुत पसंद है, तो मैं यात्रा के लिए अपने पैसे बचाती हूं। कपिल शर्मा के शो में सारा अली खान ने बताया था कि वह अपनी मां को महंगी चीजें खरीदने से रोकती हैं। जैसे कि एक बार उनकी मां 1600 रुपये का तौलीया खरीद लाई थीं, तो सारा ने उन्हें डांटते हुए कहा कि ऐसा खर्च करना ठीक नहीं है। वहीं, सारा अली खान की बात करें तो उन्होंने साल 2018 में फिल्म श्केदारनाथश से अपने करियर की शुरुआत की थी। सारा की श्स्काई फोर्स इसी साल रिलीज हुई थी, जिसे दर्शकों का अच्छा रिस्पांस मिला था।

## सलमान ने बताई पेरेंट्स की शादी की सबसे बड़ी रुकावट

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अदाकार सलमान खान इन दिनों फिल्म सिकंदर के प्रमोशन में बिजी हैं। इसी बीच सलमान ने अपने पिता सलीम खान और मां सलमा खान की शादी के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि उनके माता-पिता के रिश्ते में सबसे बड़ी समस्या उनका धर्म नहीं, बल्कि उनके पिता का प्रोफेशन था। खान ने कहा कि भले ही उनके माता और पिता अलग-अलग धर्मों से हों, लेकिन उनकी शादी में ए कोई खास मुद्दा नहीं था। असली समस्या ए थी कि उनके पिता सलीम खान फिल्म इंडस्ट्री में काम करते थे। सलमान ने बताया कि उनकी मां के परिवार को फिल्म इंडस्ट्री में उनके भविष्य को लेकर चिंता थी। उन्हें लगता था कि ये एक परमानेंट करियर नहीं है।

# आलिया भट्ट को पसंद नहीं, बदल गई हो कहना



**मुंबई।** आलिया भट्ट ने हाल ही में शेयर किया कि उन्हें यह पसंद नहीं है कि लोग उनसे बोले कि वह काफी बदल गई हैं। एक्ट्रेस का मानना है कि हमेशा एक ही व्यक्ति बने रहना काफी खराब और मुश्किल है। आलिया का कहना है कि जिंदगी में बदलाव होना अच्छा है।

आलिया भट्ट ने हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया के साथ बातचीत की। इस दौरान एक्ट्रेस से पूछा गया कि उन्हें कौन-सी बात सबसे ज्यादा नाप. संद है। सवाल का जवाब देते हुए आलिया ने कहा कि एक बात मुझे बिल्कुल पसंद नहीं है, वो है लोगों का मुझसे कहना, 'अरे, तुम बदल गई हो।' मेरे हिसाब से यह ठीक है, मुझे लगता है कि समय के साथ बदलना अच्छा है। 16 साल की उम्र में आप जो थे, वही बने रहना डरावना है।' आलिया भट्ट ने इस बातचीत के दौरान कहा कि ऐसी कई बात हैं, जो वह चाहती थी कि इंडस्ट्री में आने से पहले कोई उन्हें बताता।









































